CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C

मुजफ्फरनगर, रविवार 24 अगस्त 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 222 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 29 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



देश की प्रगति के लिए एक राष्ट्र, एक चुनाव जरूरी: चौहान पेज 2



भारत ने एयर राइफल में दो मिश्रित टीम स्वर्ण जीते खेल टाइम्स



सर्जियो भारत में अमेरिकी राजदूत बने पेज 11



पिता के खिलाफ जाकर एक्ट्रेस बनी वाणी कपूर बॉलीवुड

# उत्तराखंड में नहीं थम रहा आपदा की विभीषिका का दंश

## थराली आबादी क्षेत्र में टुनरी गदेरे ने मचाया गदर, एक की मौत, सीएम धामी कर रहे निगरानी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**चमोली /देहरादून।** उत्तराखंड में आपदा का दंश रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इस बार के मानसून में ही कुछ दिनों पहले धराली आपदा, फिर स्याना चट्टी की झील और अब थराली कस्बे में आपदा का दर्द सहना पड़ रहा है।

बीती रात तहसील थराली के अंतर्गत टुनरी गदेरे में पानी बढ़ने के कारण तहसील परिसर, चेपड़ो बाजार, कोटदीप बाजार और कुछ घरों में 1 से 2 फीट मलबा घुस गया और कुछ वाहन भी मलबे में दबे है। रा.उ.नि. थराली द्वारा बताया गया कि ग्राम संगवाड़ा में एक मकान में मलबा आने के कारण एक लड़की मलबे में दब गई थी जिसके शव को डीडीआरएफ थराली के जवानों के द्वारा रेस्क्यू किया गया। इसके अलावा अतिवृष्टि के कारण

**■ तेजी से चल रहे राहत कार्य, प्रशासन के साथ एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी व एसएसबी की टीमें जुटीं**

### थराली आपदा : सीएम धामी ने दु:ख जताया

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जनपद के थराली क्षेत्र में शुक्रवार देर रात बादल फटने के कारण मलबे में दबने से एक युवती के निधन पर गहरा दु:ख प्रकट करते हुए एक व्यक्ति के लापता होने की सूचना पर उनके सुरक्षित व सकुशल होने की कामना की है। इस बीच मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुलिस, आपदा प्रबंधन विभाग और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचकर बचाव और राहत कार्य में जुट गई हैं।

ग्राम चेपड़ो में एक व्यक्ति लापता है जिसकी खोजबीन प्रशासन द्वारा की जा रही है। जिला प्रशासन राहत व बचाव कार्य में जुटा है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी स्वयं मौके पर मौजूद रहकर राहत-बचाव कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पुलिस बल की टीमें राहत बचाव का कार्य कर रही हैं। शनिवार को मौके पर जिला प्रशासन, तहसील प्रशासन, पुलिस विभाग, डीडीआरएफ के सात जवान, एनडीआरएफ के 27 जवान, एसडीआरएफ के 12 जवान, एसएसबी ग्वालदम के 12 जवान, बीआरओ, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागीय अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है।

# मखाना किसानों की दुर्दशा के लिए सरकार दोषी: राहुल

पटना, वार्ता

**लोकसभा में** नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने सरकार पर हमला बोला और कहा कि दलित और पिछड़े किसानों, खासकर बिहार के मखाना उत्पादकों की दुर्दशा के लिए सरकार जिम्मेदार है।

श्री गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि वोट चोरी करने वाली सरकार अति पिछड़े, दलित मजदूरों और किसानों की न तो कद्र करती है और न ही उनकी परवाह करती है। वर्तमान सरकार बिहार की गरीब जनता को ना तो न्याय दे रही है और ना ही उनकी आय के साधन बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि वोट का अधिकार और आजीविका का अधिकार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और हमारा गठबंधन ध्यान रखेगा कि गरीब जनता इसे खो ना दे। श्री गांधी ने बिहार में चल रही वोटर अधिकार यात्रा के दौरान मखाना किसानों से उनके खेतों में मुलाकात की। और उनकी शिकायतें सुनीं।

**■ वोट चोरी करने वाली सरकार किसानों की कद्र नहीं करती**

### प्रियंका, अखिलेश, स्टालिन व सोरेन यात्रा में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** अध्यक्ष राहुल गांधी की वोट चोरी के खिलाफ बिहार में चल रही वोटर अधिकार यात्रा में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ ही इंडिया गठबंधन के अखिलेश यादव, एम के स्टालिन तथा हेमंत सोरेन जैसे प्रमुख नेता भी शामिल होंगे।

### यूरोपीय डाक सेवाओं ने भी अमेरिका को शिपिंग पर लगाई रोक

**एथेंस।** यूरोप की कई डाक सेवाओं ने शनिवार को यह घोषणा की कि वे अमेरिका को पार्सल भेजना अस्थायी रूप से बंद कर रही हैं। ऐसा उन्होंने अमेरिका की ओर से लागू किए जा रहे नए आयात शुल्कों (टैरिफ) को लेकर अस्पष्टता की वजह से किया है। जर्मनी, डेनमार्क, स्वीडन और इटली की डाक सेवाओं ने कहा है कि वे तुरंत प्रभाव से अमेरिका को ज्यादातर व्यापारिक सामान भेजना बंद कर रही हैं। फ्रांस और आस्ट्रिया सोमवार से और ब्रिटेन मंगलवार से यह कदम उठाएंगे। पिछले महीने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंम्प ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत अब उन विदेशी वस्तुओं पर भी टैरिफ लगेगा जो पहले 800 डॉलर से कम होने पर शुल्क से मुक्त थीं। हालांकि, पत्र, किताबें, उपहार और 100 डालर से कम के छोटे पार्सल पर यह नियम लागू नहीं होगा। अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच पिछले महीने हुए व्यापार समझौते में यह तय हुआ था कि यूरोपीय संघ से आने वाले अधिकांश उत्पादों पर 15 फीसदी टैरिफ लगाया जाएगा।

### पुलिस मुठभेड़ में एक लाख का इनामी बदमाश ढेर

**आजमगढ़।** उप्र एसटीएफ ने आजमगढ़ जिले के जहानागंज क्षेत्र में शनिवार तड़के एक सशस्त्र मुठभेड़ में एक लाख रुपये के इनामी बदमाश को मार गिराया। एसटीएफ वाराणसी इकाई को सूचना मिली थी कि लूट और हत्या के मामलों में वांछित एक लाख रुपये का इनामी अपराधी शंकर कनौजिया गिरोह के साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है निरीक्षक पुनीत परिहार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक आलोक सिंह, मुख्य आरक्षी अनिल चौरसिया, सुमित सिंह और राजेंद्र पांडेय की टीम ने जहानागंज थाना क्षेत्र में कार्रवाई शुरू की। शंकर कनौजिया ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाना शुरू कर दिया। जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से शंकर कनौजिया गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# भारत ने की अमेरिकी पोस्टल सर्विस सस्पेंड

## अब अमेरिका जाने वाले सभी सामानों पर लगेगी ड्यूटी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ट्रम्प के टैरिफ के जवाब में भारतीय डाक विभाग 25 अगस्त से अमेरिका के लिए सभी तरह के डाक सामानों की बुकिंग सस्पेंड करने जा रहा है। फिलहाल ये फैसला अस्थायी रूप से लागू होगा। शनिवार को डाक विभाग ने एक प्रेस नोट जारी कर इसकी जानकारी दी।

पोस्टल डिपार्टमेंट ने कहा कि 29 अगस्त से अमेरिका जाने वाले सभी अंतर्राष्ट्रीय डाक सामानों पर देश-विशेष इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर एक्ट (आईईईपीए) टैरिफ स्ट्रक्चर के अनुसार कस्टम ड्यूटी देनी होगी। चाहे उनकी कीमत कितनी भी हो। हालांकि, 100 डॉलर (करीब 8,700 रुपये) तक की कीमत वाले गिफ्ट आइटम्स को ड्यूटी से छूट मिलती रहेगी। ये फैसला अमेरिकी प्रशासन के 30 जुलाई को जारी किए गए कार्यकारी आदेश के बाद लिया गया है, जिसमें 800 डॉलर (करीब 70 हजार रुपये) तक की कीमत वाले सामान पर दी जाने वाली ड्यूटी-फ्री छूट को खत्म कर दिया गया है। डाक सेवाओं का बंद होना उस समय हो रहा है जब भारत और अमेरिका के बीच बिजनेस टेंशन बढ़ रही है। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। वहीं, रूस से तेल खरीदने की वजह से 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ पेनल्टी के रूप में लगाया है। इससे भारत पर टोटल अमेरिकी टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है।



**■ महज 100 डॉलर तक के गिफ्ट पर छूट मिलेगी**

### भारत-अमेरिका की कट्टी नहीं: जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि अभी भी भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड को लेकर बातचीत जारी है और उनके बीच कोई 'कट्टी (झगड़ा)' नहीं हुआ है। नई दिल्ली में आयोजित इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम 2025 में शनिवार को बोलते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत किसानों और छोटे उत्पादकों के हितों को ध्यान में रखकर फैसले ले रहा है। रूसी तेल खरीद पर उन्होंने कहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हित को देखते हुए ही फैसले लेगा।

### जयशंकर ने ट्रम्प को दिखाया आईना कहा: पाकिस्तान के मामले में कभी भी किसी की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम कराने का दावा कर रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने आईना दिखाया। विदेश मंत्री ने साफ तौर पर कहा कि हमने पाकिस्तान के मामले में कभी भी किसी की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की। पाकिस्तान के साथ मध्यस्थता को लेकर भारत का रुख हमेशा स्पष्ट रहा है और आगे भी रहेगा। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने कहा कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष के मुद्दे पर हमने 1970 से लेकर अब तक 50 साल में कभी भी किसी की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की। भारत में हमेशा से राष्ट्रीय सहमति रही है कि हम पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों में मध्यस्थता स्वीकार नहीं करते हैं। जब व्यापार की बात आती है, किसानों के हितों की बात आती है, जब हमारी रणनीतिक स्वायत्तता की बात आती है, जब मध्यस्थता के विरोध की बात आती है, तो सरकार बहुत स्पष्ट है।



# रिलायंस कम्युनिकेशंस पर 2000 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी का केस दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने कथित बैंक धोखाधड़ी के सिलसिले में शनिवार को रिलायंस कम्युनिकेशंस के खिलाफ मामला दर्ज किया और उसके परिसरों की तलाशी ली। इस धोखाधड़ी से भारतीय स्टेट बैंक को 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।

उन्होंने बताया कि एजेंसी आरकॉम और उसके प्रमोटर निदेशक अनिल अंबानी से जुड़े परिसरों की तलाशी ले रही है। सीबीआई ने यह कार्रवाई भारतीय स्टेट बैंक की शिकायत के आधार पर की है, जिसने 13 जून को इन संस्थाओं को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत किए जाने के बाद एजेंसी से संपर्क किया था। यह कार्रवाई आरबीआई के धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन पर मास्टर निर्देशों और बैंक के बोर्ड द्वारा अनुमोदित धोखाधड़ी के वर्गीकरण, रिपोर्टिंग और प्रबंधन नीति के अनुसार की गई थी। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पिछले महीने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा था कि 24 जून, 2025 को बैंक ने आरबीआई को धोखाधड़ी के वर्गीकरण की सूचना दी थी और अब वह सीबीआई में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया था कि आरकाम में एसबीआई के ऋण जोखिम में 26 अगस्त, 2016 से प्रभावी 2,227.64 करोड़ रुपये की निधि-आधारित मूल बकाया राशि (साथ ही अर्जित ब्याज और व्यय) और 786.52 करोड़ रुपये की गैर-निधि-आधारित बैंक गारंटी शामिल है। आरकॉम दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के तहत कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। समाधान योजना को लेनदारों की समिति की ओर से अनुमोदित किया गया था और 6 मार्च, 2020 को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी), मुंबई में दायर किया गया था।



**■ सीबीआई ने अनिल अंबानी से जुड़े परिसरों की तलाशी ली**

### भारतीय एयरस्पेस पाक के लिए 24 सितम्बर तक बंद

**नई दिल्ली।** भारत ने 24 सितम्बर तक पाकिस्तान के लिए अपना एयरस्पेस बंद रखने का फैसला किया है। भारत ने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद एयरस्पेस बंद करने का फैसला लिया था।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-औं-औं की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

# जापान-यूरोप भारतीय स्पेस मिशन को लेकर उत्साहित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** इसरो ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के मौके पर भारत मंडपम में कार्यक्रम का आयोजन किया। द्वितीय अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह और इसरो अध्यक्ष वी नारायणन ने भाग लिया। अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम में भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि मैं बहुत उत्साहित हूं कि हम क्या करने की योजना बना रहे हैं।

दो साल पहले हमारे पास यह उत्साह नहीं था। एक साल के अंदर हम यह उत्साह कायम करने में कामयाब रहे हैं। हमारे पास आगे बढ़ने के लिए कई बड़ी महत्वाकांक्षाएं हैं। जैसे गगनयान मिशन, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और चंद्रमा पर उतरना। इसके लिए यहां बैठे सभी बच्चों को उत्साहित होना चाहिए। हमें आपकी जरूरत है। उन्होंने कहा कि बड़ी और साहसिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हमें पूरे देश के संसाधनों की आवश्यकता है। यह उत्साह जो मैं यहां देख रहा हूं, वह इस हाल तक सीमित नहीं है। भारत के लिए यह उत्साह पूरी दुनिया में मौजूद है। जापानी और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसियां हमारे मिशन को लेकर बहुत अधिक उत्साहित हैं। जहां तक अंतरिक्ष अन्वेषण का सवाल है, यह हमारे देश के लिए स्वर्णिम काल है। इससे पहले कार्यक्रम में इसरो अध्यक्ष वी नारायणन ने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के लिए कुछ लोगों को धन्यवाद देना चाहिए।



**■ अंतरिक्ष दिवस पर भारत मंडपम में कार्यक्रम में बोले भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला**

### भारत अपना स्पेस स्टेशन भी बनाएगा: मोदी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में भारत मंडपम में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला के साथ गगनयान मिशन पर जाने वाले अन्य अंतरिक्षयात्री भी मौजूद रहे। साथ ही केंद्रीय विज्ञान और तकनीक मंत्री जितेंद्र सिंह और इसरो के चेयरमैन वी. नारायणन भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअली संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने देशवासियों को दूसरे राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार के अंतरिक्ष दिवस की थीम आर्यभट्ट से गगनयान तक है। इसमें अतीत का आत्मविश्वास भी है और भविष्य का संकल्प भी। आज हम देख रहे हैं कि इतने कम समय में ही राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस हमारे युवाओं के बीच उत्साह और आकर्षण का विषय बन गया है। यह देश के लिए गौरव की बात है।

**■ अंतरिक्ष क्षेत्र में एक के बाद एक नई उपलब्धि हासिल कर रहा भारत**

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव की गरिमा बनी रहे: विपक्ष के उपराष्ट्रपति कैंडिडेट

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव से पहल इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी ने शनिवार को कहा कि वे चाहते हैं कि इस चुनाव की गरिमा बनी रहे और ये अब तक के सभ्य चुनावों में से एक हो। कोई किसी पर पर्सनल अटैक न करे। विपक्ष उम्मीदवार ने कहा- राधाकृष्णन और मेरे बीच कोई निजी लड़ाई नहीं है। हम कभी एक-दूसरे से मिले भी नहीं हैं। इसलिए मैं चाहता हूं कि मुकाबला व्यक्तियों के बीच नहीं बल्कि दो अलग-अलग विचारधाराओं के बीच हो। यह चुनाव दो विचारधाराओं के बीच है। एनडीए उम्मीदवार राधाकृष्णन आरएसएस के सदस्य रहे हैं। मैं उनसे नहीं बल्कि उस विचारधारा से असहमत हूं, जिससे वे जुड़े हैं।

### देश की प्रगति को एक राष्ट्र, एक चुनाव जरूरी: चौहान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को यहां 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को देश की प्रगति के लिए जरूरी बताते हुए देशवासियों से इस अभियान के लिए लोगों में अलख जगाने की अपील की। राष्ट्रीय राजधानी के अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते चौहान ने कहा कि 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' को लेकर देशभर में अलग-अलग कार्यक्रम हो रहे हैं, लोग इस अभियान से जुड़ रहे हैं और देश में एक साथ चुनाव होना चाहिए इसके लिए लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। उन्होंने इसका समर्थन करते हुए इसे देश की प्रगति और विकास के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि बार-बार होने वाले चुनाव देश के संसाधनों, समय और ऊर्जा की बर्बादी के साथ ही इससे विकास कार्य बाधित होते हैं।

## उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के अधिवेशन में बोले सीएम योगी

# सुशासन के लिए सुगम व त्वरित न्याय जरूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सीएम ने संघ की स्मारिका का अनवारण भी किया

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुशासन का लक्ष्य तभी प्राप्त हो सकता है, जब हमारी न्यायिक व्यवस्था सुगम, त्वरित और सुलभ हो। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए विकसित उत्तर प्रदेश का निर्माण आवश्यक है और इसके लिए एक मजबूत और त्वरित न्यायिक व्यवस्था अनिवार्य है।

योगी शनिवार को उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के 42वें अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होने न्यायिक अधिकारियों को संबोधित करते हुए न्यायपालिका को सुशासन का रक्षक बताया और कहा कि इसके सुदृढ़ीकरण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर उन्होने संघ की स्मारिका का अनावरण भी किया। योगी ने न्यायिक सेवा संघ के लिए 50 करोड़ रुपए का कॉर्पस फंड देने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के 42वें अधिवेशन को 'न्यायिक अधिकारियों का महाकुंभ' बताते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल एकता और परस्पर सहयोग का प्रतीक है, बल्कि व्यावसायिक दक्षता और बेस्ट प्रैक्टिस को बढ़ावा देने का भी मंच है। उन्होंने इस अवसर पर सभी उपस्थित न्यायमूर्तियों, अवकाश प्राप्त न्यायमूर्तियों और प्रदेश भर से आए न्यायिक अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह अधिवेशन ऐसे समय में आयोजित हुआ, जब भारत अपने संविधान के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रवेश कर चुका है। सीएम ने कहा कि यह अधिवेशन न्यायिक अधिकारियों की एकता और उनकी पेशेवर दक्षता को प्रदर्शित करता है। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में देश का सबसे बड़ा उच्च न्यायालय मौजूद है। प्रयागराज में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ और लखनऊ में इसकी बेंच प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

### चंद्रयान-3 मिशन भारत के असीम सामर्थ्य का प्रतीक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चंद्रयान-3 अभियान को याद करते हुए देश के वैज्ञानिकों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह मिशन 'नए भारत' के असीम सामर्थ्य का प्रतीक है। दरअसल आज ही के दिन चंद्रयान 3 की सफलता पूर्वक लैंडिंग हुई थी। योगी ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि आज ही के दिन वर्ष 2023 में हमारे महान वैज्ञानिकों ने भारत के गौरव 'चंद्रयान-3' की चंद्रमा पर सॉफ्ट लंडिंग कराकर वैश्विक अंतरिक्ष इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ी थी। यह मिशन 'नए भारत' के असीम सामर्थ्य का प्रतीक है। उन्होंने लिखा- राष्ट्र की इस अभूतपूर्व उपलब्धि के सम्मान में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 23 अगस्त को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया था, जो हमें भारत की वैज्ञानिक प्रतिभा पर गर्व का अनुभव कराता है। उन्होंने कहा है कि आज 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' पर उन महान भारतीय वैज्ञानिकों का अभिनंदन, जिनकी साधना, अनथक परिश्रम और अद्भुत प्रतिभा ने 'नए भारत' को अंतरिक्ष के शिखर पर स्थापित किया है।सभी को ढेरों बधाई और शुभकामनाएं।

# डिस्कॉम एसोसिएशन के खिलाफ कार्रवाई की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ विद्युत समिति ने खट्टर को भेजा पत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विद्युत निजीकरण के खिलाफ आंदोलित अधिकारियों और कर्मचारियों ने शनिवार को भी प्रदेश व्यापी प्रदर्शन किया।

इस बीच विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर को पत्र भेजकर मांग की है कि विद्युत वितरण निगमों की डिस्कॉम एसोसिएशन द्वारा समानान्तर सरकार चलाए जाने के विरुद्ध प्रभावी और सख्त कार्रवाई करें। संघर्ष समिति ने आरोप लगाया है कि डिस्कॉम एसोसिएशन न केवल देश के विद्युत वितरण निगमों से चन्दे के रुप में भारी धनराशि की वसूली कर रहा है अपितु नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप कर समानान्तर सरकार चला रहा है। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने केंद्रीय विद्युत मंत्री से मांग की है कि ऑल इण्डिया डिस्कॉम एसोसिएशन के पदाधिकारियों को निर्देशित किया जाए कि वह या तो डिस्कॉम एसोसिएशन छोड़ दें अथवा प्रशासनिक पद छोड़ दें, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। संघर्ष समिति ने बताया कि भारत सरकार के पूर्व विद्युत सचिव सेवा निवृत्त आईएएस अधिकारी आलोक कुमार कथित ऑल इण्डिया डिस्कॉम एसोसिएशन के डायरेक्टर जनरल बने हुए हैं। आलोक कुमार ऑल इण्डिया डिस्कॉम एसोसिएशन के पैड पर पूर्व केंद्रीय विद्युत सचिव के नाते देश के विद्युत वितरण निगमों के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशकों को पत्र भेजकर चन्दा भी मांग रहे हैं।

# भाजपा-ईसी व अधिकारी की तिकड़ी डाल रही है वोटों की डकैती: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर चुनाव आयोग, भाजपा और अधिकारियों पर निशाना साधा है। उन्होंने शनिवार को कहा कि भाजपा-चुनाव आयोग-अधिकारी की 'घपला तिकड़ी' मिलकर 'वोट-डकैती' कर रहे हैं।

यादव ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि भाजपा-चुनाव आयोग-अधिकारी की 'घपला तिकड़ी' मिलकर 'वोट-डकैती' कर रही है। दरअसल ये वो तीन तिगाड़ा है, जिनकी साठगांठ ने देश का वर्तमान-भविष्य बिगाड़ा है। गौरतलब है कि अखिलेश यादव लगातार भाजपा और चुनाव आयोग पर हर दिन वोट चोरी का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने अपने एक बयान में कहा था कि भाजपा ने सत्ता का दुरुपयोग कर वोटों की डकैती की है। उपचुनाव में भी वोटों की डकैती हुई है। भाजपा गरीबों का वोट कटवा रही है। समाजवादी पार्टी ने 2022 में गलत तरीके से काटे गए वोटों को लेकर आवाज उठाई, तो चुनाव आयोग ने नोटिस भेज दिया था। समाजवादी पार्टी ने वोटर लिस्ट से डिलीट किए गए 18 हजार वोटरों की सूची शपथ पत्र के साथ चुनाव आयोग को भेजी थी, लेकिन चुनाव आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की।



### अन्याय और उत्पीड़न भाजपा का एजेन्डा: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि वोट की चोरी कर लोगों का अधिकार छीन रही भारतीय जनता पार्टी का एजेंडा अन्याय और उत्पीड़न है। यादव ने यहां ण्विभिन्न जिलों से आए पीडीए समाज के 65 से अधिक कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होने कहा कि भाजपा लूट का गैंग हैं। इसने संस्थानों और संसाधनों पर कब्जा कर लिया है। भाजपा के झूठ की सीमा नहीं है। यह सबसे झूठी पार्टी है। लोगों के साथ अन्याय और उत्पीड़न भाजपा का एजेन्डा है। इस सरकार में किसी को भी न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपा लोगों के अधिकार छीन रही है। चुनावी प्रक्रिया पर डकैती डाला है।

### उत्तर प्रदेश में कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में गंगा, यमुना, घाघरा और शारदा समेत कई प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। सरकार ने 43 जिलों को बाढ़ प्रभावित घोषित कर दिया है। यूपी राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के 43 जिलों में एक लाख 44 हजार 945 हेक्टेयर कृषि भूमि सहित दो हजार 505 गांव बाढ़ की चपेट में हैं, जिससे नौ लाख 29 हजार 828 लोग प्रभावित हुए हैं। राहत आयुक्त गोस्वामी ने कहा कि बाढ़ के कारण विभिन्न जिलों में 639 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं और 606 मकान मालिकों को मुआवजा दिया गया है। सरकार ने 1,376 बाढ़ आश्रय स्थल स्थापित किए हैं और 91,105 बाढ़ पीड़ितों को आश्रय स्थलों में स्थानांतरित किया गया है।

# देश की प्रतिभा को वापस लाने के लिए संरचनात्मक परिवर्तन करें वीसी: राजनाथ



**लखनऊ।** अमेरिका से टैरिफ को लेकर चल रही तनातनी के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, डीन से कहा है कि वे अपने यहां संरचनात्मक परिवर्तन कर प्रोत्साहन दें, जिससे दुनिया भर में फैली भारतीय प्रतिभा देश के लिए काम करने के लिए वापस आ जाए।

उन्होंने कहा कि इससे हमारे रिसर्च डेवलपमेंट तथा इनोवेशन इकोसिस्टम को जो बूस्ट मिलेगा, वह कहीं न कहीं हमे और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाएगा। राजनाथ ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा- हमारी भारतीय प्रतिभा जो विदेशों में काम कर रही है, उसे वहां असुविधा होने पर किसी दूसरे देश मे जाने के बजाय अपने देश में आए। चुनौतियों से चिंतित होने के बजाय हमे अवसर की ओर देखना चाहिए। जिससे आने वाले वर्षों में हम सब मिलकर भारत को सिर्फ टेक्नोलॉजी का कन्जयूमर नहीं बल्कि टेक्नोलॉजी क्रिएटर और ग्लोबल लीडर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थ व्यवस्था की जिस रैपिड रेल के हम सहयात्री हैं, उसके अगले दरवाजे पर उन्नति, समृद्धि और खुशियां हैं। उन्होंने कहा कि यह समय भारत की अर्थव्यवस्था से जुड़ने का है। हमें अपनी यूनिवर्सिटी, आईआईटी, रिसर्च एंड डेवलपमेंट लैब, कम्पनी और विचारक में एकेडमिक फ्रीडम के अवसर उपलब्ध कराने होने, जिससे यह प्रतिभा भारत मे आकर काम कर सके। केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर आपकी रक्षा व्यवस्था मजबूत होगी, तो कोई भी शत्रु, कोई भी विरोधी, आपकी समृद्धि पर आंख उठाकर नहीं देखेगा। उसे टारगेट करने की कोशिश नहीं करेगा। इसलिए मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ, आप लोगों के सामने कहना चाहूंगा कि रक्षा पर होने वाला खर्च विकास पर होने वाले खर्च का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि जब देश की सुरक्षा व्यवस्था पर आंच आती है, तो निश्चित तौर पर देश का विकास पीछे जाता है।



सेंसेक्स 81306.85
निफ्टी 24870.10



सोना रु. 99358
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 113906
प्रति किलो



# यूपी ट्रेड शो में आएंगे 500 विदेशी खरीदार

लखनऊ, वार्ता

■ ग्रेटर नोएडा में 25 से होगा इंटरनेशनल ट्रेड शो

ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) में करीब 80 देशों से 500 से अधिक बायर्स के आने की उम्मीद है।

अधिकृत सूत्रों ने शनिवार को बताया कि इनमें से अब तक 75 देशों के 340 से ज्यादा बायर्स ने आने की पुष्टि भी कर दी है। यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है और आने वाले दिनों में इसमें और तेजी से वृद्धि की संभावना है। इस तरह यूपीआईटीएस प्रदेश के उत्पादों के लिए वैश्विक बाजार के दरवाजे खोलने वाला साबित होगा। उन्होंने बताया कि यूपीआईटीएस में ओडीओपी उत्पादों की विशेष प्रदर्शनी लगाकर इन्हें वैश्विक खरीदारों से सीधे जोड़ा जाएगा। इससे न केवल स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को फायदा होगा, बल्कि निर्यात और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। यह शो उत्तर प्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। इसका उद्देश्य प्रदेश को निर्यात के मामले में शीर्ष पायदान पर ले जाना और निवेश आकर्षित करना है। सरकार चाहती है कि यूपी के हर जिले का हुनर वैश्विक बाजारों तक पहुंचे और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में योगदान दे। सूत्रों ने बताया कि दुनिया के नौ प्रमुख रीजंस से इंटरनेशनल बायर्स का आगमन इस आयोजन को और खास बना रहा है। यूरोप और सीआईएस रीजंस से कुल 110 बायर्स के आने की संभावना है, जिनमें से 88 बायर्स (18 यूरोपीय और 6 सीआईएस देशों से) ने पहले ही सहमति दे दी है। वेस्ट एशिया से 100 बायर्स का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 12 देशों के 76 बायर्स अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर चुके हैं। इसी तरह साउथ ईस्ट एशिया से 80 बायर्स की उम्मीद है, जिनमें से पांच देशों के 10 बायर्स अब तक पुष्टि कर चुके हैं। साउथ एशिया रीजंस से 50 में से 30 बायर्स (3 देशों से) आने वाले हैं। वहीं, लैटिन अमेरिकी देशों से 50 बायर्स की संभावना है, जिनमें से 6 देशों के 27 बायर्स ने सहमति दी है। ओशनिया से 30 बायर्स का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से दो देशों के तीन बायर्स ने अपनी पुष्टि कर दी है। नॉर्थ अमेरिका से 30 बायर्स की उम्मीद है और इनमें से तीन देशों के नौ बायर्स आने को तैयार हैं। अफ्रीका रीजंस से 50 बायर्स का लक्ष्य है, जिनमें 11 देशों के 38 बायर्स पहले ही सहमति दे चुके हैं। इसके अलावा नाफ्टा रीजंस के तीन देशों से 11 बायर्स और ईस्ट अफीका के 8 देशों से 50 बायर्स ने भी यूपीआईटीएस में भागीदारी के प्रति अपनी उत्सुकता दिखाई है।

### इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में इस हफ्ते गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार पिछले शनिवार यानी 16 अगस्त को 24 कैरेट सोना 1,00,023 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब यानी 23 अगस्त को 99,358 रुपए पर आ गया है। यानी इसकी कीमत में 665 रुपए की गिरावट आई है। चांदी की कीमत पिछले शनिवार को 1,14,933 रुपए पर थी, जो अब 1,13,906 रुपए पर आ गई है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 1,027 रुपए कम हो गई है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,670 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,290 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,520 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,140 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,520 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,140 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,520 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,140 थी, वहीं भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,570 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,190 रही। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 23,196 रुपए बढ़कर 99,358 रुपए पर पहुंच गया है।

# चावल सस्ता, गेहूं महंगा, दालों व खाद्य तेलों में रहा उतार-चढ़ाव, चीनी महंगी

नई दिल्ली, वार्ता

**घरेलू** थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमत में कमी देखी गई, जबकि गेहूं के भाव बढ़ गए। चीनी भी महंगी हुई। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 13 रुपए घटकर 3,831.01 रुपए प्रति क्विंटल रही। गेहूं छह रुपए महंगा होकर 2,841.88 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। सरसों तेल औसतन 12 रुपए और मूंगफली तेल 92 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। वनस्पति में 69 रुपए तेजी देखी गई। पाम ऑयल की कीमत 14 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल में 21 रुपए की तेजी रही। सोया तेल 50 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मसूर दाल औसतन 10 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हो गई। तुअर दाल 56 रुपए टूट गई जबकि मूंग दाल के दाम लगभग स्थिर रहे। चना दाल तीन रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत 26 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। गुड़-चीनी : बाजार में गुड़ की औसत कीमत करीब 35 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी की कीमतों में 12 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। दाल चना 7963.78 रुपए, मसूर काली 8108.34 रुपए, मूंग दाल 10127.90 रुपए, उड़द दाल 10448.87 रुपए, अरहर दाल 10721.06 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : गेहूं दड़ा 2841.88 रुपए और चावल 3831.01 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4314.10 रुपए और गुड़ 4964.77 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17819.49 रुपए, मूंगफली तेल 17696.78 रुपए रहा।

# दिल्ली से खाटू श्याम हेलीकॉप्टर सेवा शुरू

■ अब मथुरा से वृंदावन के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होगी

**नई दिल्ली।** हेलीकॉप्टर सेवा प्रदान करने वाली स्यंदन एविएशन ने शनिवार को दिल्ली के रोहिणी हेलीपोर्ट से राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम और चुरू जिले में स्थित सालासर बालाजी के लिए दैनिक उड़ान शुरू की।

स्यंदन एविएशन के प्रबंध निदेशक अभिनव सहाय ने इस मौके पर बताया कि कंपनी देश के पूरे एविएशन इको सिस्टम में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने का प्रयास कर रहा है। उसका फोकस हेलीकॉप्टर से तीर्थयात्रा पर है- ऐसे स्थलों की यात्रा जो सनातन धर्म से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि इसी साल मथुरा-वृंदावन के लिए भी सेवा शुरू की जाएगी। रोहिणी-खाटू श्याम जी-सालासर बालाजी-रोहिणी का किराया 95 हजार रुपए प्रति व्यक्ति रखा गया है। लोग छह घंटे में दर्शन करके उसी दिन वापस भी आ सकते हैं। पूरी यात्रा की दूरी करीब 700 किलोमीटर है। इसमें हेलीकॉप्टर के किराए के साथ दोनों मंदिरों तक परिवहन सेवा, मंदिर में वीआईपी दर्शन, प्रसाद और खाटू श्याम में आराम की व्यवस्था शामिल है। हेलीकॉप्टर सुबह 9.30 बजे रोहिणी हेलीपोर्ट से उड़ान भरेगा और अपराह्न 2.30 बजे वापस आ जाएगा। पहली उड़ान में जाने-माने कवि एवं पूर्व राजनेता कुमार विश्वास पहले यात्री बने। सहाय ने बताया कि स्यंदन एविशन चारधाम यात्रा पहले ही शुरू कर चुकी है। आज खाटू श्याम और सालासर बालाजी के लिए सेवा शुरू की गई है। अगली सेवा मथुरा और वृंदावन के लिए होगी। उन्होंने बताया कि मथुरा और वृंदावन के लिए योजना काफी आगे तक पहुंच चुकी है और यह जल्द शुरू होगी। उन्होंने बताया कि लॉजिस्टिक्स को लेकर कुछ काम बाकी है और इसके लिए लोगों को अगले साल का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। जयपुर-मेहंदीपुर बालाजी मार्ग पर सेवा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह भी पाइपलाइन में है। सभी हितधारकों से बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है। यदि सब ठीक रहा तो हम इस मार्ग पर भी जल्द सेवा शुरू कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि कंपनी देश में एकीकृत हेलीकॉप्टर एंबुलेंस सेवा शुरू करेगी। ऐसे प्रयास पहले भी किए गए हैं, लेकिन वे सफल नहीं रहे हैं, क्योंकि यह काफी चुनौतीपूर्ण परियोजना हैं, जिसमें काफी चीजों में समन्वय स्थापित करने की जरूरत होती है। साथ ही सरकारी संगठनों के साथ बहुत नजदीकी साझेदारी की भी आवश्यकता होती है। न सिर्फ सरकारी विभागों के साथ बल्कि सरकार का सहयोग करने वाले संगठनों के साथ भी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# पत्नी गंगा में कूदी, तो पति ने भी बेटे के साथ लगाई छलांग

**गृह क्लेश ने उजाड़ दिया हंसता हुआ परिवार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर/मुजफ्फरनगर।** गृह क्लेश कलेश के चलते एक हंसता मुस्कुराता परिवार घरेलू रंजिश की भेंट चढ़ गया। चार दिन पहले घर से नाराज होकर निकलने के बाद गंगा बैराज में कूदने वाली मनीषा का अभी तक काफी प्रयासों के बाद भी कोई अता-पता नहीं चल सका था कि एकाएक उसके पति बीएसएफ के जवान राहुल ने भी आज दोपहर अपने डेढ़ साल के मासूम पुत्र के साथ गंगा बैराज में छलांग लगा दी। एक व्यक्ति को मासूम बच्चे के साथ बैराज में छलांग लगाता देख यहां राहगीरों ने शोर मचा दिया। तो यहां तैनात एनडीआरएफ की टीम के जवान तुरंत बैराज में कूद पड़े, लेकिन पानी के तेज बहाव के साथ पिता पुत्र बह गए। बताया जा रहा है कि बिजनौर जनपद के नजीबाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला वेद विहार निवासी राहुल ने मनीषा नाम की लड़की से करीब 5 साल पहले लव मैरिज की थी। साढ़े तीन साल बाद मनीषा को एक बेटा हुआ। बताया जा रहा है कि 19 अगस्त को अपने पति से लड़कर मनीषा घर से निकल पड़ी। और गंगा बैराज के पुल पर आकर पानी में छलांग लगा दी। गंगा में वैसे भी पानी खतरे के निशान के आसपास चल रहा है। बताया जा रहा है कि आज दोपहर करीब 2:00 बजे राहुल अपना डेढ़ साल के बेटे प्रणव को लेकर गंगा बैराज पर पहुंचा यहां मौजूद एक दरोगा से अपनी पत्नी मनीषा के बारे में पूछा कि क्या मनीष मिल गई है? इसके बाद उसने यहां लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की तो उसमें देखा कि मनीषा गंगा बैराज के पुल से गंगा में छलांग लगा रही है। तभी इसके बाद बीएसएफ के जवान राहुल ने भी अपने बेटे को गोद में लेकर गंगा में छलांग लगा दी। राहुल गुजरात के अहमदाबाद में तैनात बताया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक मनीषा व उसके पति राहुल तथा डेढ़ साल के बेटे प्रवण का कोई भी अता पता नहीं चल पाया है। एनडीआरएफ की टीम व गोताखोर लगातार सर्च अभियान चला रहे हैं। मौके पर बैराज चौकी इंचार्ज शिवदत्त सिंह, कांस्टेबल राहुल मलिक, खेमराज आदि पुलिसकर्मी भी मौजूद हैं।




# देश का रक्षक बनने का सपना लिए युवाओं ने लगाई 1600 मीटर की दौड़

**अग्निवीर भर्ती के दूसरे दिन बिजनौर के युवाओं ने आजमाया भाग्य**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** देश का रक्षक बनने का सपना लिए युवाओं को नुमा. इश मैदान के पक्के ट्रैक पर 1600 मीटर की दौड़ कराई गई। अभ्यर्थियों को 100-100 के समूहों में बांटा गया। उन्हें लाल, नीले और पीले रंग के चेस्ट नंबर दिए गए। चार समूहों में पांच से सवा छह मिनट के बीच दौड़ कराई गई। शनिवार को बिजनौर जिले के अभ्यर्थियो की भर्ती प्रक्रिया प्रस्तावित थी। भर्ती प्रक्रिया के दूसरे दिन जिले में शुरू हुई अग्निवीर भर्ती में 13 जिलों के 17 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। शुक्रवार को गौतमबुद्धनगर और शामली के युवा बड़ी संख्या में भर्ती के लिए पहुंचे थे। जरूरी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद अभ्यर्थियों को भर्ती परिसर में एंट्री दी गई। निर्धारित दौड़ में इससे पहले सेना के अधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक अपराध इन्दू सिद्धार्थ और अपर जिलाधिकारी वित्त गजेन्द्र पाल सिंह के साथ भर्ती की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। वरिष्ठ अधिका. रियों ने कहा कि अग्निवीर सेना भर्ती युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। भर्ती प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो इसके लिए पुलिस-प्रशासन ने कड़े कदम उठाए है। और यहां सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई कदम उठाए गए हैं। मेरठ रोड को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। शामली और सहारनपुर से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है।पुलिस अधीक्षक अपराध इंदु सिद्धार्थ और अपर जिला. धिकारी गजेन्द्र पाल सिंह ने भर्ती स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने रेस ट्रैक, बेरिकेडिंग, प्रवेश व निकास द्वार, पार्किंग और भीड़ नियंत्रण की व्यवस्थाओं की जांच की। यह भर्ती रैली अगले 14 दिनों तक चलेगी। 1044 अभ्यर्थियों ने दौड़ में हिस्सा लिया।

### दौड़ के बाद अन्य एग्जाम से भी गुजरे अभ्यर्थी

चेस्ट नंबर देने के लिए ग्रुपों में युवाओं को दौड़ाया गया। इसके बाद दौड़ में पास हुए अभ्यर्थियों की अन्य प्रक्रियाएं पूरी की गई। इस दौरान युवाओं ने सेना में भर्ती होने के लिए खूब पसीना बहाया। आर्मी मेरठ कर्नल एवं भर्ती के नोडल अधिकारी सत्यजीत बाबेल ने बताया कि शनिवार को बिजनौर की चार तहसीलों के 1018 युवाओं ने दौड़ लगाई। इसमें चयन होने के बाद उनकी शारीरिक जांच व अन्य प्रक्रियाएं हुई। चेस्ट नंबर देकर अलग-अलग राउंड में दौड़ लगवाई गई। देर शाम तक दौड़ में पास हुए अभ्यर्थियों ने पुसअप, जिगजैग, नौ फिट गड्डे कूद आदि प्रक्रियाओं में भाग लिया।

## सट्टा किंग की 6 करोड़ 32 लाख रुपये की संपत्ति सीज

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढाना के चर्चित सट्टा किंग प्रदीप कुमार की लगभग 06 करोड़ 32 लाख रुपये की कीमत की संपति आज शनिवार के दिन पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा सीज कर दी गयी है। बताया जाता है कि पुलिस और प्रशासन की इस संयुक्त कार्यवाही से अब उन लोगों में भी जबरदस्त हड़कंप मच गया है जो विभिन्न प्रकार के अवैध धंधों को अंजाम देने में लगे हैं। यह बड़ी कार्यवाही गैंगस्टर एक्ट के तहत जनपद मुजफ्फरनगर के जिला अधिकारी उमेश चंद्र मिश्रा के आदेश पर एसपी देहात आदित्य बंसल की अगुवाई में बुढ़ाना पुलिस प्रशासन के द्वारा की गयी है। ऐसा पहली बार हुआ है जब बुढ़ाना में काफी दिनों से खुलेआम होने वाली सटे की खाईबाडी बंद है। चोरी छिपे अब भी चल रही है वो बात अलग है।

# पीपलशाह में प्लाटून कमांडर के घर चोरी

**नकदी, जेवर व कपड़े समेटकर ले गए बदमाश, पुलिस मौके पर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** तितावी क्षेत्र के अंतिम गांव पीपलशाह थाना चरथावल से सटा हुआ है इस गांव में दो थानों की सीमा पड रही है, लेकिन गांव तितावी क्षेत्र में है। इस गांव में बीती रात बदमाशों ने एक होमगार्ड के प्लाटून कमांडर सहित दो लोगों के मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने घटना इतने सफाई से की कि दोनो परिवार सोते रहे और बदमाश हजारों की नगदी, जेवर, कपडा, बर्तन समेट कर ले गए। सवेरे आंख खुलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन करते हुए व आस-पास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले। बदमाश खाली बटवे व पलाटून कमांडर की वर्दी बाहर फेंकर चले गए थे।

शुक्रवार की देर रात करीब पौने तीन बजे गांव पीपलशाह में पूरी तरह सन्नाटा छाया हुआ था। इसी समय बदमाशों ने कपडा बेचकर परिवार का पालन पोषण करने वाले पवन बंजारे के मकान में दावा बोल दिया। इस समय यहां पति-पत्नी सो रहे थे और दीवार फांदकर घर में घुसे बदमाश संदूक में रखे कपडे, चांदी के जेवर, कपडे व बर्तन समेट कर ले गए। इसी दौरान बदमाशों ने होमगार्ड के प्लाटून कमांडर राकेश पुण्डीर के मकान में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के समय राकेश उसका बेटा सोनू व पत्नी सोए हुए थे जहां बदमाश लोहे व लकडी की अलमारी खोलकर यहां से हजारों की नगदी, जेवर व अन्य कीमती सामान समेटकर ले गए।

सवेरे जब ग्रामीणों की आंख खुली तो पलाटून कमांडर के घर के बाहर वर्दी, अन्य कपडे कुछ काग. जात व एक एटीएम पड़ा हुआ मिला। इसी बीच चोरी की सूचना मिलने पर तितावी पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की। पुलिस ने पूर्ण जानकारी लेने के बाद आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले और जल्द ही खुलासे का आश्वासन दिया। बदमाश अपने साथ दो एटीएम भी ले गए है।



मुजफ्फरनगर: नुमाईश ग्राउंड में चल रही सेना भर्ती की व्यवस्था संभाले पुलिसकर्मी।



भर्ती होने आए युवक के कागज चैक करते अधिकारी।

# फूट डालो राज करो के साथ शहरों के नाम बदलने तक सीमित है भाजपा:शिवपाल

## बोले सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल-पूजा पाल कभी विधायक नहीं बन पाएंगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रद. ेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल यादव ने कहा कि भाजपा की सीधी सी की नीति है फूट डालो-राज करो और यह लोग सिर्फ शहरों के नाम बदलने तक सीमित है बाकि कोई काम नहीं करते। उन्होने आरोप लगाया कि भाजपा के पास एक दूसरे धर्म को आपस में लड़ाने के अलावा कोई ओर नीति नहीं है। चुनाव से पहले किए गए वायदो को पूरा करने के बजाए भाजपा नेताओं का पूरा दारोमदार झूठ पर है।

शिवपाल यादव शनिवार को पूर्व जिलाध्यक्ष इल्मसिंह गुर्जर के आवास पर नीजि कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होने मीडिया से बातचीत में बेबांक कहा कि भाजपा की केन्द्र व प्रदेश सरकार को शहरों ओर कस्बों के नाम बदलने के अलावा कोई ओर काम नहीं है। उन्होने कहा कि भाजपा ने चुनाव से पहले वायदों को पूरा करने के बजाए धर्म जाति के लोगों को आपस में लड़ाने का काम किया। और झूठ बोलकर जनता को छलने का काम यह लोग बखूबी जानते है अपने स्वार्थ के लिए भाजपा कुछ भी कर सकती है। उन्होने कहा कि 2027 का चुनाव इंडिया गठबंधन के साथ ही लडा जाएगा समाजवादी संसदीय बोर्ड का प्रयास है कि चुनाव से पहले ही प्रत्याशी घोषित कर दिया जाए ताकि संबंधित प्रत्याशी अपने अपने क्षेत्र में मजबूती के साथ चुनाव लड़ सके। वोट चोरी के खुलासे के मुद्दे पर उन्होने कहा कि मतगणना के नाम पर खूब वोट चोरी हुए है इसलिए अब इण्डिया गठबंधन वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा देकर पूरे देश को जगाने का काम कर रही है भाजपा का यह घोटाला अब ज्यादा दिन तक चलेगा नहीं एक-एक राज्य से भाजपा का सफाया होने जा रहा है इसकी शुरूआत बिहार चुनाव से होगी। उन्होने आरोप लगाया कि यूपी में चुनाव से भाजपा ने जमकर गड़बड़ी की है, लेकिन तमाम सबूत देने के बाद चुनाव आयोग ने कोई कार्यवाही नहीं की।

### संगीत सोम पर कसा तंज

प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासि. चव पूर्व विधायक संगीत सोम पर कसते हुए कहा कि सोम का कोई भरोसा नहीं है। वह अपने स्वार्थ के लिए कुछ भी कर सकते है।

सपा से निष्कासित की गई विधायक पूजा पाल को पूछे गए सवाल के बारे में उन्होने कहा कि खुद पूजा पाल ने अपने पैरो पर कुल्हाड़ी मारी है वह अब जीवन में कभी भी विधायक नहीं बनेगी। इस दौरान सांसद हरेन्द्र मलिक, पूर्व सांसद कादिर राणा, जिला अध्यक्ष जीया चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष इल्म सिंह गुर्जर, गोल्डी सहरावत आदि मौजूद रहे।

### कार्यकर्ताओं ने किया नेता का स्वागत

**मुजफ्फरनगर।** यहां पहुंचे सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव का कार्यकर्ताओं ने गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष पुष्पेन्द्र बॉबी, हाजी मूसा, नवाब इम्तियाज, नौशाद अली, ठाकुर सुखपाल सिंह, श्याम लाल बच्ची सैनी, हाजी लियाकत अली, साजिद हसन, सोमपाल सिंह कोरी, आमिर कासिम, शमशेर मलिक, विकिल गोल्डी, सतेन्द्र पाल, सत्यदेव शर्मा, यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष राशीद मलिक, नदीम राणा, फहीम अहमद, ठाकुर हनीफ हुसैन राणा, जियाउल चौधरी, पवन पाल, सलीम अंसारी, अनुज कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# राहुल गांधी के वोट अधिकार यात्रा की हिमायत में उतरे राकेश टिकैत

**हरिद्वार लाठी चार्ज के विरोध में 28 अगस्त को होगी महापंचायत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने हरिद्वार में किसानों पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 28 अगस्त को हरिद्वार में एक महापंचायत में बुलाई गई है। प्रशासन कोई संतोषजनक जवाब नहीं देता तो महापंचायत में बड़ा निर्णय लिया जाएगा।



उन्होने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वोट अधिकार यात्रा का समर्थन करते हुए कहा कि राहुल गांधी ठीक काम कर है वोट चोरी एक गंभीर मुद्दा है और इस पर पांच साल पहले काम शुरू होना चाहिए था। उन्होने तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष को अब आकर इस मुद्दे का ज्ञान हुआ है। वोट चोरी का दायरा व्यापक है और जिला पंचायत चुनाव भी इससे अच्छूता नहीं रहा। उन्होने संगीत सोम के विवाद स्पद बयान जिसमें उन्होने पश्चिमी उत्तर प्रदेश को पाकिस्तान बनाने की बात कही इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार मुस्लमानों का इलाज करेंगी हमे क्या करना है जब लोग इकट्ठा ही नहीं हो रहे तो ऐसी बाते क्यो? राकेश टिकैत ने कहा कि चुनाव हारने के बाद कई नेता इस तरह की बयान बाजी करते है जो अनूचित है।

# वाहन चोर गिरोह से 5 बाइकें बरामद

## सीसीटीवी कैमरे से गिरफ्त में आए बदमाश, ट्रेन से आकर करते थे चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने चोरी की पांच बाइक बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी देवबंद के रहने वाले है और वहां से ट्रेन में आकर बाइक चोरी की घटना करते थे।

सीओ सिटी आईपीएस सिद्धार्थ के मिश्रा ने सिविल लाइन थाने में प्रेसवार्ता कर पत्रकारों को जान जानकारी देते हुए किताया कि थाना सिविल लाइन पुलिस ने शुक्रवार देर रात नई मंडी पुल के नीचे बाइक सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया। दोनों युवक बाइक के कागजात नही दिखा सके।

पूछताछ में दोनों ने अपने नाम तल्हेडी चुंगी के पास देवबंद निवासी अंश व वाल्मीकि बस्ती देवबंद निवासी रितिक बताए। दोनों ने बाइक को सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बीएसएनएल कार्यालय के पास जन्माष्टमी की रात में चोरी करना बताया। बताया कि उन्होंने चार बाइ. कों को माल रोड पर झांडियों में छिपाया है। पुलिस ने चारों बाइक बरामद कर ली। सीओ सिटी ने बताया कि बाइक चोरों की घटना के खुलासे को पुलिस ने लगभग दो सौ सीसीटीवी चेक किए। दो स्थानों पर बाइक चोरी करते हुए दोनों आरोपी दिखाई दे रहे है।

आरोपी युवक पांच से सात हजार रुपये में अपने रिश्तेदारों को बाइक बेच देते थे। बरामद दो बाइक सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बीएसएनएल कार्यालय व दूसरी बाइक अहिल्याबाइ चौक मुजफ्फरनगर व एक बाइक थाना सदर बाजार सहारनपुर क्षेत्र से चोरी की गई थी। दो अन्य बाइकों की जांच की जा रही है। दोनों आरोपियों ने दो बाइक चोरी कर अपने रिश्तेदारों को देवबंद व हरियाणा में बेची थी जो वहां पकड़ी गई थी। प्रेसवार्ता में एसओ थाना सिविल लाइन आशुतोष सिंह भी मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: सपा नेताओं के साथ पत्रकारों से वार्ता करते राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव।

# घायल एक लाख के ईनामी से लूटी हुई बाइक बरामद

**मंडी पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एसटीएफ मेरठ व नई मंडी कोतवाली पुलिस की मुठभेड में घायल सवा लाख के इनामी दौराला निवासी रवि से तीन दिन पहले भी लूटी बाइक व अन्य सामान बरामद हुआ है।

रवि को शुक्रवार रात पकड़ा गया। उसने अपने साथियों दौराला निवासी अरविंद व सन्नी के साथ 18 अप्रैल को भोपा रोड पर भूसा व्यापारी प्रवीण से 11 लाख रुपये लूटे थे। उसके दोनों साथी पहले गिरफ्तार किये जा चुके है। वह फरार चल रहा था। उस पर एक लाख का इनाम घोषित था। उसने अपने दोनों साथियों के साथ मिलकर फरवरी माह में दिल्ली में एक व्यक्ति को गोली मारकर साढे चार लाख रुपये लूटे थे। इस मामले में उस पर 25 हजार का इनाम था। उसने अपने साथी पप्पू के साथ मिल कर तीन दिन पहले नई मंडी क्षेत्र कोतवाली के नसीरपुर रोड पर नियाजूपुरा शाहबुदीनपुर रोड निवासी शमशाद से पिस्टल के बल पर बाइक, नगदी, मोबाइल आदि सामान लूटा था। यह सामान मुठभेड़ में आरोपी से बरामद हुआ है। वह और उसका साथी शमशाद से लूटी बाइक पर घटना करने के इरादे से आए थे। उसका साथी भाग गया। आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# समन तामील व गवाहों की हाजिरी में देरी पर हाईकोर्ट नाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि हड़ताल होने पर अदालती कार्यवाही न रुके और ट्रायल की प्रगति रिपोर्ट हर 15 दिन में दी जाए। समन वारंट तामील कराने और गवाहों की हाजिरी सुनिश्चित करने के लिए दंडात्मक उपाय करने में पुलिस की विफलता पर कोर्ट ने चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा कि गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए जुर्माना सहित सख्त कार्रवाई की जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट ने मुनीर की दूसरी जमानत अर्जी खारिज करते हुए दिया।

मुजफ्फरनगर निवासी मुनीर पर थाना चरथावल में दुष्कर्म, पॉक्सो मामले में मुकदमा दर्ज है। फिलहाल वह जेल में है। पहली जमानत अर्जी खारिज होने के बाद उसने अब दूसरी जमानत अर्जी दाखिल की है। कोर्ट ने आरोपी की दूसरी जमानत अर्जी भी खारिज कर दी। कोर्ट ने पाया कि निस्तारण में देरी की मुख्य वजह समन की तामील न होने और गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करने में पुलिस की विफलता है।

इस दौरान कोर्ट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट को उचित समय-सीमा के भीतर उच्च न्यायालय के आदेश की प्राप्ति की तारीख से एक वर्ष के भीतर मुकदमे को तय करने का प्रयास करना चाहिए। मुकदमे की कार्यवाही में उपस्थित न होने वाले गवाहों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। भंवर सिंह उर्फ करमवीर बनाम उत्तर प्रदेश राज्य और जितेंद्र बनाम उत्तर प्रदेश राज्य में इलाहाबाद हाई कोर्ट के पूर्व निर्णयों का हवाला देते हुए एकल पीठ ने ट्रायल कोर्ट को उपरोक्त आदेशों के अनुपालन की जांच का निर्देश भी दिया।

# पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी ने बंद कराए शहर के छह बड़े कूड़ा डलावघर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगरपालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने शनिवार की सुबह मेरठ रोड स्थित कमला नेहरू वाटिका (कम्पनी बाग) का निरीक्षण किया। यहां पर सफाई व्यवस्था को परखने के साथ ही उनके द्वारा शहर को गारबेज फ्री सिटी बनाने के उद्देश्य से राजवाहा रोड श्मशान घाट के पास, नई मंडी गेट नम्बर तीन, भोपा पुल के नीचे, शाकुन्तलम आवास विकास सरकूलर रोड और आर्य समाज रोड के दोनों डलावघर सहित छह बड़े कूड़ा डलावघरों को बंद कराने के लिए पांच नये मोबाइल कॉम्पेक्टर जनता को समर्पित किये। पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने सभासदों, ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह और एक खास नन्हीं मेहमान गौरवी (पालिका अध्यक्ष की पौत्री) के साथ फीता काटकर कॉम्पेक्टर का उद्घाटन किया और फिर हरी झंडी दिखाकर उनको रवाना किया गया। इसके साथ ही एक कॉम्पेक्टर भाजपा कार्यालय के पास गांधीनगर डलावघर पर लगाया गया है।

पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने इस दौरान बताया कि 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत पालिका को प्राप्त हुई धनराशि से ये पांच कॉम्पेक्टर खरीदे गये हैं। इन पर 1.54 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। पांचों कॉम्पेक्टर पालिका के साथ अनुबंध के आधार पर कार्य कर रही निजी क्षेत्र की कंपनी जेएस एनवायरो सर्विसेज प्रा.लि. के प्रोजेक्ट मैनेजर नितेश चौधरी को सौंप दिये गये हैं। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि हमने संकल्प लिया है कि शहर को कूड़े और गंदगी से मुक्त करना है, अब गंदगी के ढेर नहीं लगेंगे, बदबू और बीमारी नहीं फैलेगी और शहर की गलियां स्वच्छ बनी रहें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के पैमने पर यह बदलाव केवल नगरपालिका के प्रयासों से



संभव नहीं होगा। मैं आप सबसे अपील करती हूँ कि घर का कचरा समय पर वार्डों में पहुंच रही गाड़ियों को ही दें, गली-नुक्कड़ों पर कूड़ा न फेंके और स्वच्छता को अपनी आदत बनाएँ। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि नई कंपनी को कार्य संभालने के दौरान शहर में 29 कूड़ा डलावघर दिए गये थे, जिनमें से अभी तक 12 डलावघर और गारब. ेज प्वाइंट को खत्म कर दिया गया है। अब 17 गारबजे प्वाइंट बचे हैं, इनमें भी कुछ बड़े डलावघरों को जल्द बंद कराने की तैयारी है। इस दौरान मुख्य रूप से सभासद रितु त्यागी, राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, शौकत अंसारी, अमित पटपटिया, मनी पटपटिया, अन्नू कुरैशी, नौशाद पहलवान, सतीश कुकरेजा, अब्दुल सत्तार, विजय चिंटू, ललित कुमार, मौहम्मद गुलरेज राजू, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय प्रताप शाही, सीएसएफआई योगेश गोलियान, एसएफआई प्लाक्षा मैनवाल, वैशाली सोती, मैनपाल सिंह, प्रियेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## घर से गया युवक नहीं लौटा, परिजनों ने जताई अन्होनी की आशंका

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली में कूकड़ा निवासी अंकित मोहन शर्मा ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसके भाई निखिल मोहन शर्मा की बचन सिंह कॉलोनी निवासी प्रिंस शर्मा के साथ जान पहचान थी। 13 अगस्त को प्रिंस उनके घर आया और उसके भाई को बुलाकर अपने साथ ले गया। इसके बार उनका भाई घर वापस नही आया है।

तलाशने पर भी उसका कोई पता नही चला है। पीडित ने अनहोनी की आशंका जताते हुए भाई को बरामद कराने की मांग की। तहरीर देने पर नई मंडी कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। नई मंडी कोतवाली पुलिस ने बताया कि युवक की तलाश की जा रही है। उधर परिवार के लोग अपने बेटे को लेकर भयभीत है कि कही उसके साथ कोई संगीन घटना न हो जाए।

# सर्राफ की दुकान में दो महिलाओं ने किया बड़ा हाथ साफ

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर के मुख्य बाजार स्थित ज्वेलरी शोरूम में दो महिलाओं ने फिल्मी अंदाज़ में लाखों के जेवर उड़ा लिए। मामला तब सामने आया जब दुकान मालिक ने गहनों की गिनती की और सीसीटीवी फुटेज खंगाली। वीडियो में महिलाएं गहने खरीदने का नाटक करती नजर आ रही हैं और मौका पाते ही जेवर दबोचकर निकल गईं। घटना के बाद से सर्राफा व्यापारी सहमे हुए हैं।

दुकान स्वामी पंकज जैन पुत्र रमेश चंद मुखिया ने पुलिस को तहरीर देते हुय बताया कि पिछले सप्ताह उनकी दुकान पर दो महिलाएं पहुंचीं। उन्होंने तरह-तरह के गहने दिखाने को कहा और इसी बीच दो सोने की चौन व दो चांदी की पाजेब पार कर ले गईं। चोरी का अंदाजा उन्हें शनिवार को गहनों की गिनती करते वक्त हुआ।

सीसीटीवी देखने पर सारा सच सामने आ गया। चोरी गए जेवरों की कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये आंकी गई है। पीड़ित पंकज मुखिया ने पूर्व नगर अध्यक्ष अमित जैन के साथ कोतवाली पहुंचकर अज्ञात महिलाओं के खिलाफ तहरीर दी। मौके पर मौजूद एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापति और कोतवाल बृजेश कुमार शर्मा ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार किया जाएगा। उधर, चोरी की वारदात ने सर्राफा व्यापारियों की दहशत बनी हुई है। उनका कहना है कि आए दिन चोरी और लूट की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे कारोबार करना जोखिम भरा होता जा रहा है।



## रामलीला मंचन पूर्व ध्वज यात्रा निकाली

**भोपा।** भोपा में श्री रामलीला मंचन से पूर्व रामलीला महोत्सव की ध्वज यात्रा निकली। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल ने पूजन कर तथा फीता काट कर ध्वज यात्रा का शुभारंभ किया।

यात्रा ढोल बेंड बाजे के साथ तथा हनुमान जी की झांकी के साथ कस्बे के विभिन्न मार्गो से होती हुई प्राचीन शिव मंदिर पर पहुंची जहां ध्वज स्थापित किया गया। कमेटी के सदस्य ने बताया की आगामी 18 सितंबर से रामलीला का मंचन शुरू होगा। इस अवसर पर युवा रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अनिल कांत शर्मा, तरुण प्रधान, चुन्नू शर्मा, अंकित शर्मा, अमरपाल सैनी, शंकर कश्यप, शीनू अग्रवाल,अभिषेक सैनी, अंकित प्रजापति,आर्यन राठी आदि मौजूद रहे। उमरपुर चौकी के नये प्रभारी होंगे दीपक कुमार।

# संकट मोचन महायज्ञ का 23वां वार्षिकोत्सव 20 सितंबर को

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** संकट मोचन मनो. कामना पूर्ण प्राचीन महायज्ञ का 23वां वार्षिकोत्सव आगामी 20 सितंबर को बघरा में धूमधाम से आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर श्री श्री 108 ब्रह्मचर्य स्वामी यशवीर सरस्वती महाराज लगातार गांव-गांव जाकर ग्रामीणों से जनसंपर्क कर रहे हैं और अधिक से अधिक संख्या में उत्सव में शामिल होने का आह्वान कर रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को यशवीर महाराज खतौली तहसील क्षेत्र के गांव कैलावाड़ा पहुंचे।

जहां यशवीर महाराज का पिंटू प्रधान और सैकड़ो ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। शिव मंदिर परिसर में आयोजित सभा में उन्होंने हिंदू समाज के लोगों से एकजुट होकर महायज्ञ में भागीदारी निभाने की अपील की।सभा में पिंटू प्रधान, विनोद केलवाड़ा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने उत्सव में भारी भागीदारी का भरोसा दिलाया।



# उधार के रूपये वापस मांगने पर युवक को मारपीट कर किया घायल

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम रूमालपुरी निवासी एक युवक को तीन लोगो ने उधार के रूपये वापस मांगने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पीडित ने कोर्ट के आदेश से मीरापुर थाने में तीन लोगो के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। मीरापुर थाना क्षेत्र के ग्राम रूमालपुरी निवासी धमेन्द्र पुत्र गजे सिंह ने देवल निवासी मनोज पुत्र संत. राम को शराब का ठेका लेने के लिए 10 फरवरी 2025 को दो लाख रूपये उधार दिये थे। लेकिन मनोज को किसी कारणवश शराब का ठेका आवंटित नही हुआ। कुछ दिन बाद धर्मेन्द्र ने मनोज से वादे के अनुसार रूपये मांगे तो मनोज ने रूपये देने से मना कर दिया। कुछ दिन पूर्व धर्मेन्द्र बीआईटी चौकी से होते हुए अपने घर रूमालपुरी जा रहा था उसी दौरान मनोज अपने साथियों सतीश पुत्र रामरतन, रामरतन पुत्र मंगत के साथ उसे रास्ते में मिल गया। तीनो लोगो ने उसके साथ गाली गलौच कर मारपीट शुरू कर दी जिसमें धर्मेन्द्र गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर तीनो लोग मौके से फरार हो गये राहगीरो की मदद से धर्मेन्द्र को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के बाद धर्मेन्द्र ने न्यायालय में मुकदमा दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। नयायालय सिविल जज जूनियर डिविजन कोर्ट नं. 4 मुजफ्फरनगर के आदेश पर तीनो अरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरो. पियों के विरूद्ध पुलिस कार्यवाही करने में जुट गई है।

# निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने पुलिसकर्मी की बुलेट का कटवाया चालान

**चरथावल।** एसएसपी संजय कुमार वर्मा द्वारा शनिवार को थाना चरथावल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा थाना कार्यालय,मालखाना,बंदी गृह, संतरी पहरा, भोजनालय,कम्प्यूटर कक्ष, शस्त्रागार आदि के साथ ही कार्यालय में रखे अभिलेखों का बारिकी से निरीक्षण किया। और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। शनिवार दोपहर को आकस्मिक निरीक्षण हेतु पहुंचे एसएसपी संजय कुमार वर्मा द्वारा त्यौहार रजिस्टर,अपराध रजिस्टर, टाप-10 अपराधियों की सूची का अवलोकन किया गया। वही नये सिरे से टाप-10 अपराधियो को चिन्हित कर वैधानिक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसके अलावा थानाक्षेत्र में अवैध मादक पदार्थो,अवैध शराब, जुआ व सटा की पूर्णत: रोकथाम करने, शातिर अपरा. धियो व हिस्ट्रीशीटरों के सत्यापन करने के साथ ही आम जनता से शालीनतापूर्ण व्यवहार करने एवं महिला सम्बन्धी अपराधों की जांचकर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। वही थाना परिसर में खडी पुलिसकर्मी की माडिफाइड साइलेन्सर लगी बुलेट मोटर साईकिल को देखकर एसएसपी नाराज हो गये। उन्होंने बाईक का चालान करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए कहा कि पुलिसकर्मी हो या आमजनमानस यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर डा0 रविशंकर, प्रभारी निरीक्षक चरथावल जसवीर सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



# साइकिल सवार व्यक्ति बाइक से टक्कर लगने से हुआ घायल

**जानसठ।** गांव तालडा निवासी साइकिल व्यक्ति को अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मारी , टक्कर लगने से हुआ घायल।

शनिवार को थाना क्षेत्र के गांव तालडा निवासी नाथन पत्र रामदास तालडा गांव से जानसठ की ओर आ रहा था जैसे ही गांव से आगे निकला ही था कि पिछे से आ रहे अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा और घायल हो गया सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिसकर्मी ने इसे उठाकर उपचार हेतु जानसठ सीएससी पर भर्ती कराया जहां चिकित्सकों द्वारा उसे प्राथमिक उपचार दिया गया।

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल-द्वितीय, मुजफ्फरनगर**

**ई-निविदा सूचना**

ई.निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

1-07,08,09,10,11,12/2025-26, वि.वि.खं.-खतौली एवं बुढाना के अन्तर्गत बिजनेस प्लान 2025-26 के अन्तर्गत सुदृढीकरण/मरम्मतीकरण सम्बन्धित कार्य।

2-13/2025-26, वि.वि.खं.-बुढाना के अन्तर्गत पूर्ण जमा योजना के कार्य हेतु।

**ई.निविदा की अन्तिम तिथि: 15.09.2025, 12:00 बजे**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेत्तर समस्त सूचनाऐं वेबसाईट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

## चार महीनों में 50 से अधिक पुरुषों ने कराया नसबंदी ऑपरेशन

**मुजफ्फरनगर।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया के नेतृत्व में जिले में परिवार नियोजन कार्यक्रम को नई गति और सफलता मिल रही है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष मात्र चार महीनों की अवधि में ही 50 से अधिक पुरुष नसबंदी ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं, जबकि पिछले पूरे वित्तीय वर्ष 2024-25 में केवल 47 पुरुष नसबंदी ऑपरेशन ही किए गए थे। यह उपलब्धि जिले में परिवार नियोजन के प्रति बढ़ती जागरूकता और स्वास्थ्य विभाग की सतत मेहनत का स्पष्ट प्रमाण है। डॉ. सुनील तेवतिया ने इस अभियान में व्यक्तिगत रुचि लेते हुए न केवल इसकी निगरानी की, बल्कि स्वयं ऑपरेशन थिएटर में जाकर सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने अपने हाथों से ही 20 से अधिक पुरुष नसबंदी ऑपरेशन किए,।इस अभियान में कार्यक्रम की नोडल अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दिव्या वर्मा का योगदान भी सराहनीय रहा। उन्होंने पूरे कार्यक्रम की प्रभावी रूप से मॉनिटरिंग की और टीम को संगठित तरीके से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। जिला परिवार कल्याण एवं लॉजिस्टिक्स प्रबंधक डॉ दिव्यांक दत्त ने लॉजिस्टिक्स का प्रबंधन वो राज्य स्तर तक रिपोर्टिंग कार्य को अच्छे से बखूबी निभाया। मुख्य चिकित्साधिकारी ने अपील की कि लोग स्वेच्छा से पुरुष नसबंदी अपनाएँ और छोटे परिवार के सिद्धांत को अपनाकर सुखी जीवन का निर्माण करें।

# 16 वर्षों से फरार पिता पुत्र के हत्यारोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** भोपा मे 16 वर्ष पूर्व तहेरे भाई प्रोफेसर विनोद की सरेआम हत्या के अगले वर्ष बाद जंगल मे ताऊ राजकरण की हत्या करने के बाद से फरार चल रहे आरोपी दो सगे भाई धीरज व नीरज को एस टी एफ ने गिरफ्तार कर लिया।

आवश्यक पूछताछ के बाद भोपा पुलिस ने दोनों को न्यायलय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। थाना व गांव भोपा मे पिता- पुत्र की हत्या को अंजाम देने के बाद फरार चल रहे चालीस चालीस हज़ार के इनामी दो सगे भाई धीरज राठी व नीरज राठी को शुक्रवार को एसटीएफ की टीम ने गुजरात के अहमदाबाद व राजस्थान के जय पुर से गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को दोनों आरोपियों को जेल भेजा गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 11 अगस्त 2009 को भोपा मे होली चौक पर विनोद पुत्र राजकरण राठी की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी जिसमें पिता राजकरण द्वारा परिवार के ही ऋषिपाल पुत्र गिरवर व उसकी पत्नी बाला तथा पुत्र धीरज, नीरज, सहनसरपाल पुत्र गिरवर उसके पुत्र रोहित निवासीगण भोपा तथा रामधन निवासी गांव शोरम थाना शाहपुर के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसके बाद बेटे की हत्या के मुकदमे की पैरवी कर रहे राजकरण राठी की हत्या 12 मई 2010 को जंगल मे कर दी गयी। राजकरण की हत्या का मुकदमा पत्नी सुशीला द्वारा दर्ज कराया गया जिसमे धीरज व नीरज के अलावा उनकी माता बाला, कुसुम पत्नी सहनसरपाल, मोहित पुत्र सहनसरपाल, ;षिपाल पुत्र गिरवर निवासीगण भोपा व विक्रम पुत्र जबर सिंह निवासी गांव रहमतपुर थाना भोपा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद धीरज व नीरज लगातार पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे थे।दोनों के घर कुर्की की कार्रवाई कर लगातार सुरागरसी कर तलाश जारी थी। धीरज व नीरज को 16 वर्षो बाद जेल भेजकर पुलिस ने अपनी कार्यकुशला व ब्विशनीयता को ख्रढ करते हुए राहत की सांस ली है। क्षेत्राधिकारी देववृत वाजपेयी ने बताया की आधुनिक तकनीक से लेस एसटीएफ टीम द्वारा दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।धीरज को गुजरात राज्य के सानंद अहमदाबाद व नीरज को राजस्थान राज्य के प्रताप नगर जयपुर से गिरफ्तार किया गया है।पूछताछ मे दोनों अभियुक्त ने पहचान बदलकर रहना तथा बेहद चतुराई के साथ दूसरे राज्यों मे ही परिवार से कभी कभी सम्पर्क करना बताया।

# विद्युत एसडीओ से मिले भाकियूअ कार्यकर्ता



**बुढ़ाना।** शनिवार के दिन बिजली की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का एक प्रतिनिधिमंडल जिसमें बुढाना तहसील अध्यक्ष अमित ठाकुर, तहसील उपाध्यक्ष कपिल ठाकुर, राजपुर छाजपुर की महिला ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि अनिरुद्ध सिंह और इरफान अहमद आदि ने बिजली विभाग के एसडीओ कांधला को ज्ञापन दिया और उन्हें बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें मुख्य रूप से खेत की लाइन के जर्जर तार को बदलने, गलत बिजली बिल और खेत व टाउन की बिजली को शेडडूल से देना आदि समस्याओं से अवगत कराया और साथ ही बताया गया कि भाकियू अराजनैतिक अपने क्षेत्र में स्मार्ट मीटर बिल्कुल भी नहीं लगने देगी। अगर जल्द इन समस्त समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो डागरोल बिजली घर पर जल्द ही अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा।

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0**
**अधीक्षण अभियंता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल, मुजफ्फरनगर**

**ई-निविदा सूचना**

निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. 24/EUDC MZN/2025-26, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-टाउन हाल के क्षेत्र में 11 केवी लाईन सुदृढ़ीकरण का कार्य, प्रपत्र शुल्क - रू0 3540, धरोहर राशि - रू 28000
2. 25/EUDC MZN/2025-26, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-टाउन हाल के क्षेत्र नये 11/0.4 केवी उपकेन्द्रों का निर्माण कार्य, प्रपत्र शुल्क - रू0 3540, धरोहर राशि - रू 31200
3. 26/EUDC MZN/2025-26, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-टाउन हाल के क्षेत्र में अतिभारित परिवर्तकों की क्षमतावृद्धि का कार्य, प्रपत्र शुल्क - रू0 3540, धरोहर राशि - रू 73000
4. 27/EUDC MZN/2025-26, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-टाउन हाल के क्षेत्र में वी0सी0बी0 को बदलने का कार्य, प्रपत्र शुल्क - रू0 3540, धरोहर राशि - रू 20600
5. 28/EUDC MZN/2025-26, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-टाउन हाल के क्षेत्र में उपकेन्द्रों के सुदृढीकरण एवं 33 केवी लाईनों से सम्बन्धित कार्य, प्रपत्र शुल्क - रू0 3540, धरोहर राशि - रू 25400
6. 29/EUDC MZN/2025-26, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-जानसठ के क्षेत्र में अतिभारित वितरण परिवर्तकों की क्षमतावृद्धि करना एवं नये 11/0.4 केवी उपकेन्द्रों का निर्माण कार्य, प्रपत्र शुल्क - रू0 3540, धरोहर राशि - रू 16200
7. 30/EUDC MZN/2025-26, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-जानसठ के क्षेत्र में उपकेन्द्रों के सुदृढीकरण का कार्य, प्रपत्र शुल्क - रू0 3540, धरोहर राशि - रू 27700
8. 31/EUDC MZN/2025-26, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-सिविल लाईन के क्षेत्र में वी0सी0बी0 बदलने का कार्य, नये 11/0.4 केवी उपकेन्द्रों का निर्माण कार्य, एल0टी0 एवं 11 केवी लाईन सम्बन्धी कार्य, प्रपत्र शुल्क - रू0 3540, धरोहर राशि - रू 27400
9. 32/EUDC MZN/2025-26, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-सिविल लाईन के क्षेत्र में अतिभारित परिवर्तकों की क्षमतावृद्धि करना एवं उपकेन्द्रों के सुदृढीकरण का कार्य, प्रपत्र शुल्क - रू0 3540, धरोहर राशि - रू 10900
10. 33/EUDC MZN/2025-26, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-सिविल लाईन के क्षेत्र में 33 केवी लाईन के सुदृढीकरण का कार्य, प्रपत्र शुल्क - रू0 3540, धरोहर राशि - रू 35600
11. 34/EUDC MZN/2025-26, विद्युत नगरीय परीक्षण खण्ड के अन्तर्गत 33/11 केवी उपकेन्द्रों पर स्थापित पॉवर परिवर्तकों से सम्बन्धित कार्य, प्रपत्र शुल्क - रू0 3540, धरोहर राशि - रू 19600
12. 35/EUDC MZN/2025-26, विद्युत नगरीय परीक्षण खण्ड के अन्तर्गत 33/11 केवी उपकेन्द्रों के सुदृढीकरण सम्बन्धित कार्य, प्रपत्र शुल्क - रू0 3540, धरोहर राशि - रू 15900

ई-निविदा की अंतिम तिथि : 24 सितम्बर 2025, 12:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

### सूचना

मेरा पुत्र तोहिद व पुत्रवधू शबाना मेरे कहने सुनने में नही है। मेरे परिवार व मेरे बच्चों के साथ आये दिन लडाई झगडा करते है। गलत संगत मे उनका उठना बैठना था जिस कारण मैने अपने पुत्र को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा तथा भविष्य में मेरा व मेरे परिवार को मेरे पुत्र तोहिद व उसकी पत्नी शबाना से कोई मतलब वास्ता नही रहेगा। मैने जून 2025 को भी इस सम्बन्ध में एसएसपी को पत्र भेजा था।

**मेहरबान पुत्र रहमतुल्ला**
**निवासी आमना मस्जिद के पास,**
**मौहल्ला झोझगान कस्बा व थाना**
**पुरकाजी जिला-मुजफ्फरनगर**

# प्रश्न उत्तर के माध्यम से प्रशिक्षण की गुणवत्ता का किया परीक्षण

**बुढ़ाना।** शनिवार के दिन ब्लाक संसाधन केंद्र बुढ़ाना की खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव की अध्यक्षता में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान तथा एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों पर आधारित शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम एआरपी नरेश कुमार, संजीव कुमार, रवि शंकर, अमीर अहमद एवं क्षमा जांगिड़ के द्वारा प्रशिक्षण की शुरुआत की गई। सभी एआरपी द्वारा प्रशिक्षण को बड़ी मेहनत के साथ दिया जा रहा है। श्रीमती किरण यादव खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा प्रशिक्षण कक्षाओं का निरीक्षण किया गया तथा प्रतिभागियों से प्रश्न उत्तर के माध्यम से प्रशिक्षण की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया। इस प्रशिक्षण में ओमपाल तोमर, राज. कुमार यादव, सुधीर कुमार, बबलू, प्रिया चौधरी, मोहम्मद सलीम, आबाद अहमद, दीपक कुमार तोमर, दीपक दहिया, प्रवेश कुमार, सचिन कुमार, मोहित कुमार, रितु रस्तोगी, सतीश कुमार शर्मा, चित्रसेन, अमित कुमार, अजीत सिंह, अनुराधा, अमित कुमार राठी, सोनम, डिंपल साहनी, मोहम्मद गुलफाम, सतीश कुमार शर्मा, संजीव कुमार, जगपाल, कोमल शर्मा, संजीव कुमार, राम ज्योति, राखी वेश, सरू, दीपा गोयल और सुरेखा आदि प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।



## कंपोजिट स्कूल डुंगर में मनाया नेशनल स्पेस डे

**बुढ़ाना।** शासनादेश अनुसार आज शनिवार के दिन खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डूंगर में स्कूल प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में नेशनल स्पेस डे जिसमें संगीत के माध्यम से सभी बच्चों को नेशनल स्पेस डे बच्चों को नई नई खोज के बारे में बताया गया। उसके बाद स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि नेशनल स्पेस डे का मुख्य उद्देश्य यह है कि छात्र छात्राओं को अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति जागरूक करते हुये उन्हें अभिप्रेरित करना है

## श्रीकष्ण शोभायात्रा आकर्षक झांकियों के साथ निकाली गई

**चरथावल।** कस्बे में हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल के उदघोष के साथ युवा जागरण मंच के तत्वाधान में श्रीकृष्ण शोभायात्रा अनेक सुंदर व आकर्षक झांकियों के साथ निकाली गयी। हनुमान मन्दिर से शुरू हुई शोभायात्रा का शुभारंभ पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंघल व समाजसेवी अभिषेक बंसल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।वही जिला पंचायत सदस्य डा. विपिन त्यागी व भाजपा नेता मनीष गर्ग ने नारियल तोड़कर बांके बिहारी के रथ शुभारंभ किया। शोभायात्रा का श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया गया। रथ पर बनी भगवान बांके बिहारी की सुंदर झांकी को जिला पंचायत सदस्य डा. विपिन त्यागी, मनीष गर्ग,प्रधान जैकिराज सैनी,अनमोल गर्ग,निधीश गर्ग,दीपक त्यागी आदि श्रद्धालुओं ने खींचा। इस मौके पर श्रीराम गुप्ता, शिवकुमार, आरुप कुच्छल, अनमोल सिंघल, तरंग गर्ग, योगिराज प्रेमी ,प्रत्यक्ष गर्ग,सार्थक सिंघल, मनीष सिंघल, हनी सिंघल, दीपक त्यागी, विशाल त्यागी,सीलु त्यागी,मोनू त्यागी, सागर, रविन्द्र, यशपाल, अंशुक गर्ग आदि का सहयोग रहा।

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र स. 11876 दिनांक 01.10.2024 में गलती से पुत्र का नाम मोहम्मद उजैफ दर्ज करा दिया गया जबकि वास्तविक नाम मोहम्मद यूसुफ है, इसे भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायगा। शुद्धिकरण हेतु शपथ पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**निवेदक,**
**रमीज़ अशरफ**
**पुत्र श्री अशरफ परवेज़**
**निवासी 853/37 अम्बा विहार, मुजफ्फरनगर**

# अति पिछड़ों के शोषण पर कोई जनप्रतिनिधि नहीं बोलता : प्रजापति

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय अति पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा का दो दिवसीय चिंतन शिविर शुक्रतीर्थ शुर्कताल में कश्यप धर्मशाला में आयोजित हुआ जिसका आज प्रथम दिन था प्रथम दिन के शिविर को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने कहा हे कि अति पिछड़ों के गिरते राजनीति ग्राफ व हक अधिकारों को लेकर हम लोगों को जागरूक होना होगा क्योंकि कई ऐसी दबंग जातियां हे जिन्हें डाकू स्वरूप ऐसे हे जो हमारे हक अधिक. ारों पर डांका डाल रहे हे वहीं जो लोग समाज के सत्ता में बैठे हे उनको कोई फिक्र समाज की नहीं हे कि वह हमारे हकों की लड़ाई सड़क या सदन में उठा सके ऐसे लोग कुर्सी के लालची हे ओर समाज को गर्क में ले जाने का काम कर रहे हे जिसे हमें रोकना होगा आज अति पिछड़ों का हो रहा शोषण अत्याचार पर कोई जनप्रतिनिधि बोलने वाला नहीं हे सिर्फ हमारा संगठन ही मजबूती से आवाज उठा रहा वही राजनीति में भागेदारी इस लिए घट रही हे क्योंकि हम अति पिछड़ा वर्ग सड़क पर उतरना नहीं जानता इस लिए राजनी. तिक दल हमें अपना बंधुवा समझते हे इस लिए हमें एकजुट होकर आवाज बुलंद करनी चाहिए ककार्यक्रम कि अध्यक्षता अतर सिंह प्रधान, संचालन वरिष्ठ नेता सुमित प्रजापति,इस दौरान,रमेश पाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सतकुमार प्रजापति, मोर्चा नेता दिनेश पाल,उपाध्यक्ष राकेश वालिया, वरिष्ठ नेता रणवीर सैनी, नरेश प्रजा. पति, जावन के प्रधान, मनोज पाल, प्रभारी श्याम सुंदर प्रजापति, जगद. ीश पाल, रोबिन पाल, उपाध्यक्ष रजत प्रजापति, नगर अध्यक्ष सोनू प्रजापति, सोनू पाल, ओमप्रकाश प्रजापति, हर्ष पाल, युवा यश सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष महक सिंह पाल, प्रजापति शक्ति संगठन के अध्यक्ष कपिल प्रजापति, इंद्रपाल फौजी, राहुल कोरी, राजकुमार प्रजापति, राजेंद्र कश्यप, गौतम सैन, सचिन सैन, रोबिन पाल, मनीष कश्यप आदि मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: अति पिछड़ा संघर्ष मोर्चा के चितंन शिविर में मंचासीन अतिथिगण।

## विवाहिता के साथ मारपीट करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**भोपा।** विवाहिता के साथ सुसराल जनों द्वारा मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने आरोपी सुसराल पक्ष के खिलाफ तहरीर देकर कारवाई की मांग की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेलडा़ निवासी महिला रश्मि ने बताया कि पति व सास ससुर ने उसके साथ मारपीट कर दी जिंससे वह घायल हो गई पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कारवाई की मांग की कार्यवाहक थाना प्रभारी कर्मवीर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति अंकुर,सास करेशना व ससुर ओमपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र स.14156 दिनांक 01-12-2020 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्री का नाम अबीहा शेख़ अंकित नहीं कराया गया था। मेरी पुत्री का नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जानी जायगी। नाम पंजीकरण हेतु शपथ पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**निवेदक**
**रमीज़ अशरफ**
**पुत्र श्री अशरफ परवेज़**
**निवासी 853/37**
**अम्बा विहार, मुजफ्फरनगर**

# दम्पति व पुत्री ने ग्रामीण से ठगे 4 लाख रुपये

## कार्यवाही नहीं होने पर आत्महत्या की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** अज्ञात दंपति और उसकी पुत्री ने एक ग्रामीण से मकान बनवाने का झांसा देकर 04 लाख रुपये की नगदी हड़प कर ली। पीडित ने पुलिस को तहरीर देकर तीनों ठगों के विरुद्ध कार्यवाही न होने पर आत्महत्या की चेतावनी दी है।

मिली जानकारी के अनुसार सतेन्द्र पुत्र नरेश निवासी ग्राम उकावली ने बुढ़ाना पुलिस को शनिवार के दिन एक तहरीर देते हुए बताया कि वह एक गरीब मजदूरी पेशा व्यक्ति है। उसके घर बीते वर्ष फरवरी के महीने में एक व्यक्ति व एक औरत आई और मुझे कहने लगे कि हमें एक दूध की गाय खरीदनी है। उसने कहा कि हमारे कोई गाय बिकाऊ नहीं है। उक्त व्यक्ति ने अपना नाम गुलफाम उर्फ दिलदारा खान निवासी मैनापुठी थाना सरूरपुर जिला मेरठ बताया और अपने साथ आई औरत को अपनी पत्नी बताया।

हमारे मकान पर करीब 2 घण्टे तक रहने के बाद बातचीत करते हुये वह मुझे कहने लगा कि मै समाज कल्याण विभाग मुजफ्फरनगर में बाबू के पद पर कार्यरत हूँ और मेरी एक पुत्री सपना उर्फ शहजादी लखनऊ मे कलर्क के पद पर है। वह मुझे कहने लगा कि मैं तुम्हारा मकान पक्का बनवा दूंगा। तथा पीएम आवास योजना के अन्तर्गत तेरी फाईल बनवाकर कुछ ही दिनो मे तेरे खाते में पैसे डलवा दूंगा। वह उनके बहकावे में आ गया और उसे ब्याज पर लाकर 20 हजार रूपये नगद दे दिये तथा उसने बात करने के लिये उससे उसका नम्बर लिया और उसको अपना भी मोबाइल नंबर देकर चला गया। वह उससे कभी नगद कभी अपने फोन पेय नंबर पर रूपये ऐंठता रहा तथा उसको कहने लगा कि जो तुम्हारे ऊपर केसीसी का कर्जा है मैं उसे भी अपनी पुत्री जो लखनऊ मे कलर्क है उसे कहकर माफ करवा दूंगा। फिर उसके बाद उसकी लडकी सपना उर्फ शहजादी का फोन उसके नंबर पर आया और बोली की मेरे इस नंबर पर रूपये डाल दो। तुम्हारी केसीसी की फाईल पर साहब के साईन होने हैं। जिसमें उन्हे पैसे देने होंगे। तीनों ने ऐसे ही करते हुये उससे करीब 4 लाख रूपये धोखाघडी करके जब्त कर लिये। वह जब भी उन्हे फोन करके अपने काम के बारे में कहता है तो वे कहते है कि सब काम कम्पलीट है। कुछ ओर रूपये भेज दो। वह उन्हे पैसे देकर कर्ज बंद हो गया है। जिससे अब उसे कर्जे वाले परेशान कर रहे हैं। उसकी जमीन व मकान बिकने के कगार पर है। अगर इन तीनों ठगों से उसके 04 लाख रुपये बुढ़ाना पुलिस ने नही दिलवाए तो वह आत्महत्या जैसा कदम उठाने पर मजबूर होगा।

## मोनू खटीक को न्याय दिलाने की मांग, खटीक समाज ने तहसील में किया जोरदार प्रदर्शन

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** बुढ़ाना में बीते दिनों भीड़ द्वारा पीट-पीटकर की गई मोनू खटीक की हत्या के विरोध में शनिवार को खटीक समाज के लोगों ने तहसील परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान समाज के सैकड़ों लोग हाथों में बैनर लेकर नारेबाजी करते हुए एसडीएम राज. कुमार भारती को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि निर्दोष मोनू खटीक को चोर समझकर बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया गया, जो मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस-प्रशासन की लापरवाही के कारण यह घटना हुई है, जिससे खटीक समाज गहरे आक्रोश में है।ज्ञापन सौंपते हुए खटीक समाज के लोगों ने मांग की कि मृतक मोनू खटीक की पत्नी को सरकारी नौकरी दी जाए और पीड़ित परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से उचित आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। इसके साथ ही आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर उन्हें कड़ी सजा दिलाने की मांग भी उठाई। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला तो खटीक समाज उग्र आंदोलन करेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में अजय खटीक, विपुल कुमार, अंकित खटीक, अश्वनी खटीक, राजकुमार, तुषार धारीवाल, बृजलाल तितोरिया, सचिन धारीवाल, गौरव मुंडे, संजय कुमार, राकेश खटीक, सोनू, विशाल कुमार और पुष्पा खटीक समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### छपार थाने में एसएसपी ने सुनी जनसमस्याएं

**छपार ।** थाने पर लगे समाधान दिवस में पहुंचे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा ने जन समस्याएं सुनी और पुलिस से कहा कि जनता के कुशल व्यवहार कर समस्याओं का समाधान कराये व अपराधों पर अंकुश लगाये। सीओ सदर रवि शंकर मिश्रा,गजेन्द्र सिंह थाना प्रभारी, राजकिशोर त्यागी कानूनगो,सियानंद, रणधीर सिंह, धर्मेंद्र शर्मा, प्रशांत चौरसिया, मनोज कुमार, देवेंद्र कुमार आदि लेखपाल मौजूद रहे।

### पुलिस को भ्रमित कर कराई गलत नामजदगी

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के प्रमुख सीमेंट व्यवसाई और समाजसेवी प्रताप नारायण त्यागी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए मोनू की मौत के बाद रोजाना हो रही राजनिति को लेकर दुख जाहिर करते हुए कहा कि एक गरीब की मौत पर राजनैतिक मातम मनाया जा रहा है। इस छोटे से कस्बे के आपसी सौहार्द को बिगाड़ने के लिये चंद हिन्दुत्व के कथित अराजक ठेकेदार हर सम्भव कोशिश कर रहे हैं लेकिन धन्य हैं कस्बे के दोनों समुदाय जो इन फर्जी ठेकेदारों के जाल में नहीं फंसे हैं और ना ही फसेंगे। याद रखें ये वही चेहरे हैं जिन्होंने 2013 के दंगों में अहम भूमिका निभाई थी। कवाल कांड के असली सूत्रधार। बुढ़ाना को भी ये लोग कवाल बनाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन बुढ़ाना के सम्मानित नागरिक ऐसा नहीं होने देंगे। मोनू खटीक मेरा पड़ोसी था। जो एक आकस्मिक दुर्घटना का शिकार हुआ है। इस दुर्घटना को हिन्दू मुस्लिम के चश्मे से ना देखा जाए। उसके प्रति हमारी संवेदनाएं हैं लेकिन उस गरीब की मौत का मजाक बनाया जा रहा है। कुछ लोग अपने अपने हित साधने की कोशिश कर रहे हैं। राजनैतिक रोटियां सेंकने की कोशिश की जा रही है। पुलिस प्रशासन को भ्रमित कर गलत नाम दर्ज कराए जा रहे हैं। जो सरासर गलत है और मानवता के बिल्कुल खिलाफ

### पैसे मांगने पर बाइक मिस्त्री पर जानलेवा हमला

**छपार।** बाइक में लेमिनेशन करने के रुपए मांगने पर दो युवकों ने मिस्त्री पर हमला कर लहुलूहान कर दिया ओर मौके से फरार हो गये। गांव बसेड़ा निवासी सुहैल गांव में ही बरला मार्ग पर धर्मकांटे के सामने बाइक पर लेमिनेशन करने का कार्य करता है उसने गांव के ही अनस की बाइक पर 10 दिन पूर्व लेमिनेशन किया था उसने बाद में रुपये देने का वादा किया था। शनिवार को उसने अनस से रुपये मांगे तो वह एक अज्ञात युवक को साथ लेकर दुकान पर पहुंचा ओर मिस्त्री पर लोहे की रा ड से हमला कर दिया जिससे उसका सिर फट गया ओर वह लहुलूहान हो गया। आरोपी मौके से भाग गये। पीड़ित के चचेरे भाई शाहरुख़ ने थाने में हमलावरों के विरुद्ध तहरीर दी हैं

### दीपक कुमार बनाए गए उमरपुर चौकी प्रभारी

बुढ़ाना। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र की उमरपुर पुलिस चौकी के प्रभारी सुरेंद्र राव का आज शनिवार के दिन अन्य जनपद सहारनपुर के लिए तबादला हो जाने पर उनके स्थान पर जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बुढ़ाना कोतवाली में तैनात सब इंस्पेक्टर दीपक कुमार को उमरपुर पुलिस चौकी का नया इंचार्ज बनाया है। आदेश मिलते ही दीपक कुमार ने उमरपुर पुलिस चौकी का चार्ज संभाल लिया है।

### शक्ति क्लब ने निकाला रामलीला ध्वज

मुजफ्फरनगर। शक्ति क्लब रजिस्टर्ड द्वारा आयोजित श्री राम लीला महोत्सव का ध्वजारोहण श्री रामलीला मैदान से विधिवत् पूजा-अर्जना के बाद नगर भ्रमण के लिए हनुमान जी के द्वारा ध्वज यात्रा निकाली गई। जो शहर के मुख्य बाजारों से होती हुई वापस रामलीला मैदान पर संपन्न हुई। पूजा अर्चना में मुख्य संरक्षक विजेन्द्र गोयल, मुकेश गोयल, गौरव स्वरूप, कुश पुरी, अविनाश त्यागी सहित अध्यक्ष बिजेंदर पाल, सचिव संजीव दीपित, कोषाध्यक्ष स. राजेन्द्र सिंह एडवोकेट, मीडिया प्रभारी नवनीत कौशिक, पवन पाल, सुनील कपिल, उमेश चौरसिया, संयोजक सत्येंद्र पंवार, नीरज शर्मा, शिवकुमार शर्मा, आडीटर अशोक शर्मा, शैलेड नेगी, डा. अमरीश त्यागी, गौरीकांत त्यागी निर्देशक गुरु विजेंद्र जी , प्रववशमी, नवनीत वर्मा, अज्जु शर्मा, सुनील रहेला, रविकांत शर्मा सभासद, अखिलेश पाल, राजीव अरोरा, सुशील पाल, महीपाल धीमान आदि के साथ-साथ क्षेत्र के गणमान्य व्यातियो ने ध्वज यात्रा में भाग लिया

### पूर्व विधायक संगीत सोम मोनू के परिजनों से मिले

**बुढ़ाना।** सरधना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक संगीत सोम शनिवार के दिन बुढ़ाना में पहुंचे। जहां पर उन्होंने मोनू खटीक के परिजनों से मुलाकात की और उनको ढांढस बंधाते हुए कहा कि वे इस दुख की घड़ी में आपके साथ हैं। पत्रकारों से बातचीत करने के दौरान उन्होंने साफ कहा कि मोनू की निर्मम हत्या की गयी है। मोनू की हत्या के संबंध मे जो भी वीडियो वायरल हो रहे हैं उसको पूरा देश देख रहा है। मोनू को मारने वाले जितने भी लोग हैं उनमें से एक भी नहीं बचेगा यह बात में यहां पर सभी के सामने कहकर जा रहा हूं। में इस मामले में शासन से अधिकरियों से और अपनी पार्टी के लोगों से बात करूंगा। फिलहाल जो दो लोग नेम्ड हैं वे कल तेर. हवीं रस्म से पहले पहले पकड़ लिए जाएं नहीं तो जनता इस मामले में पूरी उग्र है यह भी ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि में आज यहां पर आकर मोनू के परिवार के लोगों से मिला हूं। सबने बताया वह अपनी बहन से मिलने गया था। दूसरे समुदाय के लोगों ने उसकी हत्या कर दी। ऐसे लोग दुष्ट हैं। जो सीमा पार कर रहे हैं। भाजपा की सरकार है फिर भी ये लोग बाज नहीं आ रहे। इनका इलाज जल्द होगा। इस दौरान भाजपा बुढ़ाना मंडल अध्यक्ष ठाकुर मोनू कुरथल, हिमांशु संगल व यशपाल पंवार आदि लोग मोजूद थे।

### सीडीओ को चरथावल में मिले तीन कर्मचारी गैर हाजिर

**चरथावल।** शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी कमलकिशोर कण्डारकर ने विकास खंड चरथावल का निरीक्षण कर प्रभारी बीडीओ विक्रान्त चौधरीको महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ब्लॉक परिसर में साफ-सफाई, पेड़ों का रखरखाव और फरियादियों के लिए बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सीडीओ ने निर्देश दिए कि ब्लॉक में आने वाले किसी भी फरियादी की समस्या को कर्मचारी तुरंत सुनें। उन्होंने कहा कि शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया जाए, जिससे ग्रामीणों को परेशानी न हो। उन्होंने ब्लाक परिसर में डस्टबिन रखवाने,साफ सफाई रखने एवं बिल्डिंग की मरम्मत कराने के निर्देश दिए।इसके बाद उन्होंने सफाईकर्मियों से समस्याएं सुनी एवं आवश्यक निर्देश दिए।इसके बाद उन्होंने चरथावल सीएचसी का निरीक्षण किया गया।इमरजेंसी में सफाई व्यवस्था न मिलने पर नाराजगी जताई।वही निरीक्षण के दौरान तीन कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए।

### माउंट लिट्रा जी स्कूल में इंग्लिश डिबेट कंपटीशन का आयोजन

**मुज़फ्फरनगर।** दिन शनिवार को लिंक रोड स्थित माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल में सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स के सौजन्य से एक भव्य इन्टर स्कूल इंग्लिश डिबेट कंपटीशन का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करा चुके मास्टर विजय, शिव कुमार अध्यक्ष सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स, संदीप मलिक,चेयरमैंन सिल्वर ऑक पब्लिक स्कूल, नीरज बलियान, फाउंडर मेंबर ऑफ़ इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन, दुष्यंत त्यागी अध्यक्ष न्यू वेलकिन पब्लिक स्कूल मुझेड़ा, विराज चौधरी ,अध्यक्ष इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल मोरना आदि उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल के रूप में निशी त्यागी व बी.एस. त्यागी उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में जिले के लगभग 20 प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रतिभाशाली छात्रों ने भाग लिया। विद्यालय निर्देशिका चारु भारद्वाज, संयुक्त निर्देशक सुनंद सिंघल एवं प्रधानाचार्य डॉ. के. जी.अरोरा ने प्रतियोगिता में सम्मिलित सभी छात्रों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। परिणाम घोषणा के अंतर्गत प्रथम स्थान का गौरव पक्ष में एम.जी. वर्ल्ड विजन की छात्रा पारखी व विपक्ष में माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल के छात्र कामरान अहमद ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर पक्ष में जीडी गोयंका की छात्रा आराध्या व विपक्ष में मेपल्स अकैडमी, खतौली के छात्र उत्कर्ष ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। तृतीय स्थान पर पक्ष में ज्ञान स्थली का छात्र विधान व विपक्ष में जी.डी. गोयंका की काशवी का कब्जा रहा।

# रसूलपुर दभेड़ी के अध्यक्ष बने हाफिज शौकीन

**बुढ़ाना।** शनिवार की सुबह बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेडी में जमीयत उलेमा ए हिंद इकाई उत्तर प्रदेश के सचिव कारी ज़ाकिर हुसैन की बहदायत का गठन किया गया। जमीयत उलेमा बुढ़ाना के नगर अध्यक्ष मुफ़्ती आस मुहम्मद कासमी ने पर्यवेक्षक के रूप में शिरकत की और लोगों को जमीयत से जोड़ने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि यह विद्वानों की एक ईमानदार जमात है। जो हर मुद्दे पर मुसलमानों का प्रतिनिधित्व करती है। हमारा प्रयास है कि सभी लोग इस जमात से जुड़ें। इसके बाद चुनाव शुरू हुए। गांव के अध्यक्ष हाफ़िज़ शौकीन अढा वाली मस्जिद के इमाम व ख़तीब चुने गए। महासचिव मौलाना अम्मार, उपाध्यक्ष मौलाना गुलफ़ाम व मौलाना साबिर, सचिव मुफ़्ती सलीम और कारी शाह आलम चुने गए। कोषाध्यक्ष कारी हशमत अली चुने गए और इस अवसर पर अन्य सदस्यों का भी चयन किया गया। हाफिज निज़ाम, कारी मुनव्वर गुफरानी, घ्हाफिज दिलशाद, मुहम्मद इस्लाम, हाफिज यूनुस, मदरसा अशरफ उलूम के प्रमुख अली हसन अंसारी, हाफिज आसिफ हशरो, मौलवी मेराज, हाफिज मुहम्मद जावेद, कारी सलमान, मुफ्ती इसरार, कारी जीशान, हाफिज रफाकत, हाफिज हुसैन अहमद, नाजिम दारुल उलूम रहीमिया, हाफिज मुहम्मद अजमल, दीन मुहम्मद, मीडिया प्रभारी हाफिज जमीर अहमद, कारी आरिफ, मास्टर आस मुहम्मद, मुफ्ती मुबाशिर राहत ने सदस्य व पदाधिका. रियों को बधाई दी।

# पीआर पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ अलंकरण समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पचेंडा रोड स्थित पी.आर.पब्लिक स्कूल में वर्ष 2025 -26 के अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। शॉर्ट लिस्टेड किए गए छात्रों को उनके अनुशासन नेतृत्व और जिम्मेदारी की भावना के आधार पर अंक दिए गए।

साक्षात्कार के दौर में चयन के लिए छात्राओं को उनके द्वारा चुने गए विषय पर अपने विचार रखने का अवसर दिया गया। उनके आत्मविश्वास का परीक्षण किया गया। चयनित छात्र-छात्राओं में रोज हाउस से कैप्टन विवेक बिंदल, वाइस कैप्टन रितिका, लोटस हाउस से कैप्टन अनस और वाइस कैप्टन अनुभव सिंघल, लिली हाउस से कैप्टन अंशिका शर्मा और वाइस कैप्टन मन्नत हसीजा, टड्लिप हाउस से कैप्टन दीक्षा चौधरी और वाइस कैप्टन नमन सिंघल तथा ग्रीनरी कैप्टन विधि कलसन, वाइस कैप्टन कनिका शर्मा, स्पोर्ट्स कैप्टन आशु, वाइस कैप्टन ओम प्रताप, लिटरेरी कैप्टन आकृति बंसल चयनित हुए तथा विद्यालय के हेड बॉय के रूप में तेजेंद्र नारंग तथा हेड गर्ल के रूप में वैष्णवी चौधरी को चुना गया।

स्कूल प्रधानाचार्य अनघ सिंघल ने सभी विद्यार्थियों से कहा कि आप सब भी अपने आपको सक्षम और सुयोग्य बनाने का प्रयास करें ताकि भविष्य में आप को भी इन जिम्मेदारियां को निभाने के लिए चयनित किया जा सके ।स्कूल प्रबंधक अशोक सिंघल ने कहा कि- नेता वही होता है जो रास्ता जानता है। रास्ते पर चलता है। और रास्ता दिखाता है और हम सभी आप चयनित विद्यार्थियों से यह उम्मीद रखते हैं कि आप अपने इस नेतृत्व को पूर्ण रूप से ईमानदारी के साथ निभाएंगे। आज के इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में प्रवीण कुमार ,दिव्या शर्मा, शंकर शर्मा, अनुपम सैनी, शिखा ठाकुर, बीना वत्स, निशु चौधरी विशांक त्यागी ,प्रज्ञा सिंधी, प्रियांशी ठाकुर आदि का विशेष योगदान रहा।

## संगोष्ठी आयोजित

मुज़फ्फरनगर। श्री राम कॉलेज में सूचना प्रसारण में सोशल मीडिया की भूमिका विषय पर संगोष्ठी आयोजित की।

श्री राम कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार संकाय द्वारा सूचना प्रसारण में सोशल मीडिया की भूमिका विषय पर एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर प्रशांत कुमार निदेशक तिलक स्कूल ऑफ जर्नलिज़्म एंड मास कम्युनिकेशन, चौ0 चरणसिंह विश्वविद्यालय, मेरठ, डॉ. एस.सी. कुलश्रेष्ठ चेयरमैन, श्री राम ग्रुप आफ कालिजेज, डॉ प्रेरणा मित्तल प्राचार्या श्री राम कॉलेज तथा डीन एकेडमिक्स डा विनीत कुमार शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्लवित कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के पहले सत्र में छात्रों ने विषय से संबंधित अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किए,

# न्यू वैल्किन पब्लिक स्कूल में इन्वेस्टर सेरेमनी का हुआ आयोजन

**भोपा।** जट मुझेड़ा स्थित न्यू वैल्किन पब्लिक स्कूल में शनिवार को स्टूडेंट काउंसिल का गठन व पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम का प्रारम्भ विद्यालय की प्रबन्धक समिति के द्वारा माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया गया। कार्यक्रम में हैड बॉय शौर्य, हैड गर्ल वर्णिका के साथ -साथ कैप्टन, क्लास मॉनिटर, वालंटियर, को-ओर्डीनेटर, प्रिफेक्ट, एग्जाम इंचार्ज, एक्टिविटी इंचार्ज, डिसिप्लिन इंचार्ज, स्पोर्ट टीचर का पदभार ग्रहण, समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह के समापन पर विद्यालय के उपाध्यक्ष केके आनंद ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है ।

यह न केवल बच्चो में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को विकसित करते है बल्कि उनमे जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना भी जाग्रत करते है। उन्होंने सभी को निष्ठा एवं परिश्रम के साथ अपने कर्तव्यो का निर्वाहन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

# सपा नेता सत्येंद्र पाल ने रक्तदान कैंप का किया उद्घाटन



**बुढ़ाना।** विधानसभा क्षेत्र के कस्बा शाहपुर में आज शनिवार के दिन पुलिस चौकी के सामने लगे रक्तदान कैंप का उद्घाटन सपा के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र पाल ने अपने कर कमलों द्वारा सैंकड़ों लोगों की मौजूदगी में फीता काटकर किया। सपा नेता सत्येंद्र पाल ने खुद भी रक्तदान किया और साथ में आए कई समर्थकों का भी रक्त दान कराया। सपा नेता सत्येंद्र पाल ने कैंप में रक्तदाताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि रक्त दान करना डरावना लग सकता है लेकिन यह एक आसान प्रक्रिया है जो किसी की भी जान बचाने में मदद कर सकती है। जरूरतमंद लोगों के लिए रक्तदान करने के अनगिनत फायदे हैं। एक बार रक्तदान करने से 03 लोगों की जान बच सकती है और अमेरिका में तो हर 2 सेकंड में किसी न किसी को रक्त की ज़रूरत होती है। यह पता चला है कि रक्तदान से सिर्फ़ रक्त देने वालों को ही लाभ नहीं होता ब्लकि दूसरों की मदद करने के अलावा रक्तदाताओं को भी स्वास्थ्य संबंधी लाभ होते हैं। रक्तदान आपके भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। यह तनाव भी कम करता है। शरीर को लाभ पहुंचाता है। यहां समाजवादी पार्टी के बुढ़ाना विधानसभा अध्यक्ष अकरम पलड़ी समेत कई गणमान्य लोग भी मोजूद रहे।

# शनिश्चरी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने किया शनिदेव का पंचामृत अभिषेक

**मुजफ्फरनगर।** इस वर्ष की अंतिम शनिश्चरी अमावस्या के अवसर पर चरथावल मोड़ स्थित सिद्ध पीठ श्री शनि धाम मंदिर के प्रांगण में पितरों के कल्याणार्थ श्रद्धालुओं की भीड़ आज प्रात: काल से ही पूजा अर्चना के लिए मंदिर प्रांगण में उमड़ी। उपरोक्त जानकारी देते हुए शनि धाम मंदिर कमेटी के उपाध्यक्ष शरद कपूर ने बताया कि प्रात: काल सुंदरकांड का पाठ प्रेम प्रकाश अरोड़ा मानव कल्याण परिषद वालों के द्वारा किया गया। तत्पश्चात 31 यजमानों द्वारा घी, नील, दूध, दही, शहद के साथ भगवान शनि देव का पंचामृत अभिषेक किया गया। उसके बाद महा आरती तथा 56 भोग का प्रसाद भगवान शनि देव को अर्पित किया गया। बाद में विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस बार 56 भोग व भंडारे का आयोजन हिमांशु कुमार पुत्र दिनेश कुमार मेरठ वालों द्वारा आयोजित किया गया। भगवान शनि देव की पूजा पाठ में धार्मिक कार्यक्रम पंडित केशवानंद सिद्ध पीठ वाले, पंडित संजय मिश्रा, पंडित संतोष मिश्रा, शिवा पंडित आदि ने संपन्न कराए। मंदिर कमेटी की ओर से इस अवसर पर अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा, नरेंद्र पवार, मुकेश चौहान, संदीप विश्वकर्मा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय



रही। सेवा कार्यों में प्रदीप कृष्णापुरी वाले, सुभाष चंद्र अग्रवाल शिक्षा विभाग वाले, सतीश, आशीष, श्रीमती मंजू, राकेश कुमार शनि सिक्योरिटी वाले व नीटू भारद्वाज आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा। गौरतलब है कि इस वर्ष की अंतिम शनिश्चरी अमावस्या पर पितरों के लिए दान पूजन करने और उनके कल्याणार्थ पूजा पाठ करने से परिवारों में पितरों की शांति होती है इसके लिए शनि पूजा सर्वोत्तम है।

# कुतुबपुर में मित्र वेलफेयर सोसाइटी ने लगाया फ्री मैडिकल कैंप

**मीरापुर।** ग्राम पंचायत कुतुबपुर में मित्र वेलफेयर सोसाइटी द्वारा वार्ड स्तरीय स्वशासन कार्यक्रम के अंतर्गत फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कार्यक्रम संच. ालक सदस्य रवि शर्मा का विशेष योगदान रहा।

मेडिकल कैंप में डॉक्टर रजनीश गर्ग, डॉक्टर सोनिया और डॉक्टर मेघा सिंह ने महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की स्वास्थ्य जांच कर परामर्श दिया तथा नि:शुल्क दवाइयां वितरित कीं। इस अवसर पर वार्ड स्तरीय स्वशासन परियोजना समन्वयक प्रमोद चौधरी ने कहा कि ग्रामीण अब जागरूक होकर अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु स्वयं पहल करने लगे हैं।

यदि ग्रामीण सहभागिता से एकजुट होकर कार्य करें तो ग्राम स्वशासन की सच्ची स्थापना संभव है। डॉ. रजनीश गर्ग ने मौसमी बीमारियों से बचाव पर जोर देते हुए कहा कि वातावरण में नमी के कारण बैक्टीरिया तेजी से फैलते हैं। ऐसे में स्वच्छता और संतुलित खान-पान का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। मित्र वेलफेयर सोसाइटी के महासचिव ईश जुनेजा ने ग्रामीणों को सोसाइटी द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी दी। वहीं उपाध्यक्ष राहुल बालियान ने बताया कि संस्था पर्यावरण शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने हेतु निरंतर कार्यरत है। कैंप के सफल आयोजन में रणधीर सिंह, सुधीर शर्मा, सुमन पाल, बृजपाल, बलजोर सिंह, कपिल कुमार, मनोज शर्मा, अभिनव, रीतू शर्मा और पुष्पा का विशेष योगदान रहा।

# मैडल जीतकर आए छात्रों का गोल्डन हार्ट में किया अभिनन्दन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** 79वें स्वतंत्रता दिवस पर विद्यालय गोल्डन हार्ट एकेडमी पब्लिक स्कूल पुरबालियान से स्टेट लेवल योग मार्शल आर्ट कुंग फू इत्यादि अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता ऋषिकेश रेड फोर्ट एकेडमी में भाग लेने पहुंचे ओर विजय हुए पांच छात्रों को गोल्ड मेडल सिल्वर मेडल ब्राउज मेडल से विद्यालय गांव का नाम रोशन कर अपने गुरुओं और अपने माता पिता का नाम रोशन किया।




सभी को मुख्य अतिथि अभिभावकों और विद्यालय स्टाफ द्वारा सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य विकास भार्गव प्रबंधक शशिकान्त शर्मा जी ने आर्यावर्त खेल एकेडमी पश्चिमी उत्तर प्रदेश संघ संचालक मनोज सूर्यदेव जी का हार्दिक आभार व्यक्त किया। और भविष्य में बच्चे ऐसे ही अपनी प्रतिभा का अवलोकन करते रहें इस तरह की प्रार्थना की।

## प्लाट में जानवर घुसने को लेकर मारपीट

**मोरना।** प्लाट में घुसे जानवर को देख गुस्साए दबंगो ने पडोसी के घर मे घुसकर पिता पुत्र के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव रूडकली फतेह अली निवासी शाहवेज़ ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके मकान के सामने सुक्का के प्लांट में किसी का जानवर घांस चर रहा था। पड़ोसी ने जानवर को शाहवेज के परिवार का समझकर गाली गलौज करते भाई शमीम के साथ मारपीट शुरू कर दी शोर सुनकर शमीम को बचाने आये शाहवेज व पिता मौ. नबी के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। मारपीट मे घायल पिता व पुत्र जान बचाने को अपने घर मे आ गये तभी आरोपियों ने घर में घुसकर भाई साकिब व भाभी रुबीना को भी लाठी डंडों व धारदार हथियार से प्रहार कर घायल कर दिया पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी सुक्का,सनव्वर,जमशेद, मुकर्रम व शाकिर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कांग्रेस जिला अध्यक्ष सतपाल कटारिया ने फैसल अंसारी को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ में वरिष्ठ कांग्रेस नेता आबिद अंजान अंसारी के आवास जानसठ में पहुं. चने पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतपाल कटारिया का कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने जानसठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मंडल एवं बूथ स्तर पर समीक्षा की और आगामी जिला पंचायत चुनाव के लिए क्षेत्र के लोगों से चर्चा की क्षेत्र के लोगों ने कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया जानसठ में आबिद अंजान अंसारी के पुत्र फैसल अंसारी के एस बी आई बैंक में चयनित होने पर श्री सतपाल कटारिया जिला कांग्रेस अध्यक्ष व अब्दुल्ला आरिफ प्रदेश सचिव द्वारा अंसारी परिवार को बधाई दी व फैसल अंसारी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अब्दुल्ला आरिफ प्रदेश सचिव,मौहम्मद वाहिद जिला महासचिव, हाजी मुनव्वर, हाजी कामिल पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी नगर पंचायत, आबिद अंजान अंसारी पूर्व जिला महासचिव, रियासत मलिक पूर्व सभासद, विक्रम कटारिया, सलमान खालिद, दिलशाद मलिक, सलमान चौधरी, फराकत राव, फुरकान अंसारी, युशुफ मलिक,आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

## छात्र से दिनदहाड़े मोबाइल छीन कर ले गए बाइक सवार

**कांधला।** नगर के रेलवे मार्ग स्थित एक इंटर कॉलेज के छात्र से दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने हाथों से मोबाइल छीन लिया और बदमाश फरार हो गए पीड़ित छात्र ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बाइक सवार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी चिराग कुमार ने बताया कि वह नगर के रेलवे मार्ग स्थित एक इंटर कॉलेज में कक्षा 11 का छात्र है। छात्र का आरोप है की छुट्टी होने के बाद पीड़ित अपने साथी छात्र के साथ पैदल अपने घर आ रहा था। पीड़ित हाथ में फोन लेकर बातें कर रहा था आरोप है कि तभी पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाश उसका मोबाइल हाथ से छीन कर फरार हो गए। पीड़ित छात्र के द्वारा शोर मचाने के बाद भी आरोपी बाइक सवार आसपास के लोगों के हाथ नहीं लगे। पीड़ित छात्र की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरों में बाइक सवार आरोपियों की तलाश की।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ईओ के दुर्व्यवहार के खिलाफ कर्मियों का प्रदर्शन, जड़ा ताला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** नगर पंचायत में शुक्रवार को अधिशासी अधिकारी द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार करने तथा उसकी तबीयत बिगड़ने के प्रकरण में शनिवार को नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा कार्यालय पर ताला लगा दिया गया तथा धरने पर बैठ गए बाद में उप जिला अधिकारी धरने पर बैठे कर्मचारियों के बीच पहुंचे ।कर्मचारियों द्वारा उप जिला अधिकारी को मांग पत्र सोपा गया जिसमें अधिशासी अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए स्थानांतरण करने की मांग की गई।



शुक्रवार को नगर पंचायत में सूचना के अधिकार के तहत जानक. ारी देने के मामले में रिपोर्ट न देने पर अधिशासी अधिकारी द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को जमकर हड़काया गया इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई आनन फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जिससे कर्मचारियों में उबाल आ गया ।कर्मचारियों ने शनिवार को घटना के विरोध में नगर पंचायत कार्यालय पर तालाबंदी कर दी।

धरने पर बैठ गए धरने पर बैठे कर्मचारियों के बीच सभासद भी पहुंचे लेकिन नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी कर्मचारियों के बीच नहीं पहुंचे बाद में थाना अध्यक्ष झिंझाना जितेंद्र शर्मा तथा उप जिला. धिकारी संदीप त्रिपाठी धरने पर बैठे कर्मचारियों के बीच पहुंचे उन्होंने कर्मचारियों से वार्ता की तथा सोमवार को पांच व्यक्तियों को तहसील कार्यालय में आकर अपनी बात रखने को कहा गया।

कर्मचारियों ने अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन उप जिला अधिकारी को सोफा जिसमें अधिशासी अधिक. ारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए स्थानांतरण करने की मांग की गई मांग पूरी न होने पर अनिश्चित कालीन हड़ताल की चेतावनी दी गई है ।धरना प्रदर्शन मे बृजेश कुमार ,जितेंद्र ,मनीष ,योगेश ,रमनदीप, मोि. हत, जोगिंदर ,प्रदीप, सुनील ,विक्रम आदि कर्मचारी शामिल रहे।

नगर पंचायत में चल रहे प्रकरण में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बृजेश कुमार ने उप जिला अधिकारी को लिखित शिकायत देते हुए आरोप लगाया कि मैं दिसंबर 2009 से मृतक आश्रित चपरासी के पद पर कार्यरत हू।6 माह से मुझे अधिशासी अधिकारी देवक. ीनंदन द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है तथा दबाव में कार्य कराए जा रहे हैं प्रताड़ना से मेरी हालत बिगड़ गई मुझे इमरजेंसी में भर्ती कराया गया मेरा वेतन समय पर नहीं दिया जा रहा है वेतन मांगने पर मुझसे पैसों की डिमांड की जाती है और प्रताड़ना से तंग आकर में परिवार सहित आत्महत्या करने को मजबूर हूं मेरी समस्या का समाधान कर अधिशासी अधिकारी का स्थानांतरण किया जाए। दूसरी ओर कर्मचारियों द्वारा अपने मांग पत्र में स्थाई संविदा व आउटसोर्सिंग कर्मचारी को माह जनवरी से मार्च तक का एरिया नहीं दिया गया।

आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का अप्रैल से जून तक का पीएफ, ईएसआईसी व माह जुलाई के वेतन में भी कुल रु. 5000 दिए गए हैं बाकी पैसे नहीं दिए गए इसके अलावा में मई माह का वेतन नहीं दिया गया ।कर्मचारियों को कार्य निष्पादन हेतु आवश्यक सफाई यंत्र व संसाधन रेहडी, झाड़ू, फावड़ा समय पर उपलब्ध नहीं कराए जाते हैं 6 महीने से नगर पंचायत में डीजल की सही आपूर्ति न होने के कारण कूड़ा सफाई में कठिनाई हो रही है पर्याप्त मात्रा में डीजल दिया जाए तथा सभी कर्मचारियों का वेतन महीने की 5 तारीख तक खातों में भेजने की मांग की गई है कर्मचारियों ने मांग पूरी न होने पर अनिश्चित कालीन हड़ताल की चेतावनी दी है।

## खेल चेतना मेले का आयोजन

**शामली।** क्रीड़ा भारती एवं जिला खेल विभाग द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल चेतना मेला का आयोजन किया। जिसमें पहले दिन फुटबॉल मैच की शुरुआत के साथ खेल चेतना मेला का शुभारंभ समाजसेवी विजय मलिक ने किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल के माध्यम से मानव की चेतना का विकास होता है, खेल के लिए शारीरिक एवं मानसिक समृद्धता जरूरी होती है। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता राजवीर सिंह मुंडेट एवं संचालन जिला मंत्री क्रीड़ा भारती नितिन वर्मा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता प्रभारी अभयदीप राणा ने बताया कि आज हुए पहले मुकाबले में शामली ए टीम एवं झिंझाना की टीम के बीच रोमांचक मुकाबला हुए। जिसमें शामली ए टीम विजय रही। दूसरा मुकाबला शामली बी टीम एवं बड़ौत के बीच हुआ। खबर लिखे जाने तक परिणाम घोषित नहीं हुआ था।

# सीडीओ ने आंगनबाड़ी केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्य विकास अधिक. ारी विनय कुमार तिवारी द्वारा आज विकास खण्ड कैराना के ग्राम पंचायत बधुपुरा गाजीपुरा के प्राथमिक विद्यालय में बन रहे आंगनबाड़ी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ को केन्द्र का निर्माण छत स्तर तक हुआ पाया गया, जिसमें लिंटर डालने की तैयारी की जा रही हैं। इस दौरान सीडीओ ने प्राथमिक विद्यालय के छात्रो एवं शिक्षको से संवाद कर शिक्षा की गुणवत्ता को जाना एवं समय-समय पर बच्चों के अभिभावको से संवाद करने के लिए अध्यापको को निर्देशित किया गया। परिसर में चल रहे आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया गया एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को विभागीय ड्रेस में रहने की हिदायत दी गई। विद्यालय परिसर में जल जमाव को देखते हुए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्राम प्रधान एवं खण्ड विकास अधिकारी को फटकार लगाई एवं इंटरलॉक कराने एवं विद्यालय की बाउण्ड्री को ऊंची कराने हेतु निर्देशित किया गया। इसके पश्चात मुख्य विकास अधिक. ारी ने विकास खण्ड शामली के ग्राम पंचायत हाथी करौदा के जूनियर हाई स्कूल के परिसर में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि केन्द्र की छत पड चुकी हैं। परिसर में घास जमाव एवं गन्दगी को लेकर ग्राम प्रधान एवं सचिव को फटकार लगाई गई एवं ग्राम प्रधान को निर्देश दिए गए कि परिसर का शीघ्र सौन्दर्यकरण कर इसमें वृक्षारोपण कराया जाए। परिसर में स्थित एक अन्य भवन की मरम्मत कराकर इसको बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग को सौंपने हेतु सम्बन्धित ग्राम प्रधान को निर्देश दिए गए। इसके पश्चात सीडीओ द्वारा विकास खण्ड कांधला के ग्राम हुरम. जपुर के नवनिर्मित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान केन्द्र पूर्ण पाया गया, जिसको जल्द विभाग को हस्तान्तरित कराने हेतु निर्देशित किया गया। इसके उपरान्त ग्राम रामपुरखेडी में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण गया, जो कि लिंटर स्तर तक पूर्ण पाया गया। निरीक्षण के दौरान परियोजना अधिकारी बाबर खान, प्रभारी कैराना सुदेश भारती, ग्राम प्रधान हाथी करौदा एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बधुपुरा गाजीपुरा एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## तांबा चोरी में जेई ने दर्ज कराया मुकदमा

**कैराना।** गुरुवार की रात्रि कस्बे के मोहल्ला अफगानान निवासी कय्यूम खान के ग्राम रामड़ा के निकट स्थित खेत पर रखे ट्रांसफॉर्मर से अज्ञात चोरों ने तेल व तांबा चोरी कर लिया था। पीड़ित किसान ने कोतवाली पुलिस को शिकायती-पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की थी। किसान के खेत पर 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र मोहम्मदपुर राई से आपूर्ति होती है, जिसके चलते उक्त बिजलीघर पर तैनात अवर अभियंता रवि वर्मा ने अज्ञात चोर के विरुद्ध भारतीय विद्युत अधिनियम (संशोधन)-2003 की धारा-136 के तहत स्थानीय कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कराया है। वहीं, पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

## एक नजर

## ज्योतिर्लिंग पर महा आरती का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** द्वादश ज्योतिर्लिंग आरती समिति द्वारा भगवान भोलेनाथ की मासिक महा आरती का आयोजन किया गया संस्था के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार बंसल ने बताया कि यह आरती हर माह कृष्ण पक्ष की चौदस को होती है पंडित सुधीर मुंडेपी और कुलानंद मुंडेपी और अंगद पांडे ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराने के बाद महा आरती कराई महा आरती के बाद सभी भक्तों पर पुष्प वर्षा की गई। आरती में आसपास के सैकड़ो भक्तों ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया आरती के बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरण के साथ सभी भक्तों को डॉक्टर अनिल कुमार बंसल द्वारा आंखों की निशुल्क दवाई का वितरण भी किया गया इस दौरान भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया इस मौके पर मीनाक्षी शुक्ला विकास कौशिक निधि गर्ग पंकज अग्रवाल अनिल रेनू बंसल गीता अजय गोयल सुशील ऐरन संगीता विजय गुप्ता दुष्यंत विजय संगल लोकेंद्र संगल नीतू बंसल गीता रानी आदि भक्त मौजूद रहे।

## अमावस्या पर भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को अमावस्या के मौके पर शहर के कैराना रोड स्थित ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल के बाहर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बडी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शनिवार को अमावस्या के मौके पर कैराना रोड स्थित ग्लोबल शांतिकेयर हॉस्पिटल के बाहर प्रमुख समाजसेवी कुशांक चौहान द्वारा विशाल भंडारे व प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भंडारे में बडी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। कुशांक चौहान ने बताया कि प्रत्एक माह हॉस्पिटल की ओर से प्रसाद वितरित किया जाता है। इस अवसर पर हॉस्पिटल का समस्त स्टाफ मौजूद रहे। प्रत्एक अमावस्या पर भजन कीर्तन व प्रसाद का वितरण किया जाता है। इस मौके पर डा। नदीम, डा। अक्षय आदि मौजूद रहे।

## थाना समाधान दिवस में पहुंची छह शिकायतें, एक निस्तारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली पर आयोजित थाना समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री ने जनसमस्याएं सुनी। इस दौरान विभिन्न मामलों से सम्बंधित छह शिकायती-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से एक का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शनिवार को कोतवाली प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री ने की। इस दौरान जमीनी विवाद एवं अवैध कब्जों से सम्बंधित छह शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया। इस दौरान अपराध निरीक्षक योगेंद्र सिंह, किलागेट चौकी प्रभारी एसआई विनोद राघव, इमामगेट चौकी प्रभारी एसआई राहुल देशवाल आदि मौजूद रहे।

## सेंट द्रोण पब्लिक स्कूल को मिला भारत शिक्षक रत्न पुरस्कार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कैराना मार्ग स्थित सेंट द्रोण पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर शिक्षा जगत में अपना नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य एस।के। मित्तल को दिल्ली लायंस ओलंपियाड फाउंडेशन की ओर से प्रतिष्ठित भारत शिक्षक रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु किए गए विशेष प्रयासों, कर्तव्य परायणता और समर्पण के लिए प्रदान किया गया।पुरस्कार प्राप्त करने के उपरांत प्रधानाचार्य मित्तल ने लायंस ओलंपियाड फाउंडेशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ह्यह सम्मान पूरे विद्यालय परिवार की मेहनत और अनुशासन का परिणाम है।इस अवसर पर ओलंपियाड कोऑर्डिनेटर विकास पंवार ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं विद्यालय प्रबंधक इंजीनियर अमन शर्मा, अभय हुड्डा, एकता, चौतन्य, खुशी, प्रभा, अंशु सहित शिक्षकगण मौजूद रहे।विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और कहा कि यह सम्मान निश्चित रूप से क्षेत्र की शिक्षा की गुणवत्ता और प्रेरणा का प्रतीक है।

# डीएम ने फोन पर बात कर निस्तारण की जानकारी ली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान व पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम ने थाना बाबरी में आयोजित थाना समाधान दिवस में जन समस्याओं को सुनते हुए शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम थाना समाधान दिवस का रजिस्टर चौक करते हुए पूर्व समाधान दिवस में रेंडम ग्राम बाबरी में नाली अवरूद्ध मामले में फरियादी मेघराम से फोन के माध्यम से निस्तारण के बारे में जानकारी हासिल की जिसमें फरियादी द्वारा उनकी शिकायत का निस्तारण होना बताया गया। आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके ससमय निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को मौका मुआयना कर ससमय गुणवत्तापूर्णढंग से निस्तारित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने भूमि संबंधी मामलों के राजस्व व पुलिस विभाग की टीम को नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए। आयोजित थाना समाधान दिवस में डीएम व एसपी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस में पहुंचने वाले फरियादियों की समस्या का यथासंभव उसी दिन निदान कर दिया जाए। इसका विशेष ध्यान रखा जाना है,जिससे फरियादी को बार -बार चक्कर न लगाना पड़े। इस अवसर पर तहसीलदार,थानाध्यक्ष बाबरी सहित आदि मौजूद रहे।



# पांथुपूरा में जलभराव को दूर करने के लिए टुल्लू पम्प से निकाला गया सड़कों का पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** विगत दिनों हुई लगातार भारी बारिश ने चौसाना क्षेत्र के ग्राम पांथुपूरा की स्थिति बिगाड़ दी। बारिश के चलते गांव के अधिक. ांश तालाब लबालब भर गए और उनका पानी सड़कों पर फैलने लगा। हालात यह हो गए कि मुख्य मार्ग से लेकर गलियों तक जलभराव हो गया और ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पैदल निकलना तो दूर, मोटरसाइकिल और साइकिल तक निकालना मुश्किल हो गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान अमित फौजी से इस समस्या के समाधान की मांग की।

ग्राम प्रधान ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पंचायत कर्मचारियों को मौके पर भेजा और टुल्लू पम्प की सहायता से पानी की निकासी शुरू कराई। लगभग पांच घंटे तक कर्मचारियों ने लगातार मेहनत कर सड़कों पर जमा पानी को खेतों की ओर मोड़ा। इस दौरान नालियों की भी सफाई कराई गई ताकि भविष्य में पानी दोबारा सड़कों पर न फैले। कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और पंचायत की तत्परता से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली।



ग्राम प्रधान अमित फौजी ने बताया कि कुछ ग्रामीणों ने जलभराव और गंदगी की शिकायत दी थी। इसके बाद तुरंत सचिव को जानकारी देकर सफाई और निकासी का कार्य शुरू कराया गया। उन्होंने कहा कि गांव में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और हर समस्या का त्वरित समाधान किया जाएगा। ग्रामीणों ने पंचायत की इस कार्यवाही की सराहना करते हुए कहा कि समय रहते कदम न उठाया जाता तो गांव में गंदे पानी से संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ सकता था। खासकर बच्चों और बुजुर्गों को इससे अधिक परेशानी होती। अब पानी निकल जाने से गांव की स्थिति सामान्य हो गई है और लोग राहत महसूस कर रहे हैं।

## रथयात्रा के अवसर पर मांस-मीट की दुकान बंद रखने की मांग

**शामली।** जैन एकता मंच महिला शाखा की अध्यक्ष डॉ. रितु जैन ने डीएम कार्यालय में ज्ञापन देकर आगामी वार्षिक रथयात्रा के अवसर पर शहर में मांस मीट की दुकाने बंद कराने की मांग की। शनिवार को दिए ज्ञापन में उन्होने कहा कि जैन समाज प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भाद्रपद माह में पर्यूषण पर्व एवं दसलक्षण पर्व बड़े हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मना रहा है। जैन धर्म का मूल आधार अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, क्षमा और आत्म संयम है। इसी क्रम में 27 अगस्त को क्षमा पर्व है। 6 सितंबर को अनंत चतुर्दशी, दसलक्षण पर्व का अंतिम और अत्यंत महत्वपूर्ण दिन है। आत्मकल्याण का पर्व माना जाता है। इस बार वार्षिक रथ यात्रा 10 सितंबर को निकली जा रही है। इस दिन नगर में विशाल शोभायात्रा का आयोजन होगा जो आदिनाथ जिनालय शामली से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। 27 अगस्त, 6 सितंबर एवं 10 सितंबर को नगर में स्थित मीट व अंडे की दुकानों को बंद किया जाए।

# कृष्ण जन्माष्टमी पर प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर के विश्वकर्मा हनुमान मन्दिर मे कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर आयोजित झांकियो मे धार्मिक पात्रो के किरदार निभाने वाले कलाकारो को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे अतिथियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हे शुभकामनाएं दी।

नगर के राजो की मोरी स्थित विश्वकर्मा हनुमान मन्दिर मे कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर धार्मिक पात्रो के किरदार निभाने वाले कलाकारो को सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मन्दिर के प्रबन्धक संजीव धीमान ने किया। समारोह मे बोलते हुए पूर्व सभासद विनोद सैनी ने कहा कि धार्मिक पर्व पर धार्मिक पात्रो का किरदार निभाने से अपने आराध्य देवी देवताओ के आदर्शो पर चलने की सीख मिलती है। सनातन धर्म के बारे मे महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है। किरदार निभाने से कलाकारो का हौसला बढता है भविष्य मे कलाकारो को काफी लाभ भी मिलता है। समारोह मे पूर्व सभासद विनोद सैनी, अनिल कुमार, रविन्द्र शर्मा टीटू, सभासद दिनेश कुमार उर्फ बबलू, कवंरपाल सैनी ने धार्मिक पात्रो का किरदार निभाने वाले कलाकारो बादल धीमान, तक्शू काम्बोज, गोरी, प्रिंस, निशित काम्बोज, शंकर, निखिल, लक्की, समीर, उर्वशी धीमान सहित अन्य सहयोगियो को मेडल व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विश्वकर्मा हनुमान मन्दिर ट्रस्ट की ओर से समारोह मे आए अतिथियो विनोद सैनी, अनिल कुमार, रविन्द्र शर्मा टीटू, सभासद दिनेश कुमार, कवंरपाल सैनी आदि को प्रतीक चिन्ह भेटकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह को सफल बनाने मे संजीव धीमान, चंचल धीमान, सन्नी, कमल किशोर, सोनू कश्यप, नितेश सैनी, आर्यन सैनी, अंशुल सैनी, अनुज कश्यप, तेजी, आकांशा सैनी, जूली सैनी आदि का सराहनीय सहयोग रहा। मन्दिर ट्रस्ट की ओर से प्रसाद वितरण किया गया।




## फास्ट फूड, रेस्टोरेन्ट प्रशिक्षण के माध्यम से दिया जाएगा रोजगार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उ.प्र. लखनऊ के अन्तर्गत राजकीय फल सरंक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र शामली द्वारा बेरोजगार युवक व युवतियों को रोजगारोन्मुखी बनाने हेतु एक मासीय कुकरी (पाक कला) नि:शुल्क फास्ट फूड, रेस्टोरेन्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सूप व जूस आधारित प्रशिक्षण, स्नैक्स आधारित प्रशिक्षण, चाइनीज आधारित प्रशिक्षण, कॉटिनेन्टल आधारित प्रशिक्षण, पुडिंग/डैजर्ट आधारित प्रशिक्षण आदि के सैद्धान्तिक व प्रयोगात्मक प्रशिक्षण की जानकारी विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की जाएगी। जिसके लिए शैक्षिक योग्यता साक्षर व आयु सीमा न्यूनतम 18 वर्ष होनी अनिवार्य है। प्रवेश आरक्षण- नीति के अन्तर्गत ही होगा।इच्छुक उम्मीदवार कार्य दिवस में कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर जमा कर सकते हैं। प्रवेश का आधार मैरिट अथवा ष्पहले आओ, पहले पाओष के आधार पर होगा। विस्तृत जानकारी हेतु प्रभारी धर्मेन्द्र पाल राठी के दूरभाष नम्बर 9354084611 पर प्राप्त कर सकते हैं।

## युवती से छेड़छाड़

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया जब गांव निवासी एक युवती ने दो युवकों पर खेत पर जाते समय छेड़छाड़ करने का गंभीर आरोप लगाया। पीड़िता परिजनों के साथ थाने पहुंची और तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।युवती ने पुलिस को बताया कि वह सुबह खेत में चारा लेने के लिए गई थी। इसी दौरान गांव के दो लोग वहां पहुंचे और बदनीयती से उसे दबोच लिया। युवती का कहना है कि आरोपियों ने उसके साथ जबरन अश्लील हरकतें कीं। शोर मचाने पर दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने लिखित शिकायत देकर दोनों आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो चुकी है और मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है।

# पानी की टंकी निर्माण पर हंगामा, जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन क्षेत्र के गांव उस्मानपुर में पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए दो वर्ष पूर्व पानी की टंकी निर्माण का प्रस्ताव रखा गया था। इसी को लेकर जिला. धिकारी शामली ने कुछ समय पहले जल निगम को आवश्यक कार्यवाही के आदेश जारी किए थे। आदेशों के अनुपालन में शनिवार को जल निगम की टीम गांव पहुंची।जूनियर इंजी. नियर अमित कुमार व हल्का लेखपाल भूपेंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम ने गांव की चिन्हित भूमि पर पैमाइश शुरू की, लेकिन जैसे ही कार्य प्रारंभ हुआ, ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते ग्रामीणों ने एकजुट होकर पैमाइश का विरोध शुरू कर दिया।ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन द्वारा पानी की टंकी के लिए जिस भूमि को चुना गया है, वह भूमि वास्तव में खाद के ग्ड्डों के लिए पहले से आवंटित है। ऐसे में यदि यहां टंकी बना दी गई तो उन्हें अपनी खेती-बाड़ी से निकलने वाले गोबर व खाद डालने के लिए कहीं जगह नहीं मिलेगी। ग्रामीणों का कहना है कि यह सीधा-सीधा गांव की जरूरतों के साथ अन्याय है।ग्रामीणों ने यह भी स्पष्ट कहा कि पानी की टंकी का निर्माण वे चाहते हैं, लेकिन वह ग्राम पंचायत की भूमि पर होनी चाहिए ऐसे में टंकी वहीं बनाई जाए तो किसी को कोई दिक्कष्त नहीं होगी और गांव की पेयजल समस्या भी दूर हो जाएगी।इस दौरान मास्टर जयपाल, कृष्णपाल प्रधान, संदेश कुमार, समेत भारी संख्या में ग्रामीण महिलाएं भी मौके पर पहुंच गईं। महिलाओं ने भी जमकर विरोध दर्ज कराया और प्रशासन से मांग की कि वे खाद वाले ग्ड्डों की जमीन पर टंकी बनवाने का निर्णय तुरंत वापस लें। ग्रामीणों का साफ कहना है कि जब तक उनकी बात नहीं मानी जाती, वे किसी भी कीमत पर इस भूमि पर निर्माण कार्य नहीं होने देंगे।



**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र कमल व पूत्रवधू राधिका से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

घनश्याम पुत्र स्व.रामनिवास शर्मा निवासी ग्राम डुन्डूखेडा थाना कांधला तहसील कैराना जनपद शामली।

# भारी संख्या में नकली नोट समेत तीन पकड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार, थाना कुतुबशेर एवं स्वाट /सर्विलांस की संयुक्त टीम ने नकली नोट बनाने व तस्करी करने वाले तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी संख्या में नकली नोट व नकली नोट बनाने की सामग्री बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

एसपी सिटी व्योम बिंदल ने पुलिस लाईन सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि सदर बाजार पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक रोजंत त्यागी, थाना कुतुबशेर प्रभारी एच. एन. सिंह, स्वाट/सर्विलांस प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार, उपनिरीक्षक सुशील कुमार, उपनि. रीक्षक रविंद्र धामा, उपनिरीक्षक सुरेशवीर सिंह, उपनिरीक्षक अमरीश कुमार व उपनिरीक्षक रणवीर सिंह के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर नकली नोट बनाने वाले तीन आरो. पियों शशी उर्फ सर्वेश उर्फ राहुल पुत्र



रामविलास विश्वकर्मा निवासी ग्राम नगेलिनपुर पटारा पत्रा कानपुर नगर, नवीन पासवान पुत्र अनिल पासवान निवासी मुकुल द्वार बेलपार थाना भडलांज जनपद गोरखपुर व करनवीर पुत्र बलजीत कुमार निवासी गिल्लौर थाना रादौर जनपद यमुनानगर हरियाणा को लोको पायलट ट्रेनिंग सैंटर के सामने जाने वाले रास्ते पर खाली पड़े रेलवे क्वार्टर से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 500-500 के दो लाख 59 हजार रूपए के नकली नोट, 6 मोबाइल फोन, 2 लैपटॉप, 1 प्रिंटर, 1 फोटो कटर, 20 कोरे पेपर, 52 शीट विकृत नोट, 6 आधार कार्ड, एक मोटरसाइकिल बरामद कर ली। एसपी सिटी श्री बिंदल ने बताया कि दबोचे गए आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि हम सभी ऑनलाईन विद. ेशी एप/साईट से सिक्योरिटी पेपर खरीदकर अपने पास मौजूद लैपटॉप प्रिंटर की मदद से 500 रूपए के नकली नोट बनाते हैं और उनको अपने फेसबुक/इन्स्टाग्राम एकाउंट के जरिए ग्राहक बनाकर उनको एक का दो (500 रूपए का नोट 250 रूपए में) बेच देते हैं। पुलिस ने आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## स्काउट गाइड को प्रमाण पत्रों का वितरण

**गंगोह।** नामदेव पब्लिक स्कूल में स्काउट एवं गाइड के प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रथम सोपान व द्वितीय सोपान की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य रजनी राजपूत के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को स्काउट एवं गाइड के आदर्शों का पालन करने तथा अनुशासन, सेवा भाव और नेतृत्व क्षमता को जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ अध्यापक अरविंद शर्मा गुरूजी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि स्काउट व गाइड का प्रशिक्षण न केवल व्यक्तित्व निर्माण करता है बल्कि समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना को भी जागृत करता है। प्रमाण पत्र प्राप्त कर विद्यार्थियों के चेहरों पर गर्व और उत्साह झलक रहा था। कार्यक्रम का संचालन नितिका व आभार योगेश कुमार ने व्यक्त किया।

# रामलीला कमेटी गठन को बताया गलत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** श्रीरामलीला समिति के प्रधान सन्नी मित्तल ने समिति के सदस्यों को साथ लेकर नगर के वासुदेव मंदिर में एक प्रेस वार्ता आयोजित की।

इस दौरान उन्होंने आदेश गुप्ता उर्फ सोनू गुप्ता पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि दो दिन पहले सोनू गुप्ता ने हिंदू समाज को भ्रमित करने के लिए रामलीला कमेटी के सदस्यों की अनुपस्थिति में एक बैठक बुलाकर नई श्रीरामलीला कमेटी का गठन किया, जो पूरी तरह गलत और अनुचित है। यह कदम हिंदू समाज को बांटने का प्रयास है और उनका हिंदू समाज या धार्मिक आयोजनों से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सोनू गुप्ता रामलीला कमेटी के बारे में गलत प्रचार करके हिंदू समाज को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। सन्नी मित्तल ने स्पष्ट किया कि ऐसा होने नहीं दिया जाएगा और हिंदू समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए पिछले चार वर्षों से श्रीरामलीला का मंचन कर रही मौजूदा कमेटी ही इस बार भी रामल. ीला का आयोजन करेगी। उन्होंने हिंदू समाज से एकजुट रहने और भ्रामक प्रचार से बचने की अपील की, साथ ही यह भरोसा दिलाया कि श्रीरामलीला का मंचन पहले की तरह भव्य और धार्मिक भावनाओं के अनुरूप होगा। इस दौरान मुकेश कश्यप, नरेश गोयल,राजू चौधरी, धर्मवीर कश्यप,समी जैन, तुषार चौहान, नितिन भटनागर मौजूद रहे।

## हनुमान ध्वज की निकाली भव्य शोभायात्रा

**अंबेहटा।** श्रीरामलीला समिति के तत्वावधान में आज हनुमान ध्वज की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। हनुमान ध्वज को श्रीरामलीला भवन पर बड़े ही विधि-विधान और उत्साह के साथ स्थापित किया गया।

शोभायात्रा का शुभारंभ मंदिर श्री राम चन्द्र महाराज में पूजन-अर्चना के साथ हुआ,जिसके बाद हनुमान जी की पताका को लेकर समिति के सदस्यों ने नगर के प्रमुख मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली। इस दौरान भक्तों ने ष्जय श्री रामष और ष्जय हनुमानष के जयघोष के साथ उत्साहपूर्ण माहौल बनाया।शोभायात्रा में समिति प्रधान सन्नी मित्तल,नरेश गोयल, मुकेश कश्यप,नितिन भटनागर, समी जैन, अजय सैनी, धर्मवीर कश्यप, राजू चौधरी आदि मौजूद रहे।

# आपत्तिजनक हालत में मिले कपल, एसडीएम ने कराया होटल सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** एसडीएम पूर्वा शर्मा ने पुलिस के साथ ओयो होटल पर छापेमारी की इस दौरान कपल आपत्तिजनक हालत में मिले एसडीएम ने फिलहाल होटल को सीज कराया है और पकड़े गए युवक युवतियों व अन्य लोगों से पुछताछ चल रही है।

नगर के दिल्ली रोड स्थित एक ओयो होटल में शनिवार दोपहर छापेमारी की इस दौरान कई कपल आपत्तिजनक हालत में मिले एसडीएम पूर्वा शर्मा ने पत्रकारो जानकारी देते हुए बताया कि उक्त होटल में मानकों में अनियमितता पाए जाने पर होटल को सीज कर दिया गया है वहीं पूरे प्रकरण में जांच कि





जा रही है। एसडीएम ने बताया कि नानौता क्षेत्र से काफी लंबे समय से शिकायते मिल रही थी इसी आधार पर कार्रवाई कि गई है होटल को सीज करा दिया गया वहीं पकड़े गए युवक युवतियों से पूछताछ की जाएगी अग्रिम कार्रवाई कि जाएगी। वहीं कोयो होटल में हुई कार्रवाई से अन्य होटल संचालकों में भी खलबली मच गई।

# पेड़ चोरी की दो घटनाओं का खुलासा, 3 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने पूर्व में हुई पेड़ चोरी की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए 3 शातिर आरा. ेपी पेड चोरों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे पापुलर के कटे हुए 6 पेड, 01 बुलेरो पिकअप गाड़ी, 3750 रुपये नकद व पेड़ काटने के उपकरण भी बरामद किए गये हैं। दूसरी ओर पुलिस टीम ने 2 वारण्टी भी गिरफ्तार किये हैं।

थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसेन सैनी ने बताया है कि पीड़ित किसान मनोज कुमार पुत्र सूरत निवासी ग्राम जस्सा माजरा व पीड़ित किसान साजिद अली पुत्र अब्दुल वाजिद निवासी ग्राम खेडा मेवात थाना चिल. काना की लिखित तहरीर पर अज्ञात चोरों द्वारा उनके खेत से पोपुलर के पेड चोरी करने के सम्बन्ध में अलग





अलग मुकदमा दर्ज किया गया था।

घटना के खुलासे के लिए शुक्रवार को देर रात्रि के समय पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान ग्रामीणो की मदद से घेराबन्दी करते हुए 3 शातिर आरोपी पेड़ चोर राशिद पुत्र फारूख निवासी मौहल्ला हामिद हसन चिल. काना, रिजवान पुत्र मतलूब निवासी ग्राम रसूलपुर कला थाना फतेहपुर सहारनपुर व मन्नान पुत्र नसीम निवासी ग्राम गन्देवडा थाना फतेहपुर सहारनपुर को जंगल ग्राम खेडा मेवात से गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ पर सभी आरोपियों ने बताया है कि वह तीनो मिलकर किसानों के खेतों में खडे पोपुलर के पेडों को रात में चोरी से काटकर कहीं पर ले जाकर बेच देते हैं। उन्ही तीनों ने मिलकर पूर्व में उपरोक्त दोनों चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। आज भी वह पेड़ चोरी के इरादे से ही जा रहे थे। गिरफ्तारी टीम में एसआई अंकित कुमार, हैड कांस्टेबल तरुण कुमार, मानवेन्द्र सिंह व कांस्टेबल अनुज राणा शामिल रहे।

दूसरी ओर पुलिस टीम ने अदालत के आदेश पर विद्युत चोरी मामले के फरार वारण्टी लालसिंह पुत्र कलीराम निवासी ग्राम नल्हेडा व नशा तस्करी मामले के वारण्टी मन्सूर पुत्र असलम निवासी ग्राम चालाकपुर थाना चिलकाना को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने मे एसआई राकेश कुमार, राजकुमार सारण, हैड कांस्टेबल वतन पंवार व कैब दीपचन्द शामिल रहे।

# थाना गागलहेडी का किया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** एस पी सिटी व्योम बिंदल ने थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया जिसमें थाना कार्यालय, मैस, महिला हेल्पडेस्क, हवालात, बैरक, शौचालय, मालखाना, शस्त्रों का रखरखाव व संचालन तथा अभिलेखों का गहनता से अवलोकन किया है।

शनिवार को थाना गागलहेड़ी में एसपी सिटी व्योम बिंदल ने थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया है।वही थाने के समस्त अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन किया है।।एसपी सिटी व्योम बिंदल ने पैदल गश्त, वाहन चेकिंग और बैंक की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा। संदिग्ध व्यक्तियों की जांच के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने थानाध्यक्ष प्रवेश कुमार से कहा कि वे अपने अधीनस्थों का कुशल पर्यवेक्षण करें और निष्पक्ष कार्यवाही सुनिश्चित करें,और फरियादी की सुनवाई की जाए और उनके निस्तारण के दिशा निर्देश दिए।एसपी सिटी व्योम बिंदल ने पैदल गश्त, वाहन चेकिंग और बैंक की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा। संदिग्ध व्यक्तियों की जांच के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने थानाध्यक्ष प्रवेश कुमार से कहा कि वे अपने अधीनस्थों का कुशल पर्यवेक्षण करें और निष्पक्ष कार्यवाही सुनिश्चित करें। थाने में आने वाले वादी व परिवादी दोनों को ध्यानपूर्वक सुने तब कार्यवाही सुनिश्चित करे।

# फरियादियों की समस्याएं सुन कराया समाधान



**नागल।** शनिवार को थाने पर आयोजित थाना समाधान दिवस में नायब तहसीलदार मोनिका चौहान तथा थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान करने के निर्देश दिए।

मिली जानकारी के मुताबिक समाधान दिवस में जमीन संबंधी दो शिकायत आई थी। जिस पर नायब तहसीलदार ने राजस्व विभाग के कर्मचारियों को मौके पर जाकर समाधान करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान निरीक्षक बीरबल सिंह, उप निरीक्षक महेश सिंह सहित राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# पत्रकार शाहबाज के वालिद का इंतकाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कस्बे के युवा पत्रकार शाहबाज आलम उर्फ गुड्डू पीरजादा के वालिद (पिता) वाहिद हुसैन का हृदय गति रुक जाने से इंतकाल हो गया शनिवार को उन्हें कस्बे के हदीरा वाले कब्रिस्तान में सुपुर्दे खघक दिया गया। उनके इंतकाल पर पत्रकारों, सामाजिक व राजनीतिक पार्टीयों से जुड़े लोगों ने दुख जाहिर किया है।

कस्बे के मोहल्ला शहरी दरवाजे के निवासी निवासी वाहिद हुसैन की शुक्रवार की रात अचानक तबीयत खराब हुई उसके बाद उन्हें सहारनपुर चिकित्सा के यहां ले जाया गया जहां उनकी हालत को गंभीर मानते हुए चिकित्सक ने हाय सेंटर देहरादून के लिए रेफर कर दिया। देहरादून के ग्राफ हॉस्पिटल में जब उनकी एंजियोग्राफी की जा रही थी इस बीच उनके हृदय में काम करना बंद कर दिया और उन्होंने सुबह अंतिम सांस ली और वह हम सबको छोड़कर चले गए। युवा पत्रकार की पिता के इंतकाल की खबर जैसे ही कस्बे में पहुंची तो उनके घर पर सामाजिक,राजनीतिक और पत्रकारों की भीड़ जुट गई। पत्रकार के वालिद वाहिद हुसैन की जनाजे की नमाज शनिवार को कस्बे की जामा मस्जिद के बाहर अदा की गई जिसके बाद हदीरा वाले कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्दे खघक कर दिया गया। उनके इंतकाल पर वरिष्ठ पत्रकार हरिओम शर्मा, नासिर हैदर जैदी एडवोकेट, एस एम हुसैन जैदी, धर्मेंद्र सैनी, इकघ्बाल खान, अब्दुल सत्तार शेख. शमीम राणा तौफीक मलिक.मारूफ मिर्जा, शेख परवेज आलम, सत्तार शेख, विनोद कुमार, शैंकी अरोड़ा, खुर्शीद आलम, अशोक सैनी, तबरेज मलिक, गय्यूर मलिक, अकरम मलिक, विजय सैनी, भवानी सैनी, नादिर शेख, रियाज हुसैन, सोमपाल कश्यप, डॉ. मरगूब, कैसर अराफात, कुर्बान, मौ उस्मान, सद्दाम हुसैन, मौ.शौकीन, अशोक सैनी, कलीम अख्तर, सैय्यद मौ. दानिश, नरेंद्र कांबोज, अवनीश कंबोज, सुखदेव कांबोज, अजय सैनी, अशफाक अंबर, संजय बिरला, अखिलेश कौशिक, अमरीश गुप्ता, आदि पत्रकारों सहित नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुलरहमान, भाजपा के वरिष्ठ नेता बॉबी कर्णवाल, कांग्रेसी नेता मिर्जा अतीक अहमद, भाजपा नेता अनिल सिंघल, रईस वककार शेख, फैजान कुरैशी जकरिया मलिक, अजीम मलिक, शेखघ गुलफाम अहमद, शाहनवाज सिद्दीकी, शेखघ अरशद, कामरेड शौकत, पीरू मिया, एम ए काजमी, काजी साजिद, डॉक्टर साबिर, सभासद अब्दुल मालिक, टीपू सुल्तान, मिर्जा फजलुर रहमान, अकरम आदि ने उनके इंतकाल पर अफसोस जाहिर किया।

## मजलिस व जुलूस का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** अंजुमन-ए-गुचाए इस्लाम की ओर से चहैलुम इमाम हुसैन की मजालिस और जुलूस का आयोजन किया गया। जिसमें कर्बला केक शहीदों के शबीहे ताबूत, अलम और जुलजनाह बरामद कर जुलूस निकाला गया।

मोहल्ला सैयदान की इमाम बारगाह में चहैलुम की मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना जुहैर कैन नकवी ने फजायल अहले बैत और इमाम हुसैन के दीने हक के लिए कर्बला के मैदान में कुर्बानी देने के इस्लामी इतिहास के सर्वाधिक चर्चित वाकिये को बयान किया। इसके उपरांत शबीहे ताबूत हजरत इमाम हुसैन, हजरत कासिम, अली अकबर, ओनो मुहम्मद, झुला अली असगर, परचमे गाजी अब्बास और जुलजनाह बरामद कर जुलूस निक. ाला गया।

# 8 शिकायतों में से अधिकतर का कराया निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** उच्चाधिकारियों के निर्देशों का पालन करते हुए एस डी एम मानवेन्द्र सिंह अपने कैम्प कार्यालय में बैठकर आने वाले लोगों की जनसमस्याओं के निस्तारण के लिए गंभीर रहते है सुबह 10 बजे से शाम तक लोगो की समस्याओं की सुनवाई करते हुए निस्तारण कराने में लगे हुए है। फरियादियों के प्रति उनका व्यवहार भी सेवा भाव की तरह रहता है उनके अच्छे और मधुर व्यवहार को लेकर भी उनके पास आने वाले फरियादी भी प्रसन्न रहते है।

शनिवार को भी एसडीएम मानवेन्द्र सिंह सवेरे ही अपने कार्यालय मे बैठकर उनके पास आने वाले फरियादियों की बात को गंभीरता से सुनकर उनके प्रार्थना पत्रों की सुनवाई करते रहे उनका हमेशा एक ही उद्देश्य रहता है कि जो फरियादी उनके पास उम्मीद लेकर आता है उस की समस्या का समय पर निस्तारण किया जाये।

उनके पास जो भी लोगो की समस्याएं हेती है उनके निस्तारण कराने को लेकर अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों को मौके पर भेजकर निस्तारण करने के कड़े निर्देश देते है अलग अलग विभागो की लगभग 8 शिकायतो में से अधिकतर का निस्तारण कराया गया। इस दौरान तहसीलदार विजय कुमार सिंह नायब तहसीलदार भूपेन्द्र सिंह, राजेंद्र पेशकर, मनीष कुमार अरविंद कुमार नाथीराम आदि कर्मचारीगण मोजूद रहे।

# श्री गुरु रविदास जन्मोत्सव की कथा का किया सुन्दर वर्णन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के मोहल्ला कोठीवाला में चल रही सन्त शिरोमणि गुरु रविदास साप्ताहिक अमृत कथा में कथावाचक श्री आनंद सागर महाराज ने श्रीगुरु रविदास जन्मोत्सव की कथा का सुंदर वर्णन किया।

शुक्रवार की रात्रि को कथा के दूसरे दिन महाराज ने बताया कि 1433 ईसवी पूर्व माघ माह की पूर्णिमा में ठंडी शीत लहर में जब कर्मा को दर्द शुरू हुए तो राहु जी धम्मो दाई को लेकर घर पहुँचे। धम्मो दाई के शरीर पर कौड़ था व आंखों से बहुत कम दिखाई देता था। लेकिन जैसे ही धम्मो दाई श्रीगुरु रविदास जी महाराज के पैर पकड़ती है तो उसके शरीर के सब दु:ख दर्द दूर



हो जाते है और वो जोर से चिल्ला कर राहु और कर्मा को कहती है तुम्हारे घर लाल नही भगवान आ गया।

इस अवसर पर केक काटकर व नाच गाकर सभी भगतगणो खूब खुशियां मनाई। कथा का शुभारंभ श्रीगुरू रविदास युवा समिति द्वारा फीता काटकर किया गया। पावन ज्योत सन्दीप, मा. मांघे राम व अतर सिंह के घर से कथा प्रांगण में पहुँची।

इस अवसर पर अध्यक्ष अजय कुमार व सूरज ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन निरन्तर होने चाहिए जिससे कि सतगुरु का मिशन बढ़ता रहे। इस अवसर पर रवि कुमार, सन्दीप कुमार, राहुल, मा. मान्घेराम, सागर, अभिषेक, मेनपाल, सुमित, अर्जुन, विशाल आदि सहित भारी संख्या में भगतगण मौजूद रहे।

# गंदे पानी से गुजरने को मजबूर बच्चे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** ब्लॉक पुवारंका के गांव बालेली में स्वछता अभियान की जमकर धज्जियाँ उड़ रही है। सरकारी स्कूली बच्चे व ग्रामीण गंदे पानी के बीच से होकर गुजरने को मजबूर होना पड़ रहा है।

ब्लॉक पुवारंका के गांव बालेली में स्वच्छ भारत अभियान की धज्जियाँ उड़ रही है।गांव के मुख्य मार्ग पर गोबर व गन्दा पानी सड़क फेल रहा है। गांव के सरकारी स्कूल के बच्चे व ग्रामीणों को गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है । ग्राम वासियों ने आरोप लगाते हुए बताया कि वें इस सम्बन्ध में कई बार ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव को अवगत करा चुके है मगर उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हो पा रहा है। इस दौरान खुर्शीद, नसीर, लुक्का, फूल सिंह, राकेश कुमार, दीपक कुमार, सचिन, इल्ताफ, इसरार, राकेश कश्यप, फरमान, किरतपाल ने विरोध प्रकट किया है।


**सूचना**

मैने अपने पुत्र रजत कुमार व पुत्रवधू शिल्पा पंवार को गलत आचरण व नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**रेखा पत्नि मनोज कुमार निवासी मौहल्ला टाकान, कस्बा व थाना गंगोह, (सहारनपुर)।**



## कार्यालय नगर निगम, सहारनपुर

पत्रांकः 459 / स्वा०वि०/नि०सहा०/2025-26 दिनांकः 23 अगस्त 2025

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना द्वारा ई-टैण्डर**

नगर निगम सहारनपुर द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जाहरवीर शिरोमणि गुग्गावीर जी की स्मृति में उत्तर भारत का सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक मेला गुघाल 2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिस हेतु मेला गुघाल परिसर एवं मेला म्हाड़ी पर सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था, कीटनाशकों का छिडकाव चूना छिडकाव एवं रंगोली सम्बन्धित कार्य हेतु इच्छुक अनुभवी फर्म/ठेकेदार दिनांक 28.08.2025 को अपराह्न 02:00 बजे तक पुनः वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर निविदाएं ठेकेदार / फर्मों से निर्धारित शर्तों के आधार पर आमन्त्रित की जाती हैं। सभी निविदाएं अभिलेख एवं शर्ते वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 25.08.2025 से दिनांक 28.08.2025 को अपराह्न 02:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है, तथा ठेकेदार / फर्म दिनांक 28.08.2025 को अपराह्न 02:00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर आनलाईन अपनी निविदा दर / दरें डाल सकते हैं, ठेकेदार/फर्म को निविदा के साथ अंकन रूपये 1,00,000/- (एक लाख रूपये) जमानत राशि की एफ०डी०आर०/ एन०एस०सी०/ सी०डी०आर० एवं निविदा मूल्य अंकन रू0 1298/- ऑनलाईन व्यवस्था के अन्तर्गत देय होगा। निविदादाता की उपस्थिति में निविदा समिति के समक्ष दिनांक 28.08. 2025 को सांयकार 04:00 बजे प्राप्त ऑनलाईन निविदाएँ खोली जायेगा। बिना जमानत राशि एवं सशर्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, सहारनपुर में निहित होगा। निविदा सम्बन्धित कोई भी जानकारी स्वास्थ्य अनुभाग में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| E BID REFERANCE | Mela Gughal/Safai/2025 |
| PUBLISH DATE AND TIME FOR RFP | 25-08-2025 |
| PRE-BID MEETING FOR BIDDER | 26-08-2025 |
| LAST DATE AND TIME FOR SUBMISSION OF E-BIDS | 28-08-2025 at 2:00 PM |
| DATE AND TIME OF OPENING OF ON LINE TECHNICAL E- BIDS | 28-08-2025 at 4:00 PM |
| PLACE OF OPENING OF E-BIDS | Nagar Nigam Office (Sre.) |
| E-BIDS SECURITY | 1,00,000/- for FDR |
| E-TENDER DOCUMENT PROCESSING | 1298/- DD (अप्रतिदेय) |

**नगर स्वास्थ्य अधिकारी**
**नगर निगम, सहारनपुर**



## उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि.

**सूचना**

सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित करना है कि दिनांक 24.08.2025 (दिन रविवार) में 220 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र सहारनपुर से जुड़े 33 के.वी. उपकेन्द्र जैन बाग, आवास विकास की समय प्रात: 07:00 से 09:00 एवं 33 के.वी. यूनीटेक (स्वतन्त्र), 33 के.वी. उपकेन्द्र आई.टी.आई. से जुडे क्षेत्र की समय प्रात: 09:00 से 11:00 तक की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी उक्त अवधि में 220 के.वी. उपकेन्द्र सहारनपुर पर अति आवश्यक कार्य प्रस्तावित है।

अत: जनसाधारण से अपील है कि उपरोक्त तिथि में होने वाले जनहित के कार्य में सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें। विद्युत व्यवधान के लिये खेद है।

'राष्ट्रहित में उर्जा बचाएँ'

**अधिशासी अभियन्ता,**
**विद्युत पारेषण खण्ड-प्रथम,**
**220 के.वी. उपकेन्द्र, सहारनपुर**

पत्रांक 982/वि.पा.ख-प्र.स./ई-निविदा दिनांक 22/08/2025



## पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.

**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल द्वितीय, सहारनपुर**

ई-निविदा सूचना

निविदा सं. एंव कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. 41,42,43/डब्लू/2025-26:- विद्युत वितरण खण्ड-नकुड के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान 2025-26 के अन्तर्गत कार्य।
2. 44,45,46,47/डब्लू/2025-26:- विद्युत वितरण खण्ड-बलियाखेडी के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान 2025-26 के अन्तर्गत कार्य।
3. 48,49,50/डब्लू/2025-26:- विद्युत वितरण खण्ड-रामपुर मनिहारन के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान 2025-26 के अन्तर्गत कार्य।

ई-निविदा की अंतिम तिथि: 16.09.2025 समय 12:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेत्तर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

# कच्चा मकान भरभराकर गिरा हादसे में नहीं हुआ कोई जानी नुकसान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बारिश के चलते मजदूर का कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया। गनीमत रही कि परिजनो को हादसे का पहले ही आभास हो गया और उन्होंने बाहर भागकर अपनी जान बचाई।

फलौदा रहमतपुर गांव निवासी सोनू कश्यप मजदूरी कर अपना परिवार का पालन पोशन करता है। वह अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ कच्चे मकान में रह रहा था। बीती रात परिजन सो रहे थे। करीब दो बजे वर्षा के चलते सोनू कश्यप की कडियों से बनी छत अचानक भरभराकर गिर गई। सौभाग्य से सोनू की नींद खुल गई और वह अपनी पत्नी और बच्चों को लेकर बाहर भागा और किसी तरह अपने परिवार की जान बचाई। ग्रामीणों के मुताबिक सोनू मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है और उसके



पास सिर छिपाने का एकमात्र सहारा था। ग्रामीणों ने प्रशासन से सोनू को सरकारी सहायता राशि दिलाये जाने की मांग की है।

# शिविर में रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

## प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा लगाए शिविर का पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग व डा. डीके जैन ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शिव चौक शाखा के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें रक्तदाताओं ने रक्तदान कर लोगों से समय-समय पर रक्तदान करने का आह्वान किया।

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शिव चौक शाखा के तत्वावधान में सुधार जनकल्याण वर्ल्ड सेंटर के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन पालि. काध्यक्ष विपिन गर्ग, डा. डीके जैन ने संयुक्त रूप से करने के उपरांत कहा कि व्यक्तियों की जान बचाने से बड़ा और कोई पुण्य कार्य नहीं हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्त किसी का बहुमूल्य जीवन बचा सकता है। इसलिए हमें समय समय



पर रक्तदान करते रहना चाहिए। केंद्र संचालिका ब्रह्मकुमारी पारुल बहन ने बताया कि ब्रह्मकुमारीज संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इसी उपलक्ष्य में जगह जगह रक्तदान शिविरों का आयोजन



हो रहा है। अंत में पारुल बहन ने रक्तदाताओं और अतिथियों का आभार जताया। इस दौरान रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भी वित. रित किए गए। इस मौके पर बीके मो. निका, कविता, अरविंद, श्रीपाल सिंह, सभासद श्याम चौहान, अजय गर्ग, डा. शमशाद गोवर्धन, अनुज, पदम सिंह, प्रवीण कुमार, दिनेश कुमार आदि लोग शामिल रहे।

# चैकिंग के दौरान विद्युत टीम ने पकड़ी बिजली चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विद्युत चोरी रोकने के लिए निगम द्वारा चलाये जा रहे अभियान के दौरान विद्युत निगम की टीमों ने छह से अधिक मोहल्लों में छापामारी करते हुए बिजली चोरी पकड़ी जबकि देहात के एक गांव में कार्रवाई के दौरान ग्राम प्रधान के घर बिजली चोरी पकड़ी गई। सभी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता रविंद्र बाबू और एक्सईएन मृत्यूंजय शाही के नेतृत्व में टीमों ने बिजली चोरी रोकने के लिए नगर के मोहल्ला शाहबुखारी, मोहल्ल खानकाह, पठानपुरा, किला, बड़जियाउलहक और ईदगाह रोड पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 36 उपभोक्ताओं के घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई। मोहल्ला शाहबुखारी में चेकिंग किए जाने को लेकर लोगों और निगम अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। कालीपार क्षेत्र के गोपाली गांव में कार्रवाई के दौरान ग्राम प्रधान नईम के चोरी की बिजली चलती पकड़ी गई। अवर अभियंता पुलकित टंडन और गुलशन झा ने बताया कि बिजली चोरी के मामले में प्रधान के अलावा 36 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बिजली चोरी रोकने को निगम का अभियान लगातार जारी रहेगा। इस दौरान उप खंड अधिकारी विजय कुमार, मो. जीशान, रिंकू कुमार, गो. विंद कुमार, प्रवीण कुमार, राजवीर आदि मौजूद रहे।

# उपजिलाधिकारी को व्यापारियों ने दिया ज्ञापन

**देवबन्द।** भायला रेलवे क्रांसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण के चलते रेलवे फाटक ब्लाक कर दिये जाने से दुकानदारों व आमजन को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर रेलवे फाटक को दुपहिया वाहनों एवं पैदल चलने वाले राहगिरो के लिए खोले जाने की मांग की है।

नगर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोज सिंघल, महामंत्री इसहाक बाले खां एवं किरयाना एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश गुप्ता के नेतृत्व में बड़ी संख्या में व्यापारी उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और एसडीएम युवराज सिंह को ज्ञापन सौंपा। कहा कि भायला रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चलने के कारण फाटक पर आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी गई है। जिससे क्षेत्र के गांवों से आने वाले लोगों को लंबी दूरी तय करके बाजार आना जाना पड़ रहा है। समस्या का निदान किया जाए और फाटक को कम से कम पैदल चलने वालों और दुपहिया वाहनों के लिए खुलवाया जाए। ज्ञापन में बाजारों में ई-रिक्शा के कारण लगने वाले जाम से



निजात दिलाते हुए रिक्शाओं का प्रवेश बाजार में बंद कराए जाने और बैंक्वेट हाल में रात 10 बजे के बाद तेज आवाज से बजने वाले डीजे पर रोक लगाए जाने की भी मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में गुरजोत सिंह सेठी, पुनीत अग्रवाल, निखिल गर्ग, नितिन गर्ग, भूरे खां आदि व्यापारी शामिल रहे। उधर, भायला रोड के दुकानदारों ने भी एसडीएम को ज्ञापन देकर जनहित में रेलवे फाटक को दुपहिया वाहनों और पैदल चलने वालों के लिए खुलवाए जाने की मांग की है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा में कुंबल लगाकर घुसे चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा की मौअज्जमपुर शाखा में बीती रात चोरों ने कुंबल लगाकर घुसने का प्रयास किया। कैश न मिलने पर चोर बैंक के अंदर खड़ी मोटरसाइकिल चुराकर फरार हो गए। बैंक प्रबंधक अरुण सिंह रावत ने बताया कि रात करीब दो बजे दो युवक कुंबल लगाकर बैंक में दाखिल हुए। उन्होंने बैंक में नकदी की तलाश की, लेकिन असफल रहे। इसके बाद दोनों चोर बैंक में खड़ी मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। आज सुबह बैंक कर्मचारियों को घटना की जानकारी होने पर पुलिस में हड़कंप



मच गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। एसपी सिटी संजीव बाजपेयी ने घटना स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि घटना का जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।

# छापेमारी कर युवक युवती को धर दबोचा

**कॉलोनी वासियों की शिकायत पर पुलिस ने एक मकान में की छापेमारी**

**देवबन्द।** पुलिस ने छापेमारी कर एक मकान से युवक युवती को हिरासत में लिया है। आरोप है कि उक्त मकान में एक महिला अनैतिक कार्य कराती है। जिसके चलते यहां पर गलत किसम के युवकों का आना जाना लगा रहता है। जिससे कॉलोनी में रहने वाले युवको पर गलत प्रभाव पड़ रहा हैं।

कॉलोनी वासियों की शिकायत पर पुलिस ने रेलवे रोड स्थित कॉलोनी में एक मकान में छापेमारी करते हुए युवक व युवती को दबोचा है। बताया जाता हैं पकड़े गए युवक युवती अनैतिक कार्य में लिप्त थे। इससे पूर्व मोहल्ले के लोगों ने हंगामा करते हुए आरोप लगाया कि उक्त मकान में रहने वाली महिला पिछले काफी समय से अनैतिक कार्य में लिप्त है, जिस कारण मोहल्ले में गलत लोगों का



आना जाना रहता है जिसका बुरा असर उनके बच्चों पर पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि इससे पूर्व भी पुलिस ने उक्त महिला को ऐसे ही आरोपों में गिरफ्तार किया था। पुलिस का कहना है मामले की जांच की जा रही है। तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# एमएफएससीओ (फूड एंड न्यूट्रीशन) का परीक्षा परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवबन्द।** माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा एमएफएससीओ (फूड एंड न्यूट्रीशन) द्वितीय सेमेस्टर का घोषित परिणाम में एसडीसीओ कॉलेज ऑफ कॉमर्स, मुजफ्फरनगर के एमएफएससीओ (फूड एंड न्यूट्रीशन) द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें आस्था ने 82.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम गजलना ने 81.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दृतीय आकांक्षा ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही।

एमएफएससीओ (फूड एंड न्यूट्रीशन) द्वितीय सेमेस्टर में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्राचार्य डॉ. सचिन गोयल, डॉ. नवनीता वर्मा (डीन) ने उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए



स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डॉ. सचिन गोयल ने इस अवसर पर सभी शिक्षकों व छात्राओं को शुभकामनाएं दीं और छात्राओं को भविष्य में भी इसी प्रकार उन्नति करने के लिए प्रेरित किया और बताया कि महाविद्यालय में सभी छात्राओं को शैक्षणिक पाठ्यक्रम के साथ-साथ उनके विकास में सहायक सभी प्रकार की तकनीकी व सांस्कृतिक गति.

**परीक्षा में प्रथम, दृतीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को किया सम्मानित**

विधियों का वातावरण भी उपलब्ध कराया जाता है। जिससे की छात्राएं हर क्षेत्र में अपना वर्चस्व स्थापित कर सके। इस अवसर पर एमएफएससीओ (फूड एंड न्यूट्रीशन) एवं बीएचएससीओ (गृहविज्ञान) संकाय से शिवांगी बिष्ट, नीति शर्मा, अंशु कुमारी, श्रीमति नीतु गुप्ता, शिवांगी पुंडीर, नीलू रानी, शाजिया रहबर आदि शिक्षिकाएं शामिल रहीं।

# लक्ष्य प्राप्त करने के लिए इच्छा का ही होना पर्याप्त नहीं: मानसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवबन्द।** एसडी कॉलेज ऑफ इंजी. नियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में प्रेरणादायी एलुमनाई एवं करियर मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। इसमें लक्ष्य को प्राप्त करने के सुझाव देने के साथ ही प्रेरणादायक अनुभव साझा किये।

मुजफ्फरनगर जानसठ रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में सत्र की विशेष अतिथि कॉलेज की पूर्व छात्रा मानसी सिंघल, सीनियर आईटी इंजीनियर, इ0वाई0 ग्लोबल डिलीवरी सिर्विस, गुड़गांव ने विद्यार्थियों को अपने कॉलेज जीवन से लेकर भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन तक की प्रेरणादायक यात्रा साझा की। उन्होने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि सपनों को पूरा करने के लिए केवल इच्छा पर्याप्त नहीं, बल्कि उस दिशा में सतत





प्रयास, धैर्य और अनुशासन भी जरूरी है। मैंने अपने जीवन में सीखा है कि असफलता अंत नहीं, बल्कि एक नया अवसर है। हर चुनौती को अवसर के रूप में देखिए, कठिनाइयों से घबराइए नहीं बल्कि उनका डटकर सामना कीजिए। समय का सम्मान कीजिए, क्योंकि समय ही सफलता का सबसे बड़ा निवेश है। अगर आप ईमानदारी से मेहनत करेंगे और खुद पर विश्वास रखेंगे, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सही योजना, निरंतर अभ्यास, और मान. सिक संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। साथ ही छात्रों को अपनी रुचि के अनुसार करियर चुनने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा दी। सचिव अनुभव कुमार ने अपने धन्यवाद संबोधन में कहा कि हमारी पूर्व छात्रा मानसी सिंघल ने न केवल अपने परिवार और शहर का नाम रोशन किया है, बल्कि हमारे संस्थान के गौरव को भी बढ़ाया है। आज का उनका सत्र हमारे छात्रों के लिए एक नई प्रेरणा और दिशा लेकर आया है। हम उनके अमूल्य समय और प्रेरणादायक अनुभव साझा करने के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य ऊँचा रखें और उसके लिए मेहनत करने से कभी पीछे न हटें। असफलता से डरने की बजाय उससे सीखें। अनुशासन, सकारात्मक सोच और ईमानदार प्रयास ही आपको सफलता के शिखर तक ले जाएंगे। याद रखिए, आपका हर छोटा कदम आपको अपने बड़े सपने के करीब ले जा सकता है। निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने कहा आज आपने एक जीवंत उदाहरण देखा कि कैसे एक साधारण छात्रा कठिन परिश्रम और दृढ़ निश्चय से ऊँचाइयों तक पहुँच सकती है। आप सभी में वही क्षमता और प्रतिभा है, बस जरूरत है उसे पहचानने और सही दिशा में मेहनत करने की। कॉलेज आपको मंच देता है, लेकिन आपकी मेहनत ही आपको आगे ले जाएगी। हर दिन को एक नया अवसर मानकर सीखते रहें, चुनौतियों को स्वीकार करें और अपने सपनों की ओर बढ़ते रहें।

# समाधान दिवस आयोजित, चार शिकायतें दर्ज, एक का हुआ मौके पर निस्तारण

**कांधला।** शासन द्वारा जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आयोजित किए जाने वाले थाना समाधान दिवस का आयोजन थाना प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने की। समाधान दिवस में चार शिकायतें पहुंची एक का मौके पर निस्तारण किया गया।

शनिवार को थाने पर शासन के दिशा निर्देश पर आयोजित थाना समाधान दिवस आयोजित हुआ।समाधान दिवस में क्षेत्र से लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। पीड़ितों के द्वारा चार शिकायतें अधिकारियों के समक्ष दर्ज कराई गईं। गांव मखमूलपुर निवासी किसान विक्रम मलिक ने पड़ोसी किसान पर सरकारी चकरोड को जोत देने का आरोप लगाया, कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी अरशद अंसारी ने एक निजी चिकित्सक पर मारपीट व जान मारने की धमकी देने का आरोप लगाया, गांव इस्लामपुर घसौली निवासी ग्रामीण सतएंद्र, वकील, कृष्णा सहित आदि लोगों ने गांव के एक दबंग पर कुएं की भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए कब्जा मुक्त करने की मांग की। कस्बा एलम निवासी इंद्रपाल ने पड़ोसी किसान पर खेत की मेड तोड़ने का आरोप लगाया मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने समस्या का मौके पर निस्तारण करा दिया। बाकि शिकायतों को संबंधित विभागों को प्रेषित कर अग्रिम कार्यवाही के लिए भेजा गया।इस दौरान राजस्व विभाग की टीम और थाना पुलिस मौजूद रहे। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित समाधान का आश्वा. सन दिया। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि समाधान दिवस की व्यवस्था से आम जनता को अपनी समस्याएं रखने का सीधा मंच मिलता है। शिकायतों के निस्तारण से न केवल जनता का विश्वास बढ़ता है, बल्कि पुलिस-प्रशासन की छवि भी मजबूत होती है।


(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय सिविल जज सीनियर डिविजन सहारनपुर।**
मूलवाद संख्या 721 सन् 2025
1.श्रीमती रमीजा बेगम पत्नी मौ0 इलियास मरहूम उम्र करीब 65 वर्ष निवासी टीचर्स कालोनी, खान आलमपुरा शहर सहारनपुर।
2. इकबाल अहमद पुत्र नत्थू खां निवासी खलासी लाईन, शहर सहारनपुर। ......**वादीगण**
**बनाम**
नूर मौहम्मद आदि
1.अनिल शर्मा पुत्र श्री ओमप्रकाश शर्मा निवासी पंजाबी बाग, शहर सहारनपुर। ....**प्रतिवादीगण**
हरगाह के आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 10 माह 09 सन् 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और हरगाह वही तारीख जो आपके इजकारो के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमें की तजवीज हुई है। बस आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहो को जिनकी शहादत पर नाज तमाम दस्तावेज को जिन पर आप अपनी जवाबदेही के ताहिद इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे। आपको इत्तिला दी जाती है कि बरोज मकूर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके समात और फैसला होगा। बब्जत मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 23 माह 08 सन् 2025 ई0 जारी किया गया।
आज्ञा से
मुन्सरिम
न्यायालय सिविल जज
(सीनियर डिविजन)
सहारनपुर (उ0प्र0)


# गायत्री मंदिर में धूमधाम से मनाया भगवान श्री कृष्ण का छठी उत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गायत्री मंदिर में बीती रात भगवान श्री कृष्ण का छठी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने फूलों की होली के साथ ही ब्रज की लठमार होली खेलते हुए सुंदर नृत्य किया।

नेचलगढ़ मुहल्ले में श्रीराम चौक पर स्थित गायत्री मंदिर में कृष्ण सुदामा क्लब के तत्वावधान में हुए कार्यक्रम का उद्घाटन व्यापारी नेता दीपकराज सिंघल ने किया। उत्सव में में ठाकुरजी के बंगले को मनमोहक फूलों से सजाया गया। सागर ग्रुप के कलाकारों ने राधा-कृष्ण और शंकर पार्वती की वेशभूषा में सुंदर झांकियां प्रस्तुत की, जिसने सभी का मन मोह लिया। इस दौरान हुई लड्डू गोपाल सज्जा प्रतियोगिता में प्रियंका अग्रवाल ने प्रथम, रुचि बंसल ने द्वितीय और



प्रेरणा अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों को क्लब की ओर से पुरस्कृत किया गया। संचालन अश्वनी गर्ग ने किया।

संयोजक कन्हैया लाल बंसल, अमित अग्रवाल, अनुभव गर्ग, सतीश धींगड़ा, व्यास मुनि, अंकित तायल, हार्दिक बंसल, अंकित गुप्ता, सचिन माहेश्वरी आदि श्रद्धालू मुख्य रूप से शामिल रहे।

# एनएचएआई की जमीन पर कब्जा, बना ली दीवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** तहसील क्षेत्र के कण्डेला-टपराना आउटर रिंग रोड पर गांव शेखूपुरा में स्थित एनएचएआई की जमीन पर कब्जाधारियों ने हलका लेखपाल व कानूनगों की मिलीभगत से अवैध कब्जा करके दीवार खड़ी कर दी। कब्जा की गई जमीन में विधवा महिला व उसके पुत्र की भूमि भी शामिल है। मामले की शिकायत सहारनपुर मंडलायुक्त से की गई, जिस पर मंडलायुक्त ने एडीएम शामली को तहसीलकर्मियों से तटस्थ पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच करने को कहा है। कैराना तहसील क्षेत्र के कण्डेला-टपराना आउटर रिंग रोड पर गांव शेखूपुरा में स्थित नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडियाद्धएनएचएआईॠ की जमीन पर कुछ कब्जाधारियों ने अवैध रूप से कब्जा करने के बाद मिट्टी भराव कराकर दीवार खड़ी कर दी। कब्जा



की गई जमीन में गांव शेखूपुरा निवासी विधवा औरत बालेश व उसके पुत्र ओमवीर तथा सरकारी चकरोड व नाली की भूमि भी शामिल है। आरोप है कि हलका लेखपाल व कानूनगों की शह पर भूमि पर अवैध कब्जे के कारनामे को अंजाम दिया गया है। विधवा महिला ने मामले की शिकायत एसडीएम कैराना से की, लेकिन मामले में कोई कार्यवाही नही हुई। इसके उपरांत, विगत 12 अगस्त को सहारनपुर मंडलायुक्त से मामले की शिकायत की गई, जिस पर मंडलायुक्त ने एडीएमद्धवित्त एवं राजस्वॠ शामली को पूरे मामले की गहन जांच करने को कहा गया। मंडलायुक्त ने एडीएम को तहसीलकर्मियों से तटस्थ मामले की जांच करने के निर्देश दिए है।

**एसडीएम व तहस. ीलदार ने मौके पर पहुंचकर कराई पैमाइश**

एडीएम शामली ने तहसील प्रशासन को आगामी 28 अगस्त तक स्पष्ट दस्तावेज व तथ्यों के साथ में अपनी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इसी के मद्देनजर एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज व तहसीलदार अर्जुन चौहान राजस्व व पुलिस टीम के साथ में शनिवार को मौके पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने भूमि की गहनता से पैमाइश कराई। इस दौरान आरोपी व शिकायतकर्ता भी मौके पर मौजूद रहे। वहीं, एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज का कहना है कि पूर्व में सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत का मामला आया था, जिस पर तहस. ीलदार के नेतृत्व में टीम का गठन करके मामले की जांच करने को कहा गया था। शनिवार को राजस्व व एनएचएआई की टीम के साथ में स्वयं मौके पर पहुंचकर पैमाइश कराई गई है। शीघ्र ही जांच रिपोर्ट पूरी कर ली जाएगी। सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा नही होने दिया जाएगा।


**सूचना**
मैंने अपना नाम MOU AARIF से बदलकर MOHD ARIF रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।
Mohd Arif
S/o Mohd Shahid
Mohalla Bairoon Kotla
Deoband (Saharanpur)

# भारत ने एयर राइफल में दो मिश्रित टीम स्वर्ण जीते



● **एलावेनिल, शांभवी और नारायण ने अपने-अपने दूसरे स्वर्ण पदक जीते भारत ने सीनियर और जूनियर 10 मी. एयर राइफल मिश्रित टीम प्रतिस्पर्धाओं में जीत हासिल की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एलावेनिल वलारिवन, शांभवी क्षीरसागर और नारायण प्रणव ने अपने-अपने दूसरे स्वर्ण पदक जीते, भारत ने सीनियर और जूनियर दोनों 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धाओं में जीत हासिल की। इसके साथ ही शिमकेंट, कजाकिस्तान में चल रही 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में भारत का स्वर्ण पदक आंकड़ा 22 हो गया।

एला (316-3) और अर्जुन बाबूता (317-7) ने मिलकर क्वालिफिकेशन में 634-0 स्कोर किया और ओलंपिक इवेंट में 27 टीमों में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि भारत की दूसरी जोड़ी मेहुली घोष (317-7) और रुद्रांक्ष पाटिल (314-9) ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 632-6 अंक बनाए और लीडरबोर्ड पर दूसरा स्थान हासिल किया। हालांकि, टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार, मेहुली और रुद्रांक्ष को पदक मुकाबले से बाहर रहना पड़ा क्योंकि एला और अर्जुन ने चीनी जोड़ी पेंग शिनलू और लू डिंगके (632-3) के साथ स्वर्ण पदक मुकाबले की पात्रता हासिल की थी। भारतीयों ने 16 अंकों की दौड़ में जोरदार शुरुआत की, लेकिन चीनी खिलाड़ी भी तुरंत वापसी करते दिखे और 10वीं सीरीज तक स्कोर बराबर रहा। 11वीं सीरीज जीतकर भारतीयों ने 13-9 की बढ़त बनाई, जिसके बाद चीनी टीम ने टाइम आउट लिया और वापसी करते हुए दो बेहतरीन शॉट्स के साथ स्कोर 13-11 कर दिया। हालांकि, भारतीय खिलाड़ियों ने इसके बाद 10-5 से नीचे कोई स्कोर नहीं किया और अगले दो राउंड जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। एयर राइफल मिश्रित टीम जूनियर स्पर्धा में नारायण प्रणव और शांभवी क्षीरसागर ने क्वालिफिकेशन में 629-5 स्कोर कर तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया। उनके साथी ईशा टकसाले और हिमांशु ने 628-6 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए पदक मुकाबले से चूक गए। फाइनल में भारतीय जोड़ी का सामना एक और चीनी जोड़ी, तांग हुईकी और हान यिनान से हुआ। शुरुआती नौ सीरीज तक मुकाबला 9-9 से बराबरी पर रहा। इसके बाद भारतीयों ने लगातार उच्च स्कोरिंग शॉट्स के साथ छह अंकों की बढ़त बनाई और अंत में 14वीं और अंतिम सीरीज को बराबरी पर समाप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारत ने दिन का अंत 22 स्वर्ण, आठ रजत और 10 कांस्य पदकों के साथ किया और कुल 40 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर बना रहा।

## विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप में भारत ने अंडर-18 व अंडर-21 वर्ग टीमों में जीते स्वर्ण पदक



● **भारतीय तीरंदाजी टीमों ने विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप में भारत ने पुरुषों के अंडर-18 और अंडर-21 टीम वर्ग में क्रमशः जर्मनी और अमेरिका की टीम को हराकर स्वर्ण पदक जीते**

**कनाडा, वार्ता।** भारतीय तीरंदाजी टीमों ने विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों के अंडर-18 और अंडर-21 वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते हैं।

विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप 2025 में शुक्रवार को भारत ने पुरुषों के अंडर-18 और अंडर-21 कंपाउंड टीम वर्ग में क्रमशः जर्मनी और अमेरिका की टीम को हराकर स्वर्ण पदक जीते। कुशल दलाल, अपार मिहिर नितिन और गणेश मणिरत्नम थिरुमुरु की अंडर-21 तिकड़ी ने फाइनल में जर्मनी की टीम के साथ चार सेटों के अंत में स्कोर 233-233 रहने के बाद हुये एक तनावपूर्ण शूट-ऑफ में हराया। इससे पहले, भारत ने क्वार्टर फाइनल में इजरायल को 235-233 से और सेमीफाइनल में कोरिया गणराज्य को 233-228 से हराया था। वहीं अंडर-18 फाइनल में मोहित डागर, योगेश जोशी और देवांश लसह की टीम ने अमेरिका के खिलाफ हाफ टाइम तक नौ अंकों की बढ़त बना ली और मुकाबला 224-222 से जीत लिया। क्वालीफिकेशन से शीर्ष वरीयता प्राप्त होने के कारण टीम सीधे खिताबी मुकाबले में पहुंच गई थी। इस बीच, भारतीय अंडर-18 महिला कंपाउंड टीम कांस्य पदक के मुकाबले में मैक्सिको से 221-210 से हार गई। अंडर-21 टीम क्वार्टरफाइनल में बाहर हो गई। अगले दो दिनों में भारत व्यकितगत तीरंदाजी स्पर्धाओं में मुकाबला करेगा। अंडर-18 पुरुष कंपाउंड सेमीफाइनल में योगेश जोशी का सामना न्यूजीलैंड के हेक्टर मैकनेली से होगा, जबकि महिला अंडर-18 कंपाउंड सेमीफाइनल में पृथिका प्रदीप और सूर्या हमसिनी मदाला के बीच मुकाबला होगा। महिला अंडर-21 कंपाउंड ड्रॉ में, शीर्ष चार में चिकिथा तनिपर्थी का सामना मेक्सिको की पाउला डियाज मोरिलस से होगा। वहीं, अंडर-18 महिला रिकर्व सेमीफाइनल में शारवरी सोमनाथ शेंडे का सामना दक्षिण कोरिया की किम मिनजियोंग से होगा।

### संक्षिप्त खेल समाचार

**भारत ने सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में बांग्लादेश को हराया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम ने सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप 2025 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए भूटान के थिम्पू स्थित चांगलिमथांग स्टेडियम में बांग्लादेश को 2-0 से हरा दिया। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, ष्बराबरी के मुकाबले के रूप में देखे जा रहे इस मैच में, भारत की अंडर-17 महिला टीम ने संयमित और प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप 2025 में अपनी लगातार दूसरी जीत हासिल की।

**एशिया कप दल से बाहर हुए बांग्लादेश के मेहदी हसन**

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज नुरुल हसन और ऑलराउंडर सैफ हसन की एशिया कप टीम में वापसी हुई है। बांग्लादेश ने यूएई में होने वाले टूर्नामेंट के लिए 16-सदस्यीय दल की घोषणा की, जो 30 अगस्त से नीदरलैंड्स के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में भी हिस्सा लेगा। हालांकि इस दल में ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराजऔर मोहम्मद नईम को जगह नहीं मिली है, जो पिछले महीने पाकिस्तान को 2-1 से हराने वाली बांग्लादेश टीम का हिस्सा थे। मेहदी निजी कारणों से नीदरलैंड्स के खिलाफ सीरीज का हिस्सा नहीं होने वाले थे, लेकिन इसके कारण उन्हें एशिया कप से भी बाहर कर दिया गया। गौरतलब है कि मेहदी बांग्लादेश के वनडे टीम के कप्तान हैं। उन्होंने हाल ही में टी20 टीम में वापसी की थी, लेकिन कोई असर नहीं डाल पाए थे। हालांकि वह चार स्टैंडबाय खिलाध्यिों में शामिल हैं। वहीं नुरुल ने अपना पिछला टी20, 2022 के टी20 विश्व कप के दौरान खेला था, जब उन्होंने पांच पारियों में सिर्फ 41 रन बना पाए थे।

**भारतीय महिला टीम ने जीती उपविजेता ट्रॉफी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला कुश्ती टीम ने बुल्गारिया के समोकोव में आयोजित 2025 अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में एक बार फिर इतिहास रचते हुए उपविजेता ट्रॉफी जीती और कुल 7 पदक – 2 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य – हासिल किए। स्वर्ण पदक (57 किग्रा): तपस्या ने नॉर्वे की फेलिसिटास डोमजेवा को 5-2 के स्कोर से हराकर भारत का पहला स्वर्ण पदक जीता। स्वर्ण पदक (72 किग्रा): काजल ने चीन की युकी लियू को 8-6 से कड़े मुकाबले में हराकर भारत के लिए दूसरा स्वर्ण पदक जीता। रजत पदक (55 किग्रा): रीना फाइनल में पहुंची, लेकिन अमे. रिका की शीया लेडेकर से 10-2 से हार गईं।

## कोहली-रोहित के फेयरवेल की चिंता न करें: शुक्ला

● **कहा: दोनों क्रिकेटर फिट हैं, वनडे क्रिकेट भी खेल रहे हैं, टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके**



**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, विराट कोहली और रोहित शर्मा पूरी तरह फिट हैं। वे अभी भी वनडे क्रिकेट खेल रहे हैं और अच्छे प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में उनके फेयरवेल (विदाई मैच) की बात करना जल्दबाजी है।

कोहली और रोहित पहले ही टेस्ट क्रिकेट और टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके हैं। कुछ दिनों पहले मीडिया रिपोर्ट्स में उनके फेयरवेल मैचों को लेकर चर्चा शुरू हो गई थी। डोमेस्टिक टी-20 लीग यूपी टी-20 को शुक्रवार को दिए गए इंटरव्यू में राजीव ने यह बात कही। फेयरवेल की चिंता करना गलत- राजीव राजीव शुक्ला से जब फेयरवेल मैच को लेकर सवाल किया गया, तब वे बोले उन्होंने अभी तक संन्यास लिया है क्या? रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों वन-डे खेल रहे हैं। उन्होंने संन्यास नहीं लिया है, तो आप उनके फेयरवेल को लेकर क्यों बात और चिंता कर रहे हैं? बीसीसीआई की नीति बिल्कुल स्पष्ट है, हम किसी को भी संन्यास लेने के लिए नहीं कहेंगे, उन्हें खुद अपना निर्णय लेना होता है। उन्होंने आगे कहा, फेयरवेल मैच के आयोजन के लिए जब समय आएगा, तब देखेंगे। आप पहले से ही उनका फेयरवेल आयोजित कर रहे हैं। विराट कोहली बहुत फिट हैं, और रोहित शर्मा बहुत अच्छा खेलते हैं। टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके हैं विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट और टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। उन्होंने 2024 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद रिटायरमेंट का ऐलान किया था। इसके बाद 7 मई को रोहित और 12 मई को विराट ने टेस्ट क्रिकेट से भी संन्यास ले लिया था। आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी में साथ खेले आखिरी बार वनडे में विराट और रोहित चैंपियंस ट्रॉफी दुबई में साथ खेले थे, जहां को. हली ने पाकिस्तान के खिलाफ शतक जड़ा और रोहित ने फाइनल में अर्द्धशतक बनाया था। प्ब्स् के बाद से दोनों ने कोई भी मैच नहीं खेला है। अगली वनडे सीरीज अक्टूबर में आस्ट्रेलिया में होनी हैं। दिसम्बर में शुरू होने वाली विजय हजारे ट्रॉफी और जनवरी 2026 में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे मैच में कोहली-रोहित खेलते दिखेंगे। विराट कोहली वनडे में 51 और रोहित शर्मा 32 शतक लगा चुके हैं। दोनों के शतक मिला दिए जाएं तो ये संख्या 83 पहुंच जाती है।

## नॉर्थ जोन गिल का दलीप ट्रॉफी में खेलना मुश्किल

● **ब्लड टेस्ट के बाद बीसीसीआई को रिपोर्ट सौंपी गई, 28 सितम्बर से शुरू होगा टूर्नामेंट**



**नई दिल्ली, वार्ता।** शुभमन गिल 28 सितम्बर से बेंगलुरु में शुरू होने वाली दलीप ट्रॉफी से बाहर हो सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, गिल बीमार हैं। गिल को नार्थ जोन का कप्तान बनाया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में उनका ब्लड टेस्ट हुआ था। इसके बाद फिजियो और मेडिकल टीम ने उनकी रिपोर्ट बीसीसीआई को भेजकर सलाह दी है कि वे दलीप ट्रॉफी में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

फिलहाल, गिल (25) चंडीगढ़ में हैं और घर पर आराम कर रहे हैं। गिल को एशिया कप में भारतीय टीम का उपकप्तान चुना गया है। ऐसे में बोर्ड कोई जोखिम नहीं उठाना चाहेगा। टीम गिल वैसे भी पूरे दलीप ट्रॉफी में नहीं खेल पाते, क्योंकि उन्हें 9 सितम्बर से एशिया कप के लिए नेशनल टीम में शामिल होना था। टीम इंडिया एशिया कप के लिए 4 या 5 सितम्बर को दुबई के लिए रवाना होगी। वहीं, दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से 15 सितम्बर तक चलेगी। ऐसे में वे ज्यादा से ज्यादा एक मैच खेल सकते थे। इंग्लैंड में 4 सेंचुरी लगाई

भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल शानदार फार्म में हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 4 शतकों की मदद से 754 रन बनाए थे। गिल ने पिछले साल भी दलीप ट्रॉफी में खेला था और पहले मैच में इंडिया ए टीम की कप्तानी की थी। हालांकि, उनकी कप्तानी में इंडिया ए को अभिमन्यु ईश्वरन की अगुआई वाली इंडिया बी टीम के खिलाफ 76 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। गिल ने रणजी ट्रॉफी के पिछले सीजन में पंजाब की कप्तानी की थी। गिल ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 4 शतकों के सहारे 754 रन बनाए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, नार्थ जोन के सिलेक्टर्स ने गिल के रिप्लेसमेंट के तौर पर शुभम रोहिल्ला को टीम में शामिल कर सकता है। अंकित कुमार को टीम का उप-कप्तान बनाया गया है।

अब वह दलीप ट्रॉफी में गिल की गैरमौजूदगी में कप्तानी करेंगे। एशिया कप स्क्वाड में शामिल अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा भी पहले मैच के बाद नेशनल टीम से जुड़ सकते हैं। नार्थ जोन का पहला मैच ईस्ट जोन होगा। जो बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर आफ एक्सीलेंस ग्राउंड में 28 से 31 अगस्त तक खेला जाएगा। नार्थ जोन स्क्वाड नार्थ जोनरू शुभमन गिल (कप्तान), शुभम खजूरिया, अंकित कुमार (उपकप्तान), आयुष बदोनी, कन्हैया वधावन (विकेटकीपर), यश धुल, अंकित कलसी, निशांत सिंधु, साहिल लोत्रा, मयंक डागर, यु( वीर सिंह चरक, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, औकिब नबी। दलीप ट्रॉफी दलीप ट्रॉफी का आगाज 28 अगस्त से होने वाला है। इस साल दलीप ट्रॉफी फिर से जोन आधारित फार्मेट में खेली जाएगी। पिछली बार इसे चार टीमों (ए, बी, सी, डी) के बीच खेला गया था। इसके बाद इसे फिर से पुराने फार्मेट में कराने का फैसला लिया गया है। इस बार फिर दलीप ट्रॉफी के साथ भारत के डोमेस्टिक सीजन की शुरुआत हो रही है।

## इस बार यूएस ओपन 15 दिन खेला जाएगा

● **इस साल 70 हजार अतिरिक्त प्रशंसकों के आने की उम्मीद है**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** इस बार रविवार से शुरु हो रहा वर्ष का चौथा और आखिरी ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन 15 दिनों तक खेला जायेगा। टूर्नामेंट आयोजकों ने कहा कि अतिरिकत दिन से न केवल खिलाड़ियों पर कार्यक्रम संबंधी दबाव में कमी आयेगी और बल्कि प्रशंसकों का अनुभव भी बेहतर होगा। पिछले साल 2024 के संस्करण 832,000 से अधिक रिकार्ड दर्शकों को आकर्षित किया था।

इस बार साल 70 हजार अतिरि. कत प्रशंसकों के आने की उम्मीद है। अमेरिकी सनसनी बेन शेल्टन आर्थर ऐश स्टेडियम में एक क्वालीफायर के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। गत चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका का मुकाबला रेबेका मासरोवा से होगा, जबकि रात के सत्र में 19 वर्षीय कैलिफोर्नियाई लर्नर टीएन और चार बार के यूएस ओपन विजेता नोवाक जोकोविच के बीच मुक. ाबला देखने को मिलेगा। लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में एम्मा राडुकानू अपने अभियान की शुरुआत एक क्वालीफायर के खिलाफ करेंगी, जबकि चौथी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज का सामना हमवतन अमेरिकी एमिलियो नवा से होगा। बाद में शाम कोउवर्तमान 13वीं वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव का सामना फांस के बेंजामिन बोन्जी से होगा। पहले दिन जेसिका पेगुला, जैस्मीन पाओलिनी और एम्मा नवारो अपने-अपने मुक. ाबलों में स्पर्धा करेंगे। इस आयोजन को और अधिक समावेशी बनाने के लिए इस वर्ष ऑडियो-वर्णित मैच कमेंट्री, दृष्टिबाधित प्रशंसकों के लिए अनुकूल सुविधाएं और बहुभाषी कैप्शनिंग भी शुरू किया।

## अर्जेंटीना टीम केरल में खेलेगी एक अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल फ्रेंडली मैच

● **यह मेसी और अर्जेंटीना पुरुष फुटबॉल टीम की 2011 के बाद भारत में पहली यात्रा होगी**

● **कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में वेनेजुएनेला के खिलाफ फ्रेंडली मैच खेला था**

**ब्यूनस आयर्स, वार्ता।** लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना टीम नवंबर में भारत आएगी और केरल में एक अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल फ्रेंडली मैच खेलेगी। भारत में अर्जेंटीना की विश्व चैंपियन टीम किस टीम के साथ मैच खेलेगी इसकी अभी घोषणा नहीं हुई है।

यह मेसी और अर्जेंटीना पुरुष फुटबॉल टीम की 2011 के बाद भारत में पहली यात्रा होगी। उस समय उन्होंने कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में वेनेजुएला के खिलाफ फेंडली मैच खेला था। उस मैच में निक. ोलस ओटामेंडी ने गोल किया और अर्जेंटीना ने 1-0 से जीत दर्ज की थी। अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी और ला अल्बिसेलेस्ते के इस साल होने वाले फेंडली मैचों का शुरुआती प्रोग्राम जारी किया। नवंबर के मैच तीन मुकाबलों का हिस्सा होंगे, जो फीफा इंटरनेशनल लवडो के दौरान खेले जाएंगे।

बाकी दो मैच लुआंडा अंगोला में होंगे। एएफए ने बयान में कहा कि लियोनेल स्कालोनी के नेतृत्व वाली अर्जेंटीना टीम के पास 2025 में दो फीफा फेंडली लवडो होंगी।

पहली अक्टूबर में (दस से 14 तारीख तक) अमेरिका में होगी, जहां प्रतिद्वंदी और शहर तय किए जाएंगे। दूसरी 10 से 18 नवंबर तक होगी, जिसमें लुआंडा (अंगोला) और केरल (भारत) में मैच खेले जाएंगे, प्रतिद्वंदी बाद में तय होंगे। फ्रेंडली मैच के लिए केरल में सटीक जगह और शहर का ऐलान भी बाद में किया जाएगा।

कोच्चि का जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम राज्य का सबसे बड़ा फुटबॉल मैदान है। मेसी दिसंबर में भारत के व्यकितगत दौरे पर भी आएंगे। यह प्रमोशनल इवेंट 'गोट टूर ऑफ इंडिया 2025' नाम से होगा, जिसमें कोलकाता, अहमदाबाद, मुंबई और नई दिल्ली शामिल रहेंगे। 38 साल के मेसी बीजिंग 2008 ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।

उन्होंने 2022 में अर्जेंटीना को फीफा विश्व कप जिताया और पिछले साल दूसरी बार कोपा अमेरिका भी जीता।

● **विमेंस वर्ल्डकप से पहले टीम इंडिया का कैंप विशाखापट्टनम में**

## 25 अगस्त से शुरू होगा महिला विश्व कप

● **साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया से इसी मैदान पर होगा भारत से मैच**

साउथ अफ्रीका और आस्ट्रेलिया से यहीं मैच होगा

**विशाखापट्टनम, वार्ता।** भारतीय विमेंस टीम की वनडे वर्ल्ड कप तैयारियों के लिए विशाखापट्टनम में ट्रेनिंग कैंप लगाया जाएगा। भारत इसी मैदान में साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लीग मैच भी खेलेगा।

एक रिपोर्ट के मुताबिक कैंप 25 अगस्त से शुरू होगा और खिलाड़ियों को एक दिन पहले रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है। 15 सदस्यीय वर्ल्ड कप टीम के अलावा इस कैंप में 6 स्टैंडबाय खिलाड़ी भी शामिल होंगे। इनमें सायली सातघारे भी हैं, जिन्हें आस्ट्रेलिया के



खिलाफ वनडे टीम में चुना गया है, लेकिन वर्ल्ड कप में उनकी जगह आलराउंडर अमनजोत कौर वापसी करेंगी। इस कैंप इंडिया-ए टीम को भी शामिल किया जा सकता हैं। टीम इस समय ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ अनआफिशियल टेस्ट खेल रही है। इंडिया-ए टीम न्यूजीलैंड से बेंगलुरु के सेंटर आफ एक्सीलेंस में अपना पहला वार्म-अप मैच खेलेगी। वहीं श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश और साउथ अफ्रीका को-होस्ट शहर कोलंबो में रहेंगे और वहीं अपने वार्म-अप मैच खेलेंगे। राधा यादव 24 अगस्त को जुड़ेंगी आलराउंडर राधा यादव 24 अगस्त को मैच खत्म होने के बाद भारतीय टीम से जुड़ेंगी। वे फिलहाल ब्रिसबेन में रेड-बाल मैच में इंडिया-ए टीम की कप्तानी कर रही हैं। राधा यादव इंडिया-ए की आस्ट्रेलिया दौरे में कप्तानी कर रही हैं। विशाखापट्टनम में भारत के 2 लीग मैच कैंप का स्थान भी स्ट्रैटजी के तहत चुना गया हैं। भारत अपने दो लीग मैच, 9 अक्टूबर को अफ्रीका और 12 अक्टूबर को आस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखापट्टनम स्टेडियम में खेलेगा। भारतीय महिला टीम ने आखिरी बार 2014 में यहां वनडे खेला था। उस समय से अब तक वर्ल्ड कप टीम में हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और स्नेह राणा ही शामिल हैं। विशाखापट्टनम के अलावा गुवाहाटी, इंदौर और नवी मुंबई का डीवाई पाटिल स्टेडियम भी इस आठ टीमों वाले टूर्नामेंट की मेजबानी करेंगे।

# कन्ट्रोल रुम व आईसीसीसी में नगर आयुक्त का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज शाम नगर निगम कंट्रोल रुम और आईसीसीसी का निरीक्षण किया। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों और उनके निस्तारण की प्रगति की समीक्षा भी की। उन्होंने आईसीसीसी के कार्यो में एआई तकनीक का उपयोग करने को भी कहा।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने कंट्रोल रुम प्रभारी व सहायक नगरायुक्त जेपी यादव के साथ कंट्रोल रुम का निरीक्षण करते हुए आईसीसीसी के साथ कंट्रोल रुम को इंटीग्रेटेड करने के लिए अनेक सुझाव दिए। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया को और प्रभावी बनाने के लिए सॉफ्टवेयर को अपडेट कराने दिशा निर्देश दिए। उन्होंने आईसीसीसी में स्क्रीन पर गोगा महाड़ी व उसके निकट सरोवर की स्थिति का भी अवलोकन किया।



नगरायुक्त ने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में एआई का प्रयोग बढ़ रहा है। एआई तकनीक से आईसीसीसी मॉनीटरिंग के कार्य को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने एआई तकनीक का उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नगर निगम में जितने भी साफ्ट वेयर कार्य कर रहे हैं उनका एक ईआरपी मॉडयूल तैयार कर आईसीसीसी के साथ इंटीग्रेट करें ताकि एक प्लेट फॉर्म पर ही उसका परीक्षण किया जा सके।

नगरायुक्त ने आईसीसीसी में तैनात ट्रैफिक पुंलिसकर्मियों को प्रमुख चौराहों पर बिना हैलमेट वाहन चलाने व थ्री राइडिंग करने के अलावा रेड लाइट व अन्य नियमों का उल्लंघन करने वालों पर शिकंजा कसते हुए उनके चालान करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान निगम के आईटी ऑफिसर मोहित तलवार व एनईसी के प्रोजेक्ट मैनेजर अमरेंद्र प्रताप आदि भी मौजूद रहे।

## पुलिस ने तीन वारंटी गिरफ्तार कर जेल भेजे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** देहात कोतवाली पुलिस ने 3 वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जनपद पुलिस द्वारा एसएसपी आशीष तिवारी के निर्देश पर अपराध नियंत्रण एवं अपराधों में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत देहात कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षपक कपिल देव व उपनिरीक्षक भीमप्रकाश के नेतृत्व में तीन वारंटी आरोपियों सुमित पुत्र विजयपाल निवासी ग्राम शकलापुरी थाना देहात कोतवाली, रमेश पुत्र कृपाराम निवासी ग्राम बिजोपुरा थाना देहात कोतवाली व राजेश पुत्र कृपाराम निवासी ग्राम बिजोपुरा थाना देहात कोतवाली को उनके घरों से पकड़ लिया।

पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया है।

# थाना दिवस में फरियादियों की सुनी शिकायते



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली प्रांगण में थाना दिवस का आयोजन तहसीलदार की अध्यक्षता में किया गया जिस में फरियादियों की जन शिकायते सुनकर कर्मचारियों को निस्तारण के निर्देश दिए गए है।

शनिवार को थाना दिवस तहस. ीलदार विजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ थाना दिवस में अपनी शिकायते लेकर पहुंचे फरियादियों की शिकायत सुनी और थाना दिवस से संबंधित रजिस्टर का भी अवलोकन भी किया गया। दर्ज हुई शिकायतों के सुनने के बाद इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुसार थाना दिवस में आई शिकायतों को सभी संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी गंभीरता से लेकर उनका मौके पर जाकर इसका निस्तारण करें। किसी भी तरह की लाप. रवाही सहन नहीं की जाएगी।इस अवसर पर, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने कहा कि जो भी शिकायते पुलिस से संबंधित आई है संबंधित हल्का दरोगा पुलिस बल को साथ लेकर मौके पर जाकर उसका समय रहते निस्तारण कराए और अपने अपने क्षेत्र में अपराधिक प्रवृति के लोगों पर निगरानी रखे, अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमारा शर्मा एस आस आई प्रेम सिंह सहित पुलिसकर्मी तथा राजस्व विभाग के लेखपाल मौजूद रहे।

# दूसरे दिन भी खेले रोमांचक मुकाबले



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** टेबल टेनिस संघ की जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाडियों के बीच शानदार मुकाबले देखने को मिले।

डा.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में दूसरे दिन बालक वर्ग के अंडर 17 में जीतामन सिंह विजेता, मौलिक मेहरा उपविजेता, अंडर 19 में इशान छाबडा विजेता, कनव पंवार उपविज. ेता, अंडर 19 डबल्स में इशान छाबडा व मौलिक मेहरा की जोडी विजेता, मनन अरोरा व अनुभव पंवार की जोडी उपविजेता, अंडर 15 में आरव कालरा व सक्षम त्यागी की जोडी विजेता तथा अरनव पराशर व कनव पंवार की जोडी उपविज. ेता रही। गर्ल्स अंडर 19 में रूही विजेता, वेदिका पंवार उपविजेता रही।स चिव अलंकार किशोर ने बताया कि आज दूसरे दिन 50 खिलाडियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का कल (आज) पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो जायेगा। प्रतियोगिता में तेजस्वी चौहान, उज्जवल मल्होत्रा, इशांक छाबडा, मनन, हर्षिता ने निर्णायक की भूमिका निभाई। लाल धर्मेंद्र प्रताप, चिराग गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। संचालन पुष्पेंद्र सैनी ने किया।

## रेस्टोरेंट संचालक से मारपीट

**नागल।** कस्बे के स्टेट हाईवे स्थित दाना पानी रेस्टोरेंट के संच. ालक के साथ हुई मारपीट की घटना में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

रेस्टोरेंट संचालक संजीव कुमार पुत्र जयप्रकाश निवासी नगली मेहनाज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार रात करीब 11 बजे शराब के नशे में चार युवक उसके रेस्टोरेंट पर खाना खाने आये । खाना खाने के बाद जब उसने खाने के पैसे मांगे तो उन चारों ने उसके साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट की तथा रेस्टोरेंट का सामान भी तोड़ दिया। तथा जाते जाते उसे जान से मारने की धमकी देकर गये। पुलिस ने पीड़ित रेस्टोरेंट संचालक संजीव कुमार की तहरीर पर संदीप उर्फ भोजू तथा तीन अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# रेलवे पुल निर्माण का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक निम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** भाजपा विधायक देवेंद्र निम ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के रेलवे पुल के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को जनता की समस्याओं से अवगत कराते हुए निर्धारित समय पर निर्माण कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए।

शनिवार को भाजपा विधायक देवेंद्र निम ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के रेलवे पुल के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान देवेंद्र निम ने पुल की गुणवत्ता का भी गहनता से जायजा लिया।लोगों ने विधायक देवेंद्र निम को बताया कि यहाँ पर दिन में कई कई बार जाम लग जाता है जिससे स्थानीय लोगों व राहगीरों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है।भीषण गर्मी में स्कूली बच्चों का बुरा हाल हो जाता है। जिस पर देवेंद्र निम ने कहा कि अभी आवागमन के लिए एक रास्ता खोला गया है जिससे जाम लगता है।हम दूसरी तरफ का रास्ता खुलवाने के लिए के संबंधित अधिकारियों से बात करेंगे।पूर्व चेयरपर्सन प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी ने विधायक निम को बताया कि पिछले डेढ़ माह से काम बंद है उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही पुल पर कार्य शुरू नहीं किया जाता तो हम धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

विधायक देवेंद्र निम ने सम्बंधित अधिकारियों से वार्ता कर पूल निर्माण कार्य शुरू कराने और निर्धारित समय अवधि में कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि यह पुल हमारे क्षेत्र में सुगम आवागमन और विकास का नया अध्याय लिखेगा। हमारा संकल्प है कि जनता को सभी विकास कार्यों का लाभ बिना किसी देरी के मिले।

इस दौरान ब्रह्म सिंह, संजय चेयरमैन, मेघराज पँवार, गौतम चौधरी, जसबीर चौधरी, अक्षय पँवार, विकास प्रधान, सोनू तोमर आदि मौजूद रहे।

# वर्षगांठ हर्षोल्लास से मनाई




**सहारनपुर।** राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान की स्वर्णिम सफलता पर परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालय व कंपोजिट विद्यालयों में चंद्रयान के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने की दूसरी वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के शुभ अवसर पर विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने चंद्रयान मिशन कि सफलता कि कहानी का चित्रण ड्राइंग शीट एवं प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विद्यालयों में शानदार रूप से किया गया तथा इन प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को उब सदस्यों के माध्यम से पुरस्कृत भी कराया गया। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के माध्यम से छात्र छात्राओं की गणित, विज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा में रुचि विकसित करने के लिए उक्त प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# 95 बिजली चोरों पर की गई कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** विद्युत विभाग द्वारा कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कई जगह बिजली चोरी पकड़ी गई जिसके बाद 95 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बिजली विभाग की इस कार्यवाही से बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

विद्युत वितरण खंड बेहट के अधिशासी अभियंता भीष्म कुमार और उप खंड अधिकारी बृजमोहन अगुवाई में बेहट कस्बे के विभिन्न मौहल्लों, साढ़ोली कदीम शेरपुर पेलो, शाहपुर गाड़ा, फरकपुर, खुशहालपुर, असलमपुर बरथा तथा मिर्जापुर सहित कई गांवों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। टीम को देख बिजली चोरी करने वालों और बड़े बकायादारों में हड़कंप मच गया। इस दौरान टीम द्वारा अलग अलग स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी गई। जिसके बाद कुल 95 लोगों के खिलाफ बिजली चोरी करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस दौरान टीम में जेई बेहट जितेंद्र भटनागर, जेई विशाल, नोडल अधिकारी मनोज, टीजीटू गौरव, लाइनमैन अकरम मलिक, इस्तेखार, सलीम, अंकित कुमार, शक्ति सिंह राणा आदि शामिल रहे।

## अभियान चला 2.70 लाख रूपये की वसूली

**सहारनपुर।** नगर की निसार रोड व आजाद कालोनी पोषकों के क्षेत्रों में अभियान चलाकर 45 उपभोक्ताओं से 2.70 लाख की वसूली करने के साथ ही 11 विद्युत चोरी की एफआईआर दर्ज करायी गयी।

अधिशासी अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण खण्ड जनक नगर अविनाश कुमार के नेतृत्व में यह अभियान 62 फुटा रोड, मौहल्ला नयाबांस व निसार रोड पर चलाया गया। चैकिंग टीम में उपखण्ड अधिकारी प्रथम संजीव यादव, उपखण्ड अधिकारी द्वितीय शुभम नायक, अवर अभियन्ता दीपक कुमार, पुष्पेन्द्र कुमार, पंकज कुमार, अरूण कुमार, प्रांजल कुमार, राजकुमार, प्रवीण कुमार आदि शामिल रहे। वहीं उपखण्ड अधिकारी तृतीय रोबिन शर्मा पुल खुमरान की अधीनस्थ अवर अभियन्ता प्रवीण कुमार सिंह ने मौहल्ला गिहिर कालोनी में 6 बिजली चोरों पर एफआईआर दर्ज कराई।

# हत्या के विरोध में कैंडल मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** हरियाणा में 19 वर्षीय मासूम शिक्षिका मनीषा की निर्मम हत्या के विरोध में आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियों ने कैंडल मार्च निकाल मृतका को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

शनिवार को आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियो ने हरियाणा में शिक्षिका मनीषा की गला रेतकर की गई निर्मम हत्या को लेकर ग्राम साढोली कदीम में कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया तथा मृतका को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष दीपक राणा, आशीष राणा, मास्टर पवन, अंकुश कुमार, रजत कुमार, मोहित कुमार, अंकित कर्णवाल, विशाल कुमार सागर, संदीप कुमार, दीपक कुमार आदि शामिल रहे।

# पेंशनर्स के नेत्रों की नि:शुल्क जांच



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रेलवे पेंशनर्स समाज द्वारा आयोजित किये गये निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में पेंशनर्स की आंखों का परीक्षण करने के साथ ही चिकित्सकों द्वारा उचित परामर्श दिया गया।

संस्था कार्यालय पर लगाये गये शिविर में डा. प्रवेश उप्रेती ने वरिष्ठ नागरिकों को नेत्र सुरक्षा संबंधी टिप्स देते हुए बताया कि हरी पत्तेदार सब्जियों, मौसमी फलों का सेवन करें और तेज धूप में धूप के चश्मे का इस्तेमाल करें। डॉ कर्म सिंह एवम निशा सैनी ने 62 सदस्यों का नेत्र परीक्षण कर उनको उचित परामर्श दिया,। मार्केटिंग मैनेजर रविंद्र सिंह एवम सुरेंद्र बिरला ने हॉस्पिटल आकर दिखाने वालों को विशेष रियायत देने की घोषणा की।

संस्थापक आर सी शर्मा एवं महामंत्री एन एस चौहान ने डॉ कवलीन कौर एवं उनकी सहयोगी टीम का अंग वस्त्र एवं संस्था पत्रिका देकर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के नि:शुल्क चिकित्सा परीक्षण शिविर वरिष्ठ नागरिकों के लिए बहुत ही आवश्यक एवं महत्व पूर्ण होते हैं।

इस दौरान मूलचंद रांगड़ा, स्वतंत्र भारद्वाज, देवेंद्र कुमार, विनोद त्यागी, अजीत राणा, विजय तलवार, इकबाल अजीम, आर के धीगड़ा, अरविंद शर्मा, अशोक शर्मा, जुगल, श्रीकृष्ण आर्य, इंद्रजीत कुमार, बलजीत जायसवाल, वेद प्रकाश, संजीव छावड़ा, मीना कटारिया, अनुपम गाबा कमलेश, रेखा, दिनेश मलिक आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता जे एन शर्मा एवम संचालन जे पी शर्मा ने किया।

# 25 हजार का इनामी दुष्कर्मी मुम्बई से पकडा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव बेलडा जुनारदार में करीब 3 वर्ष पहले एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म कर विदेश भाग जाने के मामले में न्यायालय से फरार चल रहे 25 हजार के एक इनामी अभियुक्त को पुलिस ने मुबंई से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में पेश किया है।

मिली जानकारी के मुताबिक थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र सिंह ने बताया कि गांव बेलडा जुनारदार निवासी इकबाल ने 30 अगस्त 2022 को तहरीर देकर पुलिस को बताया था कि उसकी नाबालिग पोती के साथ गांव के रहने वाले साकिब पुत्र इमरान ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज करते हुए आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी थी। मुकदमा दर्ज होने पर आरोपी युवक शाकिब पुलिस को चकमा देकर सऊदी अरब भाग गया था। वह तभी से फरार चल रहा था। आरोपी पर पुलिस द्वारा पच्चीस हजार रूपए का ईनाम रखा गया था। स्थानीय पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया गया है।

# मयंक शर्मा ने कराया बूथ कमेटी कार्य



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता मयंक शर्मा भारतीय के कैंप कार्यालय पर बूथ संख्या 129 से लेकर 174 तक की बूथ कमेटी का कार्य किया गया।

सर्किट हाउस रोड स्तिथ उनके कार्यालय पर मयंक शर्मा भारतीय ने बताया कि कांग्रेस पार्टी प्रत्येक मंडल, प्रत्येक वार्ड, एंव प्रत्येक बूथ तक अपने पदाधिकारियों की कमेटी की नियुक्ति कर महानगर में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का काम कर रही है। उन्होंने बताया जिसमें मुख्य तौर पर पार्टी के महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी जिला कांग्रेस सेवा दल के जिलाध्यक्ष इमरान कुरेशी उपस्थित रहे।

इस मौके पर वरिष्ठ महानगर उपाध्यक्ष अमरदीप जैन, महानगर महासचिव शमीम अहमद, नगर सचिव घनश्याम पंत, नगर सचिव अमित राठौर भारतीय, नगर सचिव जैल सिंह लांबा, सोशल मीडिया महानगर अध्यक्ष चंद्रशेखर पासी, वार्ड 26 से अध्यक्ष अनिकेत भारतीय, सुनील राठौर भारतीय, और भूपेंद्र शर्मा भारतीय आदि लोग मौजूद रहे।

## दो गौकश दबोचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने दो गौकशों को दबोचकर उनके कब्जे से गौमांस व गौकशी करने के उपकरण बरामद कर लिए।

मिली जानकारी के थाना जनकपुरी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नसीम कुरैशी पुत्र लतीफ निवासी ग्राम छजपुरा अपने परिवार के साथ अपने घर में ही गौकशी कर रहा है। पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार व उपनिरीक्षक अजय कसाना के नेतृत्व में आरोपियों के घर दबिश दी तो मुख्य आरोपी नसीम अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने गौकशी करते हुए अभियुक्ता नूरजहां पत्नी नसीम व तबस्सुम उर्फ रानी पुत्री नसीम निवासीग्रण ग्राम छजपुरा थाना जनकपुरी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गौमांस, अवशेष तथा गोकशी करने के उपकरण बरामद कर लिए।

# धूमधाम से मनाया अलंकरण समारोह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** इन्फेंट जीसस स्कूल में अलंकरण समारोह बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया।

स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिटायर्ड ग्रुप कैप्टन रोनाल्ड बनर्जी एवं द स्कूल आफ जीसस एंड मैरी संस्थापक श्रीमती डीयेन बनर्जी रहे। मुख्य अतिथि और प्रधानाचार्या श्रीमती लोरिना सिमलाई द्वारा स्कूल के काउंसिल समिति के विभिन्न विभागों के नवनियुक्त पद अधिकारियों का स्वागत किया। स्कूल हेड बॉय के रूप में रुद्रांश गोयल एवं स्कूल हेड गर्ल के रूप में नव्या मित्तल को नियुक्त किया गया। मुख्य अतिथि ने स्कूल के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए बच्चों को आगे बढ़ाने एवं अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों द्वारा सुंदर गीत प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया।

कार्यक्रम समापन के दौरान प्रधानाचार्या द्वारा छात्र-छात्राओं को अपनी जिम्मेदारियों को संपूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से निभाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अलंकरण समारोह में स्कूल के स्टाफ समेत छात्र छात्राएं भी उपस्थित रहे।

# डीआईजी का थाने में निरीक्षण, सुनी समस्याएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**बेहट/साढौली कदीम।** शनिवार को कोतवाली बेहट में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे सहारनपुर परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिषेक सिंह ने पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन के साथ जनसमस्याए सुनी। इसके बाद उन्होंने कोतवाली बेहट का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



बेहट कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे डीआईजी अभिषेक सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान आम जनता से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डीआईजी ने जनता की शिकायतों को गंभीरता से सुना और समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

सुनवाई के बाद डीआईजी अभिषेक सिंह ने थाना बेहट का आकस्मिक निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने की स्वच्छता, अभिलेखों के रखरखाव, जनसुनवाई रजिस्टर, और अन्य व्यवस्थाओं की गहन जांच की। निरीक्षण में पाए गए कमियों को सुधारने के लिए संबंधित कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए। डीआईजी ने थाना प्रभारी और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे जनता की समस्याओं के प्रति संवे. दनशील रहें और अभिलेखों का रखरखाव व्यवस्थित तरीके से करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने भी थाना स्टाफ को जनता के प्रति जवाबदेही और पारदर्शिता बनाए रखने की बात कही। इस दौरान इंस्पेक्टर सतपाल भाटी, इंस्पेक्टर संजीव शर्मा मौजूद रहे।

## राष्ट्रपति ट्रम्प की कठोर नीति का दिखने लगा कुप्रभाव

# अमेरिका में घटी अप्रवासी आबादी



■ विशेषज्ञ बोले: अर्थव्यवस्था को होगा नुकसान, गिरावट का असर श्रम बाजार पर भी पड़ रहा है
■ अमेरिका में जनवरी 2025 से लेकर जून 2025 के बीच अप्रवासियों की संख्या में करीब 15 लाख की कमी दर्ज की गई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का अप्रवासियों के खिलाफ सख्त रुख रहा है। इसके चलते ट्रम्प प्रशासन में बड़े पैमाने पर अवैध अप्रवासियों को निर्वासित किया गया और सीमा पर सख्ती की गई।

अब उनकी कठोर नीतियों का असर दिखना भी शुरू हो गया है। दरअसल अमेरिका में रहने वाले अप्रवासियों की संख्या में भारी गिरावट दर्ज की गई है। प्यू रिसर्च सेंटर के एक ताजा अध्ययन के अनुसार, अमेरिका में जनवरी 2025 से लेकर जून 2025 के बीच अप्रवासियों की संख्या में करीब 15 लाख की कमी दर्ज की गई है। प्यू रिसर्च सेंटर के अनुसार अमेरिका में आप्रवासियों की कुल संख्या इस साल की शुरुआत में 5.33 करोड़ थी, जो अब घटकर लगभग 5.19 करोड़ रह गई है। प्यू रिसर्च सेंटर की यह रिपोर्ट हाल ही में जारी की गई। प्यू रिसर्च सेंटर के वरिष्ठ जनसांख्यिकीविद् जेफरी पासेल ने मीडिया को बताया कि हम जिस डेटा पर गौर कर रहे हैं, वह एक नाटकीय बदलाव दर्शाता है। इस गिरावट का असर श्रम बाजार पर भी पड़ रहा है। प्यू रिसर्च सेंटर के अनुसार, आप्रवासियों की संख्या में कमी के कारण कार्यबल ने 750000 से ज्यादा कर्मचारियों को खो दिया है। रिपोर्ट में पासेल के हवाले से बताया गया कि श्अमेरिका में कामकाजी उम्र के लोगों की आबादी नहीं बढ़ रही है। इसका मतलब है कि कार्यबल में वृद्धि का एकमात्र तरीका नए प्रवासियों का आना है। अगर कार्यबल नहीं बढ़ता है, तो अर्थव्यवस्था के लिए मुश्किलें खड़ी होंगी। पासेल ने कहा कि आप्रवासी आबादी में भारी गिरावट अभूतपूर्व है। दिलचस्प बात ये है कि अमेरिका में अवैध अप्रवासियों की संख्या में भी गिरावट आनी शुरू हो गई है। साल 2023 में यह आंकड़ा 1.4 करोड़ था। अमेरिका में अप्रवासियों की संख्या में गिरावट आई है, लेकिन अभी भी दुनिया में सबसे ज्यादा अप्रवासी आबादी अमेरिका की ही है। अमेरिका की कुल आबादी में अप्रवासियों की जनसंख्या का प्रतिशत 15.8 प्रतिशत था, जो अब घटकर 15.4 प्रतिशत रह गया है। टेक्सास और कैलिफोर्निया में सबसे ज्यादा अप्रवासी आबादी रहती है।

## भारत संग बिगड़ते रिश्ते पर एक और पूर्व अमेरिकी अधिकारी की ट्रम्प को लताड़

■ किसी कूटनीतिक प्रयास के बिना अल्टीमेटम देना कोई महानता नहीं है: जॉन केरी

**वाशिंगटन।** भारत पर 50 फीसदी लगाने और बिगड़ते रिश्ते पर एक और पूर्व अमेरिकी अधिकारी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को लताड़ लगाई है। ओबामा प्रशासन में विदेश मंत्री रहे जान केरी ने कहा कि किसी कूटनीतिक प्रयास के बिना अल्टीमेटम देना कोई महानता नहीं है।

भारत और अमेरिका के संबंधों में तनाव बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। केरी ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प और पीएम मोदी के बीच टकराव सही नहीं है। हम इससे चिंतित हैं। बड़े राष्ट्र हमेशा लोगों को अल्टीमेटम देकर महानता प्रदर्शित नहीं करते हैं। बल्कि कूटनीतिक प्रयासों के जरिये काम करते हैं। ताकि आम सहमति बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि ओबामा शासन के दौरान बातचीत सहयोग और सम्मान के साथ होती थी। लेकिन अब कुछ ज्यादा ही आदेश, दबाव और धक्का-मुक्की हो रही है। केरी ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि भारत और अमेरिका मिलकर व्यापार विवाद सुलझा लेंगे। भारत ने स्पष्ट रूप से बेहतर पेशकश की है। पीएम मोदी और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल हमारे मित्र हैं।




झारखंड। रांची में भारी बारिश के बाद पानी से भरे गैराज में खड़ी एक बस।

## जेलेंस्की के ऑफिस पर मिसाइल हमले को बेताब थे रूसी अधिकारी

बेलारूस। बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने दावा किया है कि रूस के कुछ अधिकारियों ने यूक्रेन की राजधानी कीव में राष्ट्रपति जेलेंस्की के आफिस पर ओरेशनिक मिसाइल से हमले का प्रस्ताव रखा था। हालांकि, राष्ट्रपति पुतिन ने इसे खारिज कर दिया। लुकाशेंको ने कहा: यह एक सीक्रेट जानकारी है। रूस में कुछ लोगों ने यह विचार रखा था। मैं यह नहीं बताऊंगा कि वे कौन थे। पुतिन ने इस प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया। अधिकारी हमला करने को तैयार थे। अगर 'ओरेशनिक' मिसाइल से हमला होता, तो कुछ भी नहीं बचता। इससे पहले, लुकाशेंको ने ऐलान किया था कि बेलारूस 2025 के अंत तक 'ओरेशनिक' मिसाइल सिस्टम तैनात करने की योजना बना रहा है। बता दें कि 'ओरेशनिक' एक मिडिल रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसकी मैक्सिमम रेंज 5500 किलोमीटर है। यह मिसाइल 10 मैक की स्पीड (12,400 किलोमीटर प्रति घंटा) से उड़ती है और 900 किलोग्राम तक का परमाणु हथियार ले जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान व पाक से 1693 अफगान शरणार्थी परिवार स्वदेश लौटे

**काबुल।** अफगानिस्तान के 1693 शरणार्थी परिवार हाल ही में पड़ोसी देश पाकिस्तान और ईरान से स्वदेश लौट आए हैं। शरणार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए गठित उच्चायोग ने शनिवार को बताया कि इन शरणार्थियों में 6202 लोग शामिल हैं। ये शरणार्थी पश्चिमी हेरात प्रांत में इस्लाम कला सीमा पार, पूर्वी नंगरहार प्रांत में तोरखम सीमा पार, दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा पार और पश्चिमी निमरोज प्रांत में अबरीशाम सीमा पार करके अफगानिस्तान पहुंचे।

### न्यूयार्क में टूरिस्ट बस पलटी, पांच की मौत

**अल्बानी।** न्यूयार्क में शुक्रवार को नायग्रा फाल्स से न्यूयार्क सिटी जा रही एक टूरिस्ट बस पलट गई, जिससे 5 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। न्यूयार्क स्टेट पुलिस के मेजर आंद्रे रे ने मीडिया को बताया कि बस के ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया जिससे बस पलट गई। यह हादसा स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12:30 बजे हुआ। बस में 54 यात्री सवार थे। ज्यादातर यात्रियों ने सीट बेल्ट नहीं लगाई थी, जिससे हादसे के समय खिड़कियां टूटने से कई यात्री बस से बाहर गिर गए।

### जेलेंस्की और नाटो महासचिव मार्क रुटे के बीच वार्ता

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव मार्क रुटे से यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी के विषय में उनकी बात हुई है। ज़ेलेंस्की ने कहा कि शुक्रवार को हुई बातचीत का उनका उद्देश्य उत्तरी अटलांटिक संधि के अनुच्छेद 5 के समान कोई सुरक्षा गारंटी प्राप्त करना है।

### अफगान में नदी में गिरा ट्रैक्टर, 12 लोगों की मौत

**काबुल।** दक्षिणी अफ़ग़ानिस्तान के हेलमंद प्रांत में शुक्रवार को एक ट्रैक्टर के नदी में गिर जाने से 12 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। प्रांतीय सूचना एवं संस्कृति निदेशक हाफिज़ अब्दुल बारी राशिद ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह भीषण दुर्घटना गरमसिर जिले में हुई, जिसमें तीन महिलाओं और नौ बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई और चार अन्य घायल भी बच्चे हैं। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाकर्मी समय पर घटनास्थल पर पहुंच गए और 14 अन्य लोगों को बचा लिया गया।

## ट्रम्प ने पुतिन को फिर से वार्ता के लिए 'कुछ हफ्ते' का समय दिया

■ यूक्रेन शांति वार्ता शुरू होने का कोई संकेत नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को अपने यूक्रेनी समकक्ष वोलोदिमीर जेलेंस्की से मिलने के लिए 'कुछ हफ्ते' का समय और देंगे, जिससे रूस के खिलाफ संभावित नतीजों तक पहुँचने के लिए उनकी समय सीमा और बढ योजगी।

उल्लेखनीय है कि रूसी शीर्ष नेता से दोनों देशों के बीच संघर्ष समाप्त करने की उम्मीद से जेलेंस्की से मिलने और युद्ध समाप्त करने का आग्रह किया था। सीएनएन ने ट्रम्प से पूछा था कि यदि पुतिन मुलाकात के लिए तैयार नहीं हुए तो आप क्या करेंगे। इस पर ट्रम्प ने जवाब दिया कि मैं देखूंगा कि इसमें किसकी गलती है। अगर कोई वजह हैं तो मैं उसे समझूंगा। हम देखेंगे कि उनकी मुलाक़ात होती है या नहीं और अगर नहीं होती है तो उन्होंने मुलाक़ात क्यों नहीं की। मैंने उन्हें मुलाक़ात करने के लिए कहा था लेकिन मुझे दो हफ्ते में पता चल जाएगा कि मेरी कोशिश कहां तक पहुंची है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति का बयान रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव द्वारा शुक्रवार को दिए गए बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि दोनों नेताओं के बीच बैठक की कोई योजना नहीं है। ट्रम्प ने पिछले सप्ताह अलास्का में पुतिन से मुलाकात की थी और इस सप्ताह व्हाइट हाउस में जेलेंस्की और अन्य यूरोपीय नेताओं से मुलाकात की थी। इसके बाद शांति वार्ता जोर पकड़ती नजर आ रही थी लेकिन अब इस पहल में फिर से गतिरोध नजर आने लगा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पुतिन को यूक्रेनी समकक्ष से मिलने के लिए दो सप्ताह का समय दिया था जिसे ट्रम्प कई बार दोहरा चुके हैं।

## मैक्सिको ने ड्रग कार्टेल में अमेरिका हस्तक्षेप को फिर से किया खारिज


**मेक्सिको।** मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने एक बार फिर देश के ड्रग कार्टेल पर कार्रवाई करने में किसी भी अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप को खारिज किया है। सुशीनबाम ने एक कार मैक्सिको की संप्रभुता को दोहराया। ड्रग कार्टेल एक आपराधिक संगठन है जो अलग-अलग ड्रग माफियाओं से मिलकर बनता है, जो लाभ बढ़ाने और अवैध ड्रग व्यापार पर अपना प्रभुत्व जमाने के लिए आपस में गठजोड़ करते हैं। ये कार्टेल अवैध ड्रग्स की आपूर्ति और कीमतों को नियंत्रित करने का लक्ष्य रखते हैं मेक्सिको सिटी में राष्ट्रपति ने कहा कि मैक्सिको स्वतंत्र और संप्रभु है। किसी भी विदेशी सरकार को वह अपनी स्वायत्तता का उल्लंघन नहीं करने देगा। उनकी यह टिप्पणी अमेरिकी ड्रग प्रवर्तन प्रशासन प्रमुख टेरी कोल की उस टिप्पणी के जवाब में आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी एजेंसी मैक्सिकन ड्रग कार्टेल पर हमला करने के अमेरिकी राष्ट्रपति के फैसले का समर्थन करेगी।

## SCO के इतिहास का सबसे बड़ा शिखर सम्मेलन होगा: चीन

### भारतीय पीएम मोदी समेत 20 विश्व नेता और 10 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के अधिकारी भी होंगे शामिल

**बीजिंग।** चीन ने कहा कि इस महीने के अंत में होने वाला शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का शिखर सम्मेलन संगठन के इतिहास का सबसे बड़ा आयोजन होगा। इस बैठक में 20 देशों के नेता भाग लेंगे, जिनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हैं। यह शिखर सम्मेलन 31 अगस्त से एक सितम्बर के बीच चीन के तियानजिन शहर में होगा। पांचवीं बार इस दस सदस्ईय समूह की मेजबानी चीन करेगा।

सहायक विदेश मंत्री लियू बिन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह एससीओ के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा सम्मेलन होगा। लियू ने कहा कि इस सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के अलावा प्रधानमंत्री मोदी व कई अन्य वैश्विक नेता शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबावो सुबिआंतो, मलयेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह जैसे प्रमुख नेता भी शामिल होंगे। उपमहाद्वीप से पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, नेपाल के प्रधानमंत्री केपी



■ पाक पीएम शहबाज शरीफ, नेपाल पीएम केपी शर्मा ओली और मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू भी भाग लेंगे

शर्मा ओली और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू भी इस सम्मेलन में भाग लेंगे। लियू ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और एससीओ महासचिव नुरलान यरमेकबायेव सहित 10 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के अधिकारी भी इस सम्मेलन में भाग लेंगे। इस वजह से यह आयोजन एससीओ के इतिहास का सबसे बड़ा बन जाएगा। इस साल चीन एससीओ की अध्यक्षताकर रहा है। एससीओ के 10 सदस्य देश रूस, भारत, ईरान, कजाखस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, बेलारूस और चीन हैं। इस विस्तारित एससीओ प्लस सम्मेलन को चीन के वैश्विक प्रभाव को दिखाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। ज्यादातर नेता इस दो दिवसीय सम्मेलन के बाद भी कुछ समय रुकेंगे, ताकि तीन सितम्बर को बीजिंग में होने वाली चीन की सबसे बड़ी सैन्य परेड को देख सकें। यह परेड जापानी आक्रमण और फासीवाद विरोधी युद्ध में जीत की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित होगी। चीन इस परेड में चौथी पीढ़ी के टैंक और लड़ाकू विमान, ड्रोन आधारित खुफिया और सुरक्षा उपकरण और आधुनिक मिसाइलों का प्रदर्शन करेगा, जिनमें हाइपरसोनिक मिसाइलें भी शामिल हैं। यह जानकारी चीन के सरकारी मीडिया ने दी है। लियू ने बताया कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग एससीओ के सदस्य देशों के प्रमुखों की परिषद की 25वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसके साथ ही वह एससीओ प्लस बैठक का भी संचालन करेंगे और मुख्य भाषण देंगे। शी जिनपिंग सम्मेलन में आए नेताओं के लिए स्वागत भोज और द्विपक्षीय बैठकें भी आयोजित करेंगे।

## बांग्लादेश में मीडिया पर कसा गया शिकंजा

### शेख हसीना के बयानों को प्रसारित न करने की चेतावनी

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने मीडिया संस्थानों को अवामी लीग की नेता व अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के किसी भी बयान का प्रसारण या प्रकाशन न करने की चेतावनी दी है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



■ उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के प्रेस विंग ने कहा, हम हसीना की बातों और बयानों को फैलाने वाले और भविष्य में ऐसा करने की मंशा रखने वाले मीडिया को चेता रहे हैं कि हम उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा, टेलीविजन चौनलों, समाचार और ऑनलाइन पोर्टलों पर हसीना के ऑडियो चलाना आतंकवाद विरोधी कानून 2009 का उल्लंघन है। इसमें हसीना को एक दोषी अपराधी व सामूहिक हत्याओं और मानवता के खिलाफ अपराधों का भगोड़ा आरोपी बताया गया है। हसीना को को पांच अगस्त 2024 को सड़क आंदोलनों के बाद सत्ता से हटाया गया था। वे इस समय अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में कई केस का सामना कर रही हैं, हालांकि अभी सजा नहीं हुई है। गौरतलब है कि बीते साल जुलाई 2024 में हुए जनविद्रोह के बाद शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। इस जनविद्रोह में बड़ी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया था। अंतत: 5 अगस्त 2024 को हसीना सरकार गिर गई और वह भारत चली गईं। इसके बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार ने देश में लोकतांत्रिक माहौल बहाल करने का वादा किया था। पिछले कई महीनों से बांग्लादेश में राजनीतिक दल नए सिरे से आम चुनाव कराने की मांग कर रहे थे। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने घोषणा की थी कि देश में फरवरी 2026 में आम चुनाव होंगे। यह घोषणा 5 अगस्त को शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के सत्ता से बेदखल होने की पहली वर्षगांठ के अवसर पर की गई थी।

## श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति विक्रमसिंघे को रिमांड पर भेजा गया

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को एक स्थानीय अदालत ने 26 अगस्त तक रिमांड पर भेज दिया है। विक्रमसिंघे को सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप में आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने गिरफ्तार किया था। श्रीलंका की स्थानीय मीडिया के अनुसार शुक्रवार रात कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट कोर्ट ने यह फैसला तब लिया जब सीआईडी की ओर से देश के अटॉर्नी जनरल विभाग के एक प्रतिनिधि ने अदालत को बताया कि विक्रमसिंघे के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति अधिनियम के तहत सबूत पेश किए जाएंगे। प्रतिनिधि ने अदालत से अनुरोध किया कि जांच पूरी न होने के कारण संदिग्ध को रिमांड पर लिया जाए।

## मस्क-ट्रम्प को लड़वाने वाले सर्जियो भारत में अमेरिकी राजदूत बने

ट्रम्प के चौकरीदार कहे जाते हैं गोर, अमेरिकी राष्ट्रपति बोले: मुझे उन पर पूरा भरोसा, ट्रम्प ने 7 महीने बाद चुना भारत का राजदूत

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति ट्रम्प ने सर्जियो गोर को भारत में अमेरिका का अगला राजदूत नियुक्त किया है। उन्हें शुक्रवार को दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के लिए विशेष दूत की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

सर्जियो गोर को मस्क और ट्रम्प के बीच लड़ाई शुरू कराने वाला माना जाता है। मस्क ने नाराज होकर गोर को 'सांप' तक कह दिया था। सर्जियो लंबे समय से ट्रम्प परिवार के भरोसमंद रहे हैं। पहले उनका काम ट्रम्प से जुड़े कार्यक्रमों को देखना था। वे यह भी देखते रहे हैं कि ट्रम्प से कौन मिल सकता है और कौन नहीं। इसलिए अमेरिकी मीडिया उन्हें ट्रम्प का 'गेटकीपर' भी कहती है। यानी कि ऐसा शख्स जो ट्रम्प तक पहुंचने के रास्ते पर पहरेदार की तरह खड़ा है। गोर को नई जिम्मेदारी मिलने को लेकर राष्ट्रपति ट्रम्प ने खुशी जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा-कि गोर ने एरिक गार्सेटी की जगह ली है। वे मई 2023 से जनवरी 2025 तक भारत में अमेरिका के राजदूत रहे। ट्रम्प ने भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में सर्जियो गोर को करीब 7 महीने की देरी के बाद नियुक्त किया है। जबकि ट्रम्प ने चीन समेत कई देशों में दिसंबर, 2024 में ही राजदूत नियुक्त कर दिया था। माना जा रहा है कि गोर भारत में अमेरिका फर्स्ट एजेंडे को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। गोर ने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान ट्रम्प के लिए फंड जुटाने में भी बड़ी भूमिका निभाई। वे ट्रम्प के खास माने जाते हैं उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के कटर समर्थक हैं। गोर व्हाइट हाउस में नियुक्तियों की जांच-परख में भी शामिल रहे हैं। उन्हें ट्रम्प की टीम में पर्दे के पीछे सबसे ताकतवर शख्सियतों में से एक माना जाता है। गोर को ऐसे समय में भारत में अमेरिका का राजदूत बनाया जा रहा है जब टैरिफ को लेकर अमेरिका से उसका विवाद चल रहा है।

## चंद्रबाबू नायडू भारत के सबसे अमीर मुख्यमंत्री

■ 30 मौजूदा सीएम की कुल संपत्ति में 57 प्रतिशत सिर्फ नायडू के पास

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू भारत के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं। उनके पास 931 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति है।

देश के मौजूदा 30 मुख्यमंत्रियों के पास कुल 1632 करोड़ रुपये की संपत्ति है। इसका करीब 57 प्रतिशत हिस्सा चंद्रबाबू के पास है। उनके पास 810 करोड़ रुपये की चल संपत्ति (कैश डिपॉजिट, जेवर आदि) और 121 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति (मकान, जमीन आदि) है। चंद्रबाबू पर 10 करोड़ रुपये का कर्ज भी है। वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पास सबसे कम संपत्ति है। उनके पास सिर्फ 15.38 लाख रुपये की चल संपत्ति है। ममता के पास किसी प्रकार की अचल संपत्ति नहीं है। चुनाव सुधार के लिए काम करने वाले एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) की एक रिपोर्ट से इस बात की जानकारी मिली है। 27 राज्य और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के सभी मौजूदा 30 मुख्यमंत्रियों के हलफनामों का एनालिसिस करके यह रिपोर्ट तैयार की है।

## भारत-चीन के बीच लिपुलेख दर्रे से रुपये-युआन में व्यापार होगा

■ पहले सामान के बदले सामान का लेन-देने होता था यहां मनी एक्सचेंज भी खुलेगा

**नई दिल्ली।** भारत और चीन ने उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से फिर व्यापार शुरू करने पर सहमति जताई है। यह फैसला चीनी विदेश मंत्री वांग ई की भारत यात्रा के दौरान हुआ।

लिपुलेख के साथ शिपकी ला और नाथु ला दर्रों से भी कारोबार बहाल करने का फैसला लिया गया है। हिमालय के तीन दर्रों से शुरू होने जा रहा भारत-चीन व्यापार पहली बार पूरी तरह सड़क के जरिए होगा। सबसे अहम यह है कि व्यापार अब भारतीय रुपये और चीनी युआन में होगा। अब तक यह 'वस्तु विनिमय' आधारित था। तिब्बत से व्यापारी नमक, बोराक्स, पशु उत्पाद, जड़ी-बूटियां और स्थानीय सामान बेचने आते हैं, जबकि भारतीय व्यापारी बकरी, भेड़, अनाज, मसाले, गुड़, मिश्री, गेहूं वहां ले जाते हैं। हालांकि, नेपाल ने इस समझौते पर आपत्ति जताई। उसका कहना है कि लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी उसके क्षेत्र का हिस्सा हैं। उसने भारत और चीन से इस इलाके में कोई एक्टिविटी न करने की अपील की है। ब्रिटिश काल में भी लिपुलेख दर्रा व्यापार और तीर्थयात्रा का प्रमुख केंद्र था। 1991 में भारत और चीन ने इसे औपचारिक व्यापारिक मार्ग बनाया था। भारत-चीन के बीच साल 2005 में 12 करोड़ रुपये का आयात और 39 लाख रुपये का निर्यात हुआ था। साल 2018 में 5.59 करोड़ रुपये का आयात और 96.5 लाख रुपये का निर्यात हुआ था। सदियों से तिब्बत के साथ हमारा व्यापार वस्तु विनिमय पर होता आया है। हम लंबे समय से स्थानीय मुद्रा में व्यापार की मांग कर रहे थे।

## अमेरिका ने फिर बढ़ाई टिकटॉक पर प्रतिबंध की समय सीमा

■ टिकटॉक को सितम्बर के मध्य तक नया अमेरिकी मालिक ढूंढना है

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वह टिकटॉक को उसके चीनी मालिक बाइटडांस से अलग करने की समयसीमा को चौथी बार बढ़ाने के लिए तैयार हैं। अगर ऐसा नहीं हुआ तो टिकटॉक को अमेरिका में प्रतिबंध का सामना करना पड़ेगा।

एक संघीय कानून के तहत लोकप्रिय शॉर्ट-फॉर्म वीडियो एप को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को दूर करने के लिए अपने मालिकाना हक में बदलाव करना होगा। इसके लिए टिकटॉक को सितम्बर के मध्य तक नया अमेरिकी मालिक ढूंढना है। इससे पहले प्रतिबंध की समयसीमा जनवरी, फिर अप्रैल और बाद में जून में बढ़ाई गई थी। अब इसे एक बार और बढ़ाया गया है। ट्रम्प का कहना है कि टिकटॉक को खरीदने के लिए कई बड़े अमेरिकी खरीदार तैयार हैं, लेकिन यह सौदा अगले महीने तक पूरा नहीं हो पाएगा, क्योंकि इसमें चीन की मंजूरी भी जरूरी है। कांग्रेस पहले ही टिकटॉक पर प्रतिबंध की मंजूरी दे चुकी है, जब तक कि इसकी मूल कंपनी बाइटडांस अपनी नियंत्रक हिस्सेदारी नहीं बेच देती।



# पिता के खिलाफ जाकर एक्ट्रेस बनी थी वाणी कपूर

**मुंबई।** दिल्ली में पली-बढ़ी वाणी कपूर आज बॉलीवुड की एक मशहूर एक्ट्रेस हैं। फिल्मों में आने से पहले उन्होंने होटल में काम किया था। उनके परिवार का फिल्म इंडस्ट्री से कोई संबंध नहीं था और उनके पिता फिल्मों में आने के खिलाफ थे। हालांकि, उनकी मां ने सपोर्ट किया और फिर वह मुंबई आ गईं। वाणी ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की और इसके बाद सीधे यशराज फिल्म्स की फिल्म साइन कर ली। उन्हें पहली ही फिल्म से पहचान तो मिली, लेकिन 2016 में रिलीज हुई बेफिक्रे में रणवीर सिंह के साथ उनके 23 किसिंग सीन ने उन्हें चर्चा में ला दिया। वाणी ने इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) से टूरिज्म में ग्रेजुएशन करने के बाद जयपुर के ओबेराय होटल में इंटर्नशिप की। इसके बाद वह ITC के होटल में काम करने लगीं और यही से उन्होंने फिल्मों में काम करने का मन बना लिया। दरअसल, होटल में एक बार किसी फिल्म की शूटिंग हो रही थी, जिसे देखकर वाणी को फिल्मी दुनिया काफी अच्छी लगी और उन्होंने अपना आगे का करियर उसी में बनाने के बारे में सोच लिया। जब एक्ट्रेस ने अपने इस फैसले के बारे में परिवार को बताया तो वो काफी गुस्सा हो गए थे। वे बिल्कुल नहीं चाहते थे कि वाणी माडलिंग करें या फिल्मों में आएं। वाणी के पिता का हमेशा से यही मानना था कि लड़कियों की जल्दी शादी कर देनी चाहिए। उनकी बड़ी बहन की तो 18 साल की उम्र में ही शादी कर दी गई थी, लेकिन वाणी ने पूरा मन बना लिया था कि वह अपना करियर फिल्मों में ही बनाएंगी। ऐसे में उन्होंने पिता के खिलाफ जाकर माडलिंग की शुरुआत की और नौकरी भी छोड़ दी। इस फैसले में भले ही उनके पिता ने समर्थन नहीं दिया, लेकिन उनकी मां ने उनका पूरा साथ दिया। वाणी ने अपना मॉडलिंग करियर एलीट माडल मैनेजमेंट से शुरू किया था। इस दौरान उन्होंने कई जानी-मानी हस्तियों के साथ रैंप वाक किया। इसके साथ ही वाणी लगातार फिल्मों में काम पाने की कोशिश करती रहीं, लेकिन सफलता नहीं मिल पा रही थी। 2009 में वाणी ने टीवी पर डेब्यू किया। वह सोनी टेलीविजन की सीरीज स्पेशल 10 में बतौर लीड एक्ट्रेस नजर आईं। हालांकि, साल 2013 में फिल्म शुद्ध देसी रोमांस से वाणी ने बॉलीवुड में डेब्यू किया। यह फिल्म यशराज बैनर के तहत बनी थी। फिल्म में वाणी की एक्टिंग की काफी तारीफ हुई और इसी किरदार के लिए उन्हें फिल्मफेयर अवार्ड फार बेस्ट फीमेल डेब्यू से नवाजा गया।

# फराह खान का नाम सुनकर नर्वस हो गई थीं हरनाज संधु



**मुंबई।** मिस यूनिवर्स हरनाज़ संधू का कहना है कि जब उन्हें बताया गया कि फराह खान उनका गाना कोरियोग्राफ करेंगी, तो वह शॉक और नर्वस हो गई थी। मिस यूनिवर्स हरनाज़ संधू फिल्म बागी 4 से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। फिल्म बागी का दूसरा गाना बहली सोनी रिलीज़ हो चुका है। इस गाने को बादशाह ने गाया है और कोरियोग्राफ फराह खान ने किया है। हरनाज़ का लुक भी इस गाने में जबरदस्त चर्चा बटोर रहा है। हरनाज़ ने कहा, जब मुझे बताया गया कि फराह खान मैम मेरा गाना कोरियोग्राफ करेंगी, तो मैं शॉक और नर्वस दोनों हो गई थी। वह एक संस्था हैं, जिनसे इंडस्ट्री के आइकॉनिक पल जुड़े हैं, लेकिन जैसे ही रिहर्सल शुरू हुई, मेरी टेंशन गायब हो गई। फराह मैम का स्टाइल ही अलग है,वो स्ट्रिक्ट भी हैं और इंस्पायरिग भी। वो आपको आपके बेस्ट तक ले जाती हैं बिना दबाव महसूस कराए। हरनाज ने कहा कि यह सिर्फ डांस स्टेप्स की बात नहीं थी, उन्होंने मुझे कॉन्फिडेंट बनाया और फ्रेम को अपना बनाने का हौसला दिया। ए पूरा एक्सपीरियंस, साजिद नाडियाडवाला सर के विज़न और हर्षा सर की गाइडेंस के साथ, मेरी लाइफ का खज़ाना रहेगा। साजिद नाडियाडवाला की नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही फिल्म बागी 4 का निर्देशन ए-हर्षा ने किया है। इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ, हरनाज़ संधू और संजय दत्त नज़र आएंगे। यह फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# फिल्म धड़क 2 को लेकर गर्व महसूस करते हैं करण

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर फिल्म धड़क 2 को लेकर गर्व महसूस करते हैं। करण जौहर निर्मित फिल्म धड़क 2 इस साल प्रदर्शित हुई है। धड़क 2 में सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की अहम भूमिका है। करण जौहर फिल्म धड़क 2 को लेकर गर्व महसूस करते हैं। करण जौहर इंस्टाग्राम पर अपनी पोस्ट में लिखा, मुझे फिल्म धड़क 2 पर बहुत गर्व है। राइटर, डायरेक्टर शाजिया इकबाल पर गर्व है। जिन्होंने एक पावरफुल फिल्म का रीमेक बनाने जैसा बहादुरी भरा काम किया। मैं धर्मा मूवीज, उमेश जी का भी थैंकफुल हूं। फिल्म की स्टार कास्ट, क्रू का भी मैं बहुत ग्रेटफुल हूं। सिद्धांत चतुर्वेदी, तृप्ति डिमरी ने बहुत ही मुश्किल किरदार निभाए। यह पूरी स्टार मेरे दिल के बहुत करीब है। उन्होंने फिल्म धड़क 2 से जुड़े हर शख्स को अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में धन्यवाद किया है। करण जौहर ने लिखा, 'जब मैं 2003 में फिल्म कल हो ना हो के साथ प्रोड्यूसर बना, तो मेरा एजेंडा साफ था कंपनी बनाओ और पैसा कमाओ। जिससे हम इन हाउस एंटरटेनर्स और मेनस्ट्रीम ऑडियंस के हिसाब से कहानियों को फंड कर सकें। एक फिल्म प्रोड्यूसर के तौर पर मैं क्लीयर था कि हमेशा लोगों को खुश करना है। इससे ही बॉक्स ऑफिस की सफलता मिलेगी। मेरी प्राथमिकता हमेशा से बॉक्स ऑफिस था। अब मैं इस बिजनेस में तीन दशक से हूं, ऐसे में मेरी सोच भी बदली है। मेरा मानना है कि एंटरटेनमेंट जरूरी है लेकिन अपने छोटे-छोटे तरीकों से सोशल चेंज लाने की कोशिश भी जरूरी है। जिससे दर्शकों की सामूहिक चेतना जागे।

# सुष्मिता ने शीना की दमदार शुरुआत की तारीफ की


**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन ने संत तुकाराम में शीना चौहान की दमदार शुरुआत की तारीफ़ की है। सुष्मिता सेन, जिन्होंने अपने करियर के शुरुआती दिनों में शीना चौहान को मेंटर किया था, ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर उनकी पहली हिन्दी फिल्म संत तुकाराम के लिए उनकी तारीफ़ की। एक भावुक पोस्ट में, सुष्मिता ने शीना के काम की सराहना की और लिखा, शीना एक शानदार अदाकारा और एक असाधारण इंसान हैं, मुझे आप पर बहुत गर्व है। सुष्मिता सेन ने लिखा, आपकी हमेशा कृतज्ञता और शालीनता दिखाने की क्षमता मुझे आपकी मेंटर होने का सौभाग्य पाकर बहुत गर्वित करती है। हमेशा अपने सफ़र को मेरे साथ साझा करने के लिए धन्यवाद, मैंने भले ही कोई प्रतिक्रिया न दी हो, लेकिन मैंने यह सब बड़े गर्व और खुशी के साथ देखा है। मुझे पता है कि आप लगातार आगे बढ़ती रहेंगी। हर सफलता ईमानदारी से अर्जित और पूरी तरह से हक़दार है। ट्रेलर बहुत पसंद आया, आपको और देखना चाहती थी। मैंने अपना गर्व साझा किया है। मैं आपसे प्यार करती हूं। इस संदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए, शीना ने कहा कि मुझे याद है जब मैं पहली बार मुंबई आई थी और सुष्मिता सेन से मिली थी। एक सौंदर्य प्रतियोगिता में भाग लेते हुए मैंने उनसे प्रशिक्षण लिया और एक महीने से ज़डादा समय तक उनके साथ रही।

# यूजर की सर्जरी की सलाह पर मौनी राय का करारा जवाब



**मुंबई।** एक्ट्रेस मौनी राय को अक्सर अपने लुक्स को लेकर सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाता है। लेकिन शुक्रवार को उन्होंने अपनी शक्ल-सूरत पर किए गए एक कमेंट का यूजर को करारा जवाब दिया और कहा कि जिंदगी में नफरत की जगह प्यार बांटे। दरअसल, मौनी राय ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिसे कुछ लोगों ने पसंद किया तो कुछ ने एक्ट्रेस को फिर से ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, सच कड़वा होता है। चाहे आप कोई भी हों, उसे निगलना ही पड़ता है। आपकी सर्जरी ने आपको बहुत खराब स्थिति में ला दिया है। आप एक पब्लिक फिगर हैं, इसलिए जो भी अच्छा-बुरा इसके साथ आता है, उसे स्वीकार करना ही पड़ेगा। आपको कोई बेहतर सर्जन चुनना चाहिए था। मौनी ने भी उस यूजर्स के कमेंट का करारा जवाब देते हुए लिखा, अपनी जिंदगी में कुछ अच्छा और काम का कीजिए। सोशल मीडिया पर प्यार बांटने और अपने काम की बात करने के लिए आइए। वरना इसका कोई फायदा नहीं है। जिसे समझना है, वो खुद समझ जाएगा। वहीं, एक्ट्रेस के जवाब के बाद यूजर ने अपना कमेंट डिलीट कर दिया। हालांकि, तब तक उस कमेंट और मौनी के जवाब का एक स्क्रीनशाट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिस पर रिएक्ट करते हुए फैंस मौनी की तारीफ कर रहे हैं। मौनी राय हाल ही में जियो हाटस्टार के शो सलाकार में नजर आई हैं। इसमें उन्होंने पाकिस्तान में काम करने वाली एक भारतीय जासूस का किरदार निभाया है।

# सान्या मल्होत्रा का मेंस राइट्स ग्रुप को करारा जवाब



**मुंबई।** एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा हाल में फिल्म मिसेज में नजर आई थीं। इस फिल्म में एक घरेलू महिला की कहानी दिखाई गई थी, जो अपने अधिकारों के लिए लड़ती है। मिसेज के रिलीज के बाद इसे लेकर लोग दो ग्रुप में बंटे दिखे थे।

जहां महिलाएं इस फिल्म को पसंद कर रही थीं, वहां कई पुरुष संगठनों ने इसकी आलोचना की थी। मेंस राइट्स आर्गेनाइजेशन सेव इंडियन फैमिली फाउंडेशन ने फिल्म पर एक तरफा फेमिनिन नैरेटिव दिखाने का आरोप लगाता हुए, इसे टाक्सिक बताया था। हाल ही में सान्या ने इस मुद्दे पर अपनी राय रखी है। सीएनएन-न्यूज 18 शी शक्ति 2025 के एक सेशन के दौरान सान्या ने कहा कि लोग फिल्म की आलोचना करते रहे, क्योंकि इसमें कुछ घरों में महिलाओं की स्थिति की वास्तविकता को दिखाया गया है, जहां उन्हें काम करने की भी अनुमति नहीं है। सान्या की फिल्म मिसेज मलयालम फिल्म द ग्रेट इंडियन किचेन की रीमेक थी। सान्या ने कहा, समस्या यह नहीं है कि खाना नहीं बनना चाहती है। वो खाना बना रही थी। वो तो थाली में सजा के भी दे रही है, परिवार के जीरो एप्रिसिएशन के बावजूद।

## काजोल की वेबसीरीज द ट्रायल: प्यार, कानून, धोखा सीज़न 2 का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल की आने वाली वेब सीरीज़ द ट्रायल: प्यार, क़ानून, धोखा सीजन 2 का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है।

शो में नोयोनिका सेनगुप्ता के रूप में काजोल की वापसी पहले से भी ज्यादा दमदार, गहन और भावनाओं से भरी नज़र आ रही है। उमेश बिष्ट के निर्देशन और बनिजय एशिया के निर्माण में बना यह शो 19 सितम्बर 2025 से जियोहॉटस्टार पर विशेष तौर पर स्ट्रीम होगा। काजोल के साथ इस सीरीज़ में कलाकारों की एक मज़बूत टीम भी नज़र आने वाली है जिसमें जिशु सेन गुप्ता, सोनाली कुलकर्णी, शीबा चड्ढा, अली खान, कुब्रा सैत, गौरव पांडे और करणवीर शर्मा शामिल हैं। काजोल ने अपने किरदार नोयोनिका सेनगुप्ता की वापसी को लेकर कहा, ट्रेलर तो उस भावनात्मक तूफ़ान की बस एक झलक है, जिसमें नोयोनिका उतरने वाली है।

## उफ, ये लव है मुश्किल के आने वाले एपिसोड्स बेहद रोचक होंगे : आशी सिंह

**मुंबई।** अभिनेती आशी सिंह का कहना है कि सोनी सब के शो उफ यह लव है मुश्किल के आने वाले एपिसोड्स बेहद रोचक होंगे। सोनी सब का लोकप्रिय शो उफ ये लव है मुश्किल अपने उतार-चढ़ाव भरे जज्बाती सफ़र, ड्रामा और युग (शब्बीर आहलूवालिया) एवं कैरी के पेचीदा रिश्ते से लगातार दर्शकों का दिल जीत रहा है। हाल के एपिसोड्स में दर्शकों ने देखा कि कैरी ने भाइयों का झगड़ा सुलझाया, जिसके बाद सभी ने हर साल की तरह युग के साथ राखी का त्योहार मनाया। आने वाले एपिसोड्स में दर्शक देखेंगे कि युग और कैरी, आन्या की मां शालिनी को शौर्य और आन्या की शादी के लिए राज़ी करने की कोशिश करते हैं।

बिकाऊ है।
एक औद्योगिक भूखण्ड क्षेत्र 50850 वर्ग मीटर मय बाऊड्री औद्योगिक क्षेत्र ग्राम गगनोली तहसील लक्सर जिला हरिद्वार।
शीघ्र सम्पर्क करें-
9837333111, 9917200010

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

ROOP RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108